राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 316
लखनऊ, शनिवार 18 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



तीन दिन बाद घर लौटी विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान 10

खाद्य प्रसंस्करण में निवेश से बढ़ेगी किसानों की आय : केशव 03

**-: सर्राफा बाजार :-**

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 1,42,680/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = 1,30,800/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 1,07,050/10 ग्राम |
| चांदी | = 2,30,000/किग्रा |



# जींद से जुड़ेगा भारत के रेलवे इतिहास का नया अध्याय : मोदी

- प्रधानमंत्री ने देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को दिखाई हरी झंडी
- भारत उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो गया है, जहां हाइड्रोजन ईंधन से संचालित ट्रेनें चल रहीं



**एजेंसी, जींद।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि जींद, सोनीपत और हरियाणा का नाम अब भारतीय रेलवे के इतिहास में उसी तरह दर्ज होगा, जैसे पहली रेलगाड़ी के कारण मुंबई और ठाणे का नाम दर्ज है। उन्होंने कहा कि भारत की यह हाइड्रोजन ट्रेन दुनिया की सबसे शक्तिशाली और सबसे लंबी हाइड्रोजन चालित यात्री ट्रेनों में से एक है तथा यह 'मेक इन इंडिया' अभियान का सफल उदाहरण है।

जींद के एकलव्य स्टेडियम में करीब 14,700 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 19वीं सदी की पहचान भाप इंजन, 20वीं सदी की पहचान डीजल और बिजली से चलने वाली रेल रही, जबकि 21वीं सदी की पहचान हाइड्रोजन ट्रेन बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दुनिया के केवल तीन-चार देशों के पास हाइड्रोजन ट्रेन चलाने की क्षमता है और भारत अब इस चुनिंदा समूह में शामिल हो गया है।

उन्होंने कहा कि जींद से चलने वाली 10 कोच की यह ट्रेन 3,200 हॉर्स पावर के प्रोपल्शन सिस्टम से लैस है और दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनों में शामिल है। हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक पर आधारित यह ट्रेन हाइड्रोजन को बिजली में परिवर्तित कर चलती है तथा इसके संचालन के दौरान केवल जलवाष्प निकलती है, जिससे कार्बन उत्सर्जन नहीं होता।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने लगभग 14,700 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया। इनमें 12,470 करोड़ रुपये से अधिक की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड, अंबाला-काला अंब चार लेन राजमार्ग तथा जींद-गोहाना ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग को राष्ट्र को समर्पित किया और हांसी-बरवाला ब्राउनफील्ड राजमार्ग परियोजना की आधारशिला रखी। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने कुरुक्षेत्र में एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का उद्घाटन किया, भिवानी स्थित पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय मेडिकल कॉलेज, नारनौल के महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज एवं राव तुलाराम अस्पताल का लोकार्पण किया तथा कुरुक्षेत्र में सिख संग्रहालय की आधारशिला भी रखी।

प्रधानमंत्री ने अपने हालिया इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दौरे का उल्लेख करते हुए कहा कि इन देशों के साथ खेल उद्योग, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और खेल अवसंरचना के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय खेल नीति और 'खेलो इंडिया' अभियान के माध्यम से देश में खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### तेल संकट के बावजूद नहीं रुकी देश की विकास यात्रा

पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय रेलवे में पिछले 12 वर्षों में हुए परिवर्तन का सबसे बड़ा लाभ देश को ऊर्जा सुरक्षा के रूप में मिला है। पश्चिम एशिया, विशेषकर होर्मुज जलडमरूमध्य, ईरान और खाड़ी क्षेत्र में जारी संघर्ष के बावजूद भारत की रेल सेवाएं प्रभावित नहीं हुई हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 से पहले रेलवे का बड़ा हिस्सा डीजल पर निर्भर था, लेकिन पिछले 12 वर्षों में देश के लगभग 99 प्रतिशत रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण किया जा चुका है, जबकि हरियाणा में रेल नेटवर्क का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। इसी कारण तेल संकट के बावजूद देश की विकास यात्रा नहीं रुकी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाइड्रोजन ट्रेन न केवल पर्यावरण अनुकूल है, बल्कि 'मेक इन इंडिया' की सफलता का भी प्रतीक है। भविष्य में हाइड्रोजन ट्रेनों से जुड़ा बुनियादी ढांचा विकसित किया जाएगा और नई फैक्ट्रियां स्थापित होंगी, जिससे हरियाणा के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि जींद और हरियाणा ने विकास की नई गति पकड़ी है और आज का दिन राज्य के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा। उन्होंने लोगों से स्वच्छता को जीवन का संस्कार बनाने का भी आह्वान किया।

### मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना पर जापान के पूर्व मंत्री के आरोपों को भारत ने किया खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में देरी के जापान के एक पूर्व मंत्री के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे उनकी व्यक्तिगत राय बताया है और जोर देकर कहा है कि इस परियोजना पर बातचीत सही तरीके से चल रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड ट्रेन परियोजना पर भारत-जापान के बीच बातचीत सही तरीके से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जापान के मंत्री की टिप्पणी उनके व्यक्तिगत विचार हैं और यह तथ्यों से अलग है। प्रवक्ता ने कहा कि जापान की ओर से ई-20 ट्रेन की आपूर्ति वर्ष 2030 के आरंभ में होगी। इस ट्रेन को अभी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पहले खंड पर 2027 में संचालन शुरू हो जायेगा। दोनों पक्ष भारतीय हाई स्पीड ट्रेनों के साथ संचालन करने के लिए सहमत हुए हैं और इसके अनुरूप ही सिग्नल उपकरण आर्डर किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन उपकरणों के बारे में जापान की ओर से कोई प्रस्ताव नहीं मिला था। इस परियोजना पर काम जल्द से जल्द शुरू करने के साझा लक्ष्य से काम किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मकड़ियों की दो नई प्रजातियों की खोज भारत की जैव विविधता को मिली नई पहचान



**कोलकाता।** भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई) के वैज्ञानिकों ने मेघालय की भूमिगत गुफाओं और आंध्र प्रदेश के घने वनों की ऊपरी छतरी (कैनोपी) से मकड़ियों की दो नई प्रजातियों की खोज कर भारत की जैव विविधता के अध्ययन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इन दोनों खोजों पर आधारित शोध अंतरराष्ट्रीय स्तर की समीक्षित वैज्ञानिक पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि इन नई प्रजातियों की पहचान से देश की अब तक कम ज्ञात सूक्ष्म जैव विविधता और विशिष्ट पारिस्थितिक तंत्रों को समझने में नई मदद मिलेगी।

### नरवर किले से 400 साल पुरानी तोप चोरी



**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिला स्थित भगवान श्रीराम के पुत्र कुश की राजधानी और राजा नल-दमयंती की ऐतिहासिक स्थली नरवर किले से लगभग 400 साल पुरानी तोप चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं, राज्य पुरातत्व विभाग ने किले का दौरा करने की बात कही है। करैरा के सब-डिविजनल पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) प्रशांत शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि घटना बुधवार/गुरुवार की दरमियानी रात की है। करीब 25 से 30 हथियारबंद बदमाश किले के पिछले रास्ते से लोडिंग वाहन लेकर घुसे और पहरा दे रहे सुरक्षाकर्मियों को खदेड़कर 16वीं शताब्दी की ऐतिहासिक तोप लूट ले गए। उन्होंने बताया कि 10वीं सदी में कछवाहा राजपूतों द्वारा पुनर्निर्मित माने जाने वाले इस किले में मूल रूप से 14 ऐतिहासिक तोपें थीं, जिनमें से 13 अभी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है, जिसमें अंतर-राज्यीय या अंतरराष्ट्रीय तस्करी गिरोह की संलिप्तता भी शामिल है।

### पुरी रथयात्रा में आरएसएस स्वयंसेवकों ने संभाली सेवा और आपात सहायता की जिम्मेदारी

**भुवनेश्वर।** भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवकों ने सेवा और समर्पण की परंपरा निभाते हुए भीड़ प्रबंधन, आपातकालीन सहायता और चिकित्सा सेवाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बीच स्वयंसेवकों ने एंबुलेंस आवागमन सुचारु रखने से लेकर बीमार और घायल श्रद्धालुओं को अस्पताल पहुंचाने तक विभिन्न जिम्मेदारियां निभाईं। रथयात्रा के दौरान भीड़भाड़ वाले मार्गों पर मानव श्रृंखला बनाकर एंबुलेंस के सुचारू आवागमन को सुनिश्चित किया गया। इस पहल के माध्यम से अस्वस्थ हुए श्रद्धालुओं को त्वरित रूप से अस्पताल पहुंचाने में बड़ी मदद मिली। स्वयंसेवकों के अनुशासित और समन्वित प्रयासों की व्यापक सराहना की जा रही है। उत्कल विपन्न सहायता समिति के सहयोग से आरएसएस द्वारा इस वर्ष भी नौ प्रकार की सेवा गतिविधियों का संचालन किया गया।

# शामली-कैराना की डेमोग्राफी बदल रहे थे जिन्ना के उपासक : योगी

- सीएम ने शामली, थानाभवन व कैराना विधानसभा क्षेत्रों की 581 करोड़ की 89 परियोजनाओं का किया लोकार्पण, शिलान्यास



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी व कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जिन्ना के उपासक लोग डेमोग्राफी बदल रहे थे और इसीलिए कैराना व कांधला से पलायन हो रहा था।

उन्होंने स्थानीय नागरिकों को चेताया कि जिन्ना के अनुयायियों को जब भी मौका मिलेगा, वे आपको क्षेत्र व जाति के नाम पर बांटेंगे। विकास कार्यों में लूट-खसोट करेंगे। बेटी-व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाएंगे। इनसे लगातार सतर्क रहना है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को कैराना, शामली व थानाभवन विधानसभा क्षेत्र की 581 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 89 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने लोकार्पण व शिलान्यास की गई योजनाओं का विवरण देते हुए गत 10 वर्ष में शामली, थानाभवन व कैराना में आए सकारात्मक बदलाव की भी चर्चा की। सीएम योगी ने कहा कि 5000 वर्ष पूर्व कुरुक्षेत्र के धर्मयुद्ध में जाने से पहले लीलाधारी प्रभु श्रीकृष्ण ने हनुमान टीले में आकर विश्राम किया था और यहां के पवित्र जल को ग्रहण किया था। शामली व कैराना ने 1857 के प्रथम स्वातंर्त्य समर में ब्रिटिश हुकूमत की चूलों को हिला दिया था। कैराना घराने से पं. भीमसेन जोशी ने शास्त्रीय संगीत की परंपरा को नई ऊंचाई दी। 10 साल पहले लोग पूछते थे कि आतंक-भय का प्रतीक शामली जनपद कहां है। शामली, कैराना-कांधला से पलायन होता था, यहां गुंडागर्दी होती थी। कोई सुरक्षित नहीं था। शरारत के तहत डेमोग्राफी को बदलने की साजिश हो रही थी। अब यहां के गन्ने की मिठास प्रसिद्ध है।

पीएम मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार शामली की गति को प्रगति में बदल रही है। शामली अब दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे, शामली-अंबाला एक्सप्रेसवे और गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे का संगम बन चुका है। यहां की युवा पीढ़ी की ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक दिशा में किया गया तो आने वाले समय में इंफ्रास्ट्रक्चर व सुरक्षा का यह बेहतर माहौल शामली को एनसीआर के सबसे धनी व समृद्ध जनपदों में खड़ा कर देगा। शामली वाले 10 साल पहले बिजली के लिए तरसते थे, लेकिन आज शामली 400 केवीए विद्युत स्टेशन के माध्यम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बिजली आपूर्ति का माध्यम बना है।

### कांवड़ियों से सीएम योगी की अपील, अनुशासन बनाए रखें, छोटी बातों पर हुड़दंग से बचें

सीएम योगी ने शुक्रवार को शामली में आयोजित जनसभा के दौरान कांवड़ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं से अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान छोटी-छोटी बातों को लेकर किसी भी तरह का विवाद या हुड़दंग नहीं होना चाहिए, क्योंकि ऐसी घटनाओं का विरोधी तत्व गलत फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कांवड़ संघों और श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम की मर्यादा, भगवान श्रीकृष्ण की लीला और भगवान शिव की समरसता से प्रेरणा लेकर यात्रा पूरी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि धैर्य और अनुशासन ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। सीएम योगी ने कहा कि यदि कहीं अनुशासनहीनता या हंगामा होता है तो उसके दृश्य विरोधी सुरक्षित रखेंगे और भविष्य में कांवड़ यात्रा को प्रभावित करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और उनकी आस्था के सम्मान के लिए हरसंभव व्यवस्था कर रही है। उन्होंने इसे डबल इंजन सरकार की आस्था के प्रति प्रतिबद्धता बताया। मुख्यमंत्री का यह बयान हाल ही में मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा के दौरान हुए हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आया है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का बड़ा आरोप वर्ष 2020 के चुनाव में चीन ने किया हस्तक्षेप

**एजेंसी, वाशिंगटन।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन पर वर्ष 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी मतदान प्रणाली में बेहद चौंकाने वाली कमियां होने का भी दावा किया है।

श्री ट्रम्प ने व्हाइट हाउस से गुरुवार को राष्ट्र को अपने संबोधन में मतदाता धोखाधड़ी और विदेशी दखलअंदाजी के कई दावे किए, हालांकि इनके पक्ष में कोई पुख्ता सबूत पेश नहीं किए गए। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020 के इस चुनाव में उन्हें जो बाइडेन से हार का सामना करना पड़ा था।

संसद के मध्यावधि चुनाव से ठीक तीन महीने पहले दिए गए इस आधे घंटे के भाषण में उन्होंने कहा कि उन्होंने सैकड़ों ऐसी गोपनीय खुफिया फाइलों को सार्वजनिक कर दिया है, जो उनके इन दावों का समर्थन करती हैं कि चीन ने चुनाव का रुख बाइडेन के पक्ष में मोड़ने का प्रयास किया था। हालांकि, अमेरिकी खुफिया समुदाय पहले ही यह निष्कर्ष निकाल चुका है कि चीन ने वर्ष 2020 के चुनाव में कोई हस्तक्षेप नहीं किया था।

श्री ट्रम्प के इस भाषण के जवाब में चीन के विदेश मंत्रालय ने राष्ट्रपति चुनाव में चीनी दखल के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इन्हें पूरी तरह से मनगढ़ंत बताया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि श्री ट्रम्प के दावे दुर्भावनापूर्ण और बेबुनियाद हैं, जो बहुत पहले ही निराधार साबित हो चुके हैं। राष्ट्रपति ने अपने इस संबोधन के दौरान पत्रकारों को कोई भी प्रश्न पूछने का अवसर नहीं दिया।

# सुप्रीम कोर्ट की स्पष्ट टिप्पणी, नागरिकता तय करना चुनाव आयोग का अधिकार नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति की नागरिकता तय करना भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) का अधिकार क्षेत्र नहीं है। पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि निर्वाचन आयोग की संवैधानिक भूमिका केवल मतदाता सूची के नियंत्रण, पर्यवेक्षण और अद्यतन तक सीमित है। इसलिए मतदाता सूची से किसी व्यक्ति का नाम हट जाने मात्र से उसकी भारतीय नागरिकता स्वतः समाप्त नहीं हो जाती।

मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यदि किसी अपीलीय ट्रिब्यूनल द्वारा किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल न करने का निर्णय लिया जाता है, तब भी निर्वाचन आयोग स्वयं उसकी नागरिकता पर फैसला नहीं कर सकता। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में नागरिकता से जुड़ा प्रश्न संबंधित मंत्रालय या सक्षम प्राधिकरण के समक्ष भेजा जाना चाहिए, क्योंकि नागरिकता निर्धारण का अधिकार चुनाव आयोग को संविधान या कानून के तहत प्राप्त नहीं है।

### नीट : तमिलनाडु के वेंकटपति वेलायुधम देश में चमके, 12वीं रैंकिंग

**एजेंसी, चेन्नई।** राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट) में तमिलनाडु के वेंकटपति वेलायुधम ने सफलता का परचम फहराया। वेलायुधम ने पुनर्परीक्षा के परिणाम में 99.99915 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर 12वां स्थान हासिल किया है। अखिल भारतीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वालों की सूची में श्रीनिका, सुदर, वनिशा सतीश सहित तमिलनाडु के 12 छात्र-छात्राओं ने स्थान बनाकर राज्य का नाम रोशन किया है। नीट ने स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रम प्रवेश पुनर्परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। प्रश्नपत्र लीक विवाद के बाद आयोजित पुनर्परीक्षा में तमिलनाडु के छात्रों ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है।

# बद्रीनाथ धाम चढ़ावा चोरी मामला : बीकेटीसी के सेवानिवृत्त अधिकारी राजेंद्र गिरफ्तार

- एसआईटी की जांच तेज

**एजेंसी, देहरादून।**



देहरादून उत्तराखंड के प्रसिद्ध बद्रीनाथ धाम में चढ़ावे की गिनती के दौरान कथित अनियमितताओं और चोरी के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) के सेवानिवृत्त टेंपल अधिकारी राजेंद्र सिंह चौहान को गिरफ्तार कर लिया है।

चौहान से शुक्रवार को करीब चार घंटे तक गहन पूछताछ की गई, जिसके बाद उन्हें हिरासत में लेकर औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। वह 30 जून 2026 को ही अपने पद से सेवानिवृत्त हुए थे। इस हाई-प्रोफाइल मामले में यह दूसरी गिरफ्तारी है। इससे पहले मंदिर समिति के निजी सहायक (पीए) प्रमोद नौटियाल को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि कोषाध्यक्ष संदीप मेहता को उनके पद से हटाया गया था। बद्रीनाथ धाम में चढ़ावे की गिनती के दौरान कथित गड़बड़ियों का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो और आरोपों के बाद सामने आया था। आरोप लगाया गया कि दान की गिनती और रिकॉर्डिंग की प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं हुईं। इसके बाद भैरव सेना नामक संगठन ने प्रशासन से शिकायत करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। शिकायत के बाद उत्तराखंड सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए और तीन सदस्यीय समिति का गठन किया। जांच समिति ने अपनी 18 पन्नों की प्रारंभिक रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपते हुए मंदिर की दान गिनती व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सिफारिशें की हैं।

### कांग्रेस का भी वांगचुग को समर्थन



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के आमरण अनशन को विपक्षी दलों के समर्थन के बीच कांग्रेस की ओर से संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शुक्रवार को यहां उनसे मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनकी मांगों के प्रति समर्थन जताया। श्री खेड़ा ने जंतर मंतर पहुंचकर श्री वांगचुक से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनसे विचार विमर्श किया। श्री वांगचुक पिछले 20 दिनों से विभिन्न परीक्षाओं के पेपर लीक होने और परीक्षाओं में गडबड़ियों को लेकर शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान के इस्तीफे और पूरी शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग करते हुए अनशन पर बैठे हैं।

# बढ़ने वाला है हाउस टैक्स, होगी जेब ढीली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




नगर पालिका हाउस टैक्स बढ़ाने की तैयारी में लग गया है। लाखों लोगों पर हाउस टैक्स का अधिक बोझ पड़ सकता है। कई नगर निगमों में 15 साल से गृहकर की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया इसलिए अब फैसला लिया गया है कि जहां लंबे समय से रेट नहीं बढ़े थे वहां पर बदलाव किया जाए।

उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड ने उन नगर निगमों को टैक्स दरें फिर से तय करने के निर्देश दिए हैं, जहां लंबे समय से बदलाव नहीं हुआ है। बोर्ड का मानना है कि नगर निकायों की आय बढ़ाने और वित्तीय स्थिति मजबूत करने के लिए कर ढांचे का पुनरीक्षण जरूरी हो गया है इसलिए 14 जुलाई को प्रदेश के सभी नगर निगमों के अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई। इस दौरान निर्धारण सूची में संशोधन और नई दरें लागू करने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सामने आया कि कई शहरों में पिछले 15 वर्षों से हाउस टैक्स की दरें ज्यों की त्यों हैं।

लखनऊ में साल 2010 के बाद हाउस टैक्स की दरों में कोई संशोधन नहीं हुआ। 2016 और 2023 में दरें बढ़ाने की कोशिश की गई थी, लेकिन पार्षदों और जनप्रतिनिधियों के विरोध के चलते प्रस्ताव लागू नहीं हो सका। बोर्ड के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डीएम कटियार ने बताया कि मौजूदा परिस्थितियों में नगर निगमों के खर्च लगातार बढ़ रहे हैं जबकि राजस्व वृद्धि अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच रही है। कर निर्धारण सूची का पुनरीक्षण आवश्यक है।

बैठक में रेट रिवाइज करने के लिए कहा गया है।वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड का कहना है कि नगर निगमों को आत्मनिर्भर बनाने और विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने की दिशा में यह कदम जरूरी है। गृहकर दरों में संभावित बढ़ोतरी से आम नागरिकों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है।

**तैयारी** | आरबीआई ने पॉलीमर बैंकनोट के लिए बढ़ाए कदम


# भारत में जल्द शुरू हो सकते हैं 10 व 20 रुपये के प्लास्टिक नोट

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) देश की मुद्रा व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और टिकाऊ बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर रहा है। जानकारी के अनुसार, केंद्रीय बैंक जल्द ही पॉलीमर (प्लास्टिक) बैंक नोटों का पायलट प्रोजेक्ट शुरू कर सकता है।

यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो आने वाले वर्षों में देशभर में चरणबद्ध तरीके से प्लास्टिक नोटों का प्रचलन बढ़ाया जाएगा। इसके लिए नोट निर्माण में इस्तेमाल होने वाली पॉलीमर सब्सट्रेट शीट की आपूर्ति हेतु वैश्विक स्तर पर अभिरुचि आमंत्रण (ईओआई) भी जारी किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, पायलट प्रोजेक्ट के तहत सबसे पहले 10 रुपये और 20 रुपये के पॉलीमर नोट जारी किए जा सकते हैं। शुरुआती परीक्षण के बाद अन्य मूल्यवर्ग के नोटों को भी इस नई तकनीक के तहत लाने पर विचार किया जाएगा। यदि सभी चरण सफल रहते हैं, तो बड़े पैमाने पर पॉलीमर नोटों का विस्तार अगले कुछ वर्षों में किया जा सकता है।

विशेषज्ञों के अनुसार, पॉलीमर बैंक नोट पारंपरिक कागजी नोटों की तुलना में अधिक टिकाऊ होते हैं। ये जल्दी फटते नहीं हैं, पानी और नमी से कम प्रभावित होते हैं तथा लंबे समय तक उपयोग में रह सकते हैं। इसके अलावा इनमें आधुनिक सुरक्षा फीचर्स शामिल किए जा सकते हैं,



जिससे नकली नोटों की पहचान आसान होगी और जालसाजी पर प्रभावी नियंत्रण लगाने में मदद मिलेगी। प्लास्टिक नोटों को लेकर लोगों के मन में यह सवाल भी है कि क्या मौजूदा कागजी नोट बंद कर दिए जाएंगे। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, ऐसा नहीं होगा। वर्तमान में प्रचलन में मौजूद सभी कागजी बैंक नोट पूरी तरह वैध बने रहेंगे और उनका उपयोग पहले की तरह जारी रहेगा। पॉलीमर नोटों को केवल अतिरिक्त विकल्प के रूप में धीरे-धीरे मुद्रा प्रणाली में शामिल किया जाएगा।

इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की नोट मुद्रण इकाई ने पॉलीमर सब्सट्रेट शीट की आपूर्ति के लिए वैश्विक अभिरुचि आमंत्रण जारी किया है। इसके माध्यम से अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को पॉलीमर सामग्री उपलब्ध कराने के लिए आमंत्रित किया गया है। इच्छुक कंपनियों के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 अगस्त निर्धारित की गई है। हालांकि, इस पूरे प्रोजेक्ट की समय-सीमा और रोलआउट को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से विस्तृत आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

# गोंडा जिला अस्पताल की हकीकत : बाहर तालाब, अंदर पीकदान... प्यासे मरीज ढूंढते रह जाते हैं पानी

- प्यास से बेहाल मरीज, गंदगी और जलभराव की समस्या बरकरार



गोंडा, समृद्धि न्यूज।

जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल की हालत किसी से छिपी नहीं है। बरसात आते ही जिला अस्पताल का परिसर तालाब में तब्दील हो जाता है। अंदर का नजारा और भी बदतर है - जगह-जगह पीकदान, गंदगी और कबाड़ का ढेर।

मरीज और तीमारदारों का आरोप है कि अस्पताल की इस दुर्दशा के लिए प्रशासन के साथ-साथ हम लोग भी जिम्मेदार हैं। लेकिन मूलभूत सुविधाओं की कमी सीधे-सीधे अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही दिखाती है। अस्पताल में मरीजों के लिए लगे वाटर कूलर सिर्फ शोपीस बनकर रह गए हैं। उनसे पानी की एक बूंद नहीं टपकती। तीमारदारों का कहना है कि अगर प्यास लगे तो पूरे अस्पताल में भटक लीजिए, पीने का पानी नहीं मिलेगा। मजबूरन लोगों को बाहर से महंगा पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। गंदगी, जलभराव और पीने के पानी की किल्लत के बीच इलाज कराने आए मरीजों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।सोशल मीडिया पर भी लोग अस्पताल की बदहाली को लेकर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि सीएमएस गोंडा और स्वास्थ्य विभाग कब संज्ञान लेंगे?

# इन्कैन चौकी के सामने डग्गा मारी बनी नगर पुलिस की लाचारी

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

बृहस्पतिवार का दिन समय सुबह 6:00 बजे और बेधड़क डग्गा मारी बात ऐसी नहीं है कि वहां सुरक्षाकर्मी हों और यह डग्गा मारी हो रही हो कहीं किसी तरफ कोई चौकी का या नगर कोतवाली की पुलिस दिखाई नहीं देते हैं और अवैध वाहन बेधड़क दौड़ते रहते हैं ऐसा नहीं है कि सिर्फ इन अवैध वाहनों में फोर व्हीलर ही हों बसें भी शामिल है गत माह जब समृद्धि न्यूज़ में डग्गा मारी की खबर छपी थी जिले के अधिकारी एवं मंडल के अधिकारी ने इस खबर का संज्ञान लिया और कुछ दिन वहां पुलिस की ड्यूटी लगाई गई कुछ गाड़ियां सीज भी हुई लेकिन अब फिर वही बात बात समझ में यह नहीं आ रही है पुलिस के संज्ञान में यह अवैध वाहन चलते हैं या बगैर जानकारी इस बात की पूरी पूरी जानकारी नहीं मिल पाई है लेकिन कहीं तो कुछ गड़बड़ है क्योंकि इन्कैन पुलिस चौकी के ठीक सामने का नजारा और वो भी बेरोक-टोक अवैध वाहनों का दौड़ना कुछ तो गड़बड़ी का संकेत दे ही रहा है।



# यूटा की झंझरी कार्यकारिणी का हुआ गठन, ब्लॉक अध्यक्ष बने अरुण

गोंडा/झंझरी, समृद्धि न्यूज।



शुक्रवार को यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा की झंझरी कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसके अंतर्गत जानकीनगर न्याय पंचायत के प्राथमिक विद्यालय देवरिया चूड़ामणि में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत अरुण मिश्र को सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष नामित किया गया, नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष श्री मिश्र ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा की उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता शिक्षकों के हित में कार्य करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करना है जल्द हीं ब्लॉक कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए आगे की रणनीति बनाई जाएगी, इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह ने कहा की श्री मिश्र पहले से हीं संगठन में जनपदीय मीडिया प्रभारी का दायित्व निर्वहन कर रहे हैं ऐसे में मुख्यालय स्थित ब्लॉक का अध्यक्ष बनने पर संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी, इस अवसर पर जिला संरक्षक हेमंत तिवारी, जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र, महामंत्री आत्रेय मिश्रा, कोषाध्यक्ष चंदन सिंह, विकास मौर्य, उपेंद्र बहादुर सिंह, रवि प्रकाश पाठक, रंजीत कुमार, सादिक अली, अशोक गुप्ता, राघवेंद्र प्रताप सिंह, दुर्गेश कुमार मिश्रा, रवि प्रताप मिश्रा एवं अन्य ब्लॉक के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

## खबरें एक नजर में

### ग्रामीणों ने लगाया आरोप, नल के रिबोर के नाम पर हुआ बड़ा खेल

गोंडा, समृद्धि न्यूज। विकासखंड कटरा बाजार का गांव रायपुर फकीर जहां सिर्फ और सिर्फ फर्जी बिलों के भुगतान कर लिए गए हैं एक बिल है जिस पर 55000 खारिज किए गए हैं दो नालों के रिपेयर में ना उसे बिल पर कोई तारीख पड़ी है ना जीएसटी नंबर है फिर भी 55000 खारिज कर दिए गए फर्म का नाम है नीरज ट्रेडर्स एंड जनरल ऑर्डर सप्लायर इस रसीद में ना तो कहीं कोई दिन तारीख पड़ा है ना ही सन ऐसे में इस रसीद को देखने के बाद एक अनजाना व्यक्ति भी यही कहेगा कि यह रसीद फर्जी ही है जब प्रधान प्रतिनिधि उमेश तिवारी को फोन लगाकर उनसे इस रिबोर के बारे में जानकारी लेने का प्रयत्न किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया ऐसे में इस बात की जानकारी नहीं हो पाई यह रिबोर कहां हुआ है जबकि गांव के दिनेश शुक्ला ने बताया की इस गांव में काम हुआ नहीं फिर भी पेमेंट धड़ाधड़ निकाला जा रहा है यह रिबोर बिल्कुल फर्जी है जहां कहें वहां मैं इसको साबित कर दूंगा।

### विद्यालय के प्रति समर्पित शिक्षक हैं रवींद्र मिश्र : समिति अध्यक्ष



फखरपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज। संविलयन विद्यालय कोदही के शिक्षक रवींद्र कुमार मिश्र बच्चों के पढ़ाई के साथ साथ खेल पर भी ध्यान देते हैं। इनका कहना है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करती है। मध्यावकाश में बच्चों को खेल के माध्यम से भी कुछ न कुछ सिखाते हैं। सहज वातावरण में किया गया शिक्षण कार्य सरल और रोचक हो जाता है। बच्चों से मैत्रीपूर्ण व्यवहार रखते है। शिक्षक रवींद्र कुमार मिश्र अभिभावकों से संपर्क करके बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय लाने का प्रयास करते रहते हैं। इससे विद्यालय का नामांकन और छात्र उपस्थिति दोनों में वृद्धि हुआ है। विद्यालय की साफ सफाई व पेड़ पौधों की देखभाल, बच्चों के हित में होने वाले गैर शैक्षणिक कार्यों पर भी ध्यान देते हैं। प्रबंध समिति के अध्यक्ष रमाशंकर पाठक व प्रधान प्रतिनिधि विक्रम चौहान ने बताया कि शिक्षक रवींद्र कुमार मिश्र विद्यालय के प्रति बहुत ही समर्पित शिक्षक है। विद्यालय का नामांकन और शैक्षिक स्तर ऊँचा हुआ है।

### उतरौला पुलिस की तत्परता से साइबर ठगी के 27,275 रु. पीड़ित के खाते में लौटे



महुआ बाजार (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। थाना कोतवाली उतरौला पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से साइबर ठगी के शिकार एक व्यक्ति को बड़ी राहत मिली है। पुलिस ने विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए ठगी गई राशि में से 27,275 रु. पीड़ित के बैंक खाते में वापस करा दिए हैं। पुलिस के अनुसार, ग्राम बिजौरा माफी निवासी अभिजीत कुमार पुत्र रविंद्र कुमार ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी कि 21 मई 2026 को यूपीआई फ्रॉड के माध्यम से उनके बैंक खाते से 53,798 रु. की धनराशि धोखाधड़ी कर निकाल ली गई। शिकायत मिलते ही थाना कोतवाली उतरौला की साइबर हेल्पडेस्क ने तत्काल तकनीकी जांच शुरू की और संबंधित बैंक के नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की। जांच के दौरान न्यायालय से आवश्यक आदेश प्राप्त किए गए, जिसके अनुपालन में बैंक के सहयोग से 27,275रु. की धनराशि सफलतापूर्वक पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई। राशि वापस मिलने पर पीड़ित ने थाना कोतवाली उतरौला पुलिस की त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील कार्यशैली की सराहना करते हुए पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम में साइबर प्रभारी उपनिरीक्षक हीरा लाल, कांस्टेबल आशीष सागर, पंकज यादव तथा अनूप मौर्या शामिल रहे। पुलिस की अपील- बलरामपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार हों तो बिना देरी 1930 साइबर हेल्पलाइन पर कॉल करें या राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। समय पर शिकायत करने से ठगी गई धनराशि को होल्ड कराकर वापस मिलने की संभावना अधिक रहती है।

# किसान के बेटे ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया मान, क्षेत्र में खुशी की लहर

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



जनपद गोण्डा के विकासखंड छपिया अंतर्गत ग्राम शाहनगर के एक किसान के बेटे ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) उत्तीर्ण कर अपने परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शाहनगर निवासी केशवराम यादव कृषि कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपने पुत्र नीलेश कुमार यादव की शिक्षा में कोई कमी नहीं आने दी। पिता की मेहनत और त्याग का प्रतिफल तब मिला जब नीलेश कुमार यादव ने अपनी लगन, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर नीट परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर ली।

नीलेश की इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। वहीं, गांव और क्षेत्र के लोगों ने भी उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ग्रामीणों का कहना है कि नीलेश की उपलब्धि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

नीलेश कुमार यादव की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि यदि लक्ष्य के प्रति समर्पण और निरंतर मेहनत हो, तो सीमित संसाधन भी सफलता की राह में बाधा नहीं बनते।

# शासकीय कार्य में लापरवाही व कर्मचारी आचरण नियमावली के उल्लंघन पर लेखपाल निलंबित

- फार्मर रजिस्ट्री अभियान में ड्यूटी के दौरान अनुचित व्यवहार एवं आदेशों की अवहेलना करना पड़ा भारी

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

जनपद में संचालित फार्मर रजिस्ट्री अभियान के दौरान शासकीय कार्यों में लापरवाही तथा कर्मचारी आचरण नियमावली के उल्लंघन के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए तहसील तरबगंज के लेखपाल श्री संदीप कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई तहसीलदार तरबगंज की जांच आख्या के आधार पर की गई है।

जांच के अनुसार श्री संदीप कुमार यादव, लेखपाल क्षेत्र दौलतपुर, परगना नवाबगंज, तहसील तरबगंज, की ड्यूटी 13 एवं 14 जुलाई, 2026 को राजस्व ग्राम दुर्जनपुर में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर में लगाई गई थी। अभियान के दौरान पंचायत विभाग के कर्मचारी द्वारा दूरभाष के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री की अद्यतन प्रगति संबंधी सूचना मांगी गई, लेकिन संबंधित लेखपाल ने अपेक्षित जानकारी उपलब्ध नहीं कराई।

### प्रशासन ने दिखाई सख्ती

तहसीलदार की जांच रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि संबंधित लेखपाल का आचरण शासकीय सेवक से अपेक्षित मर्यादा एवं अनुशासन के अनुरूप नहीं था। साथ ही, उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना, विभागीय समन्वय में बाधा उत्पन्न करना तथा सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतना प्रथम दृष्टया सिद्ध पाया गया। इसे शासन की प्राथमिकता वाले अभियान में गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए सक्षम प्राधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की गई। प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, निलंबन अवधि के दौरान श्री संदीप कुमार यादव को रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय से संबद्ध किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय योजनाओं एवं अभियानों के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा कर्मचारी आचरण नियमावली के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा तथा दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन तथा जनहित से जुड़े कार्यों में जवाबदेही सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## 16 आरक्षी व फायरमैन उप निरीक्षक पद पर चयनित



गोण्डा, समृद्धि न्यूज। जनपद गोण्डा में नियुक्त 16 आरक्षी/महिला आरक्षी एवं फायरमैन का चयन उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) पद पर हुआ है। चयनित कार्मिकों ने अपनी मेहनत, अनुशासन, लगन एवं कर्तव्यनिष्ठा के बल पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। चयनित कार्मिकों में आरक्षी, महिला आरक्षी एवं फायरमैन सम्मिलित हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन, अनुशासन एवं सेवा भावना के बल पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। यह सफलता जनपद गोण्डा पुलिस के लिए गर्व का विषय है तथा अन्य पुलिस कर्मियों के लिए भी प्रेरणादायक है । पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा सभी चयनित कार्मिकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मगरमच्छ का निवाला बना तीन बहनों का इकलौता भाई

- धान की रोपाई के बाद हाथ धोने गया था मासूम
- मासूम को मगरमच्छ ने लीलने से पहले पानी में बार-बार पटका-झटका

बहराइच, समृद्धि न्यूज।





बौंडी थाना क्षेत्र में घाघरा नदी किनारे हाथ-मुंह धोने गए 12 वर्षीय सुनील सिंह पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया। ग्रामीणों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन उसकी मौत हो गई। देर रात शव बरामद हुआ। मृतक अपने माता-पिता को पहले ही खो चुका था और तीन बहनों का इकलौता भाई था।

जिले के बौंडी थाना क्षेत्र में मगरमच्छ के हमले में 12 साल के एक मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। खेत से लौटने के दौरान घाघरा नदी के किनारे हाथ-मुंह धोने गया बच्चा मगरमच्छ का शिकार बन गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें मगरमच्छ बच्चे पर हमला करता दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने उसे बचाने की भरसक कोशिश की, लेकिन मगरमच्छ उसे जबड़ों में दबाकर नदी में खींच ले गया। थाना प्रभारी टीएन मौर्या ने घटना और वीडियो की पुष्टि की है। वन रेंजर साकिब अंसारी ने बताया कि मगरमच्छ बच्चे का दाहिना पैर और कमर के नीचे का हिस्सा खा गया। मामला जिला मुख्यालय से 45 किमी दूर बौंडी थाना क्षेत्र का है।

### जरा भी लापरवाही या चूक हुई तो मगरमच्छ तैयार

सरयू नदी में इस वक्त पानी बढ़ा हुआ है और मगरमच्छ गांव तक पहुंचकर हमला कर रहे हैं। जिला प्रशासन सिर्फ एडवाइजरी जारी करके अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेता है। जरा भी लापरवाही या चूक हुई तो मगरमच्छ तैयार बैठे हैं।

### घाघरा नदी किनारे अचानक किया हमला

बौंडी थाना क्षेत्र के मुरौवा गांव निवासी 12 वर्षीय सुनील सिंह गुरुवार दोपहर अपने चाचा के साथ धान की रोपाई करने खेत गया था। शाम के समय वह पास बह रही घाघरा नदी के किनारे हाथ-मुंह धोने पहुंचा। इसी दौरान नदी में मौजूद मगरमच्छ ने अचानक उस पर हमला कर दिया और उसे पानी में खींच ले गया। बच्चे ने खुद को छुड़ाने के लिए हाथ-पैर मारे। उसके चाचा और ग्रामीणों ने भी ईंट-पत्थर फेंककर उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन मगरमच्छ ने उसे छोड़ा नहीं। उसने दो-तीन बार बच्चे को उछालकर पानी में पटका, फिर गहरे पानी में खींच ले गया। देखते ही देखते बच्चे के आधे शरीर को निगल लिया।

### ग्रामीणों ने की बचाने की कोशिश, नहीं बच सकी जान

मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बच्चे को बचाने का प्रयास किया, लेकिन मगरमच्छ के हमले में उसकी मौत हो गई।काफी तलाश के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने देर रात करीब 10 बजे नदी से उसका शव बरामद किया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग बड़ी संख्या में नदी किनारे पहुंच गए। परिजन भी रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए।

### अंधेरा हुआ तो टॉर्च की रोशनी में ग्रामीणों ने तलाशा

ग्रामीणों ने बड़े-बड़े बांस के डंडों की मदद से नदी में तलाशी अभियान शुरू किया। इस वक्त घाघरा नदी का बहाव काफी तेज है, इसलिए घटनास्थल से करीब 500 मीटर तक नदी में खोजबीन की गई। दो घंटे तक लगातार तलाश करने के बाद अंधेरा हो गया, लेकिन ग्रामीणों ने खोजबीन नहीं रोकी। वे टॉर्च की रोशनी में बच्चे की तलाश करते रहे। करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद रात 10 बजे घटनास्थल से लगभग 300 मीटर दूर नदी में बच्चे का आधा शव उतराता मिला। ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला और इसकी सूचना पुलिस को दी। मगरमच्छ के हमले से शव क्षत-विक्षत हो चुका था। शुक्रवार सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### माता-पिता का पहले ही हो चुका था निधन

हमले में मगरमच्छ मासूम का एक पैर और पेट का हिस्सा खा गया था। शुक्रवार सुबह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुनील सिंह के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। वह अपनी तीन बहनों का इकलौता भाई था। वह क्षेत्र के माधवपुरवा करेहना विद्यालय में कक्षा छह का छात्र था। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

# बूथ अध्यक्ष सम्मेलन सफल बनाने में जुटी भाजपा

- 22 जुलाई को जिले भर के सभी विधानसभा में आयोजित की जाएगी बूथ अध्यक्ष सम्मेलन
- कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत करने के निर्देश

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



भाजपा ने आगामी 22 जुलाई को होने वाले बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारी के लिए शुक्रवार को जिला पार्टी कार्यालय पर एक बैठक आयोजित किया। बैठक में प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को सम्मेलन स्थल तक लाने व कार्यक्रम को सफल बनाने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री डॉ राहुल बाल्मीकि रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बताया कि जिले भर के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सभी बूथ अध्यक्षों की उपस्थिति अनिवार्य होगी सभी बूथ अध्यक्षों का पंजीकरण डिजिटल माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा। बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में जीत का आधार मजबूत बूथ संगठन होगा उन्होंने जोर दिया कि बूथ अध्यक्ष संगठन की सबसे मजबूत कड़ी है बूथ जीता तो चुनाव जीता का मंत्र दिया। जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी चुनावों में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय विचार, अखंड भारत और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, विधायक प्रत्याशी रहे गौरव वर्मा, विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, जिला महामंत्री रणविजय सिंह, सुनील श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष हरीशचंद्र गुप्ता, डिम्पल जैन, हेमा निगम, राम निवास जायसवाल, कन्हैया सोनी, कृष्ण कुमार,जिला मंत्री एकता जायसवाल, अजय सिंह, शशि कांत त्रिपाठी, अमित वर्मा सहित मीडिया प्रभारी शिवांकर शुक्ला मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी व जिलापदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नीट में कैटेगरी रैंक 1885 हासिल कर शिवा गुप्ता ने बढ़ाया विद्यालय व क्षेत्र का मान



सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। अमीना कॉन्वेंट स्कूल, कमरपुर-सादुल्लानगर के पूर्व छात्र शिवा गुप्ता ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) में कैटेगरी रैंक 1885 प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

शिवा गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार गुप्ता के पुत्र हैं। उन्होंने कठिन प्रतिस्पर्धा वाली नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह साबित किया कि लगन, अनुशासन, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने शिवा गुप्ता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने कहा कि शिवा की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है और इससे क्षेत्र के युवाओं को उच्च लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी।

# प्रेम संबंध की आशंका के बीच दो परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़, 24 घंटे में दो किशोरों की मौत

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।



सुमन चौरसिया उत्तम यादव

मॉडर्न थाना श्रीदत्तगंज क्षेत्र के ग्राम सभा किठूरा फूलपुर में 24 घंटे के भीतर दो किशोरों की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत ने पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है। प्रारंभिक जांच में दोनों के बीच प्रेम संबंध होने की बात सामने आई है, हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मामले की जांच अभी जारी है और सभी पहलुओं की गंभीरता से पड़ताल की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, 16 जुलाई की रात करीब नौ बजे गांव निवासी उत्तम यादव (19 वर्ष) ने अपने घर में फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर मॉडर्न थाना श्रीदत्तगंज की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, शव को नीचे उतरवाकर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

मामले की जांच के दौरान जानकारी मिली कि उत्तम का गांव की ही 15 वर्षीय किशोरी से परिचय था। पुलिस जब किशोरी के घर पहुंची तो वह गहरे सदमे में थी। परिजनों और ग्रामीणों ने उसे संभालने का प्रयास किया। इसी बीच 17 जुलाई की सुबह लगभग पांच बजे सूचना मिली कि उक्त किशोरी ने भी अपने घर में फांसी लगा ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लगातार दो घटनाओं से पूरे गांव में शोक और स्तब्धता का माहौल है। परिजन बदहवास हैं और ग्रामीण भी इस घटना को लेकर गहरा दुख जता रहे हैं। थानाध्यक्ष अविरल शुक्ला ने बताया कि दोनों मामलों में आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटना के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जाएगा। यह घटना केवल दो परिवारों की व्यक्तिगत त्रासदी नहीं है, बल्कि समाज के सामने कई गंभीर प्रश्न भी खड़े करती है। किशोरावस्था भावनात्मक रूप से अत्यंत संवेदनशील दौर होती है, जहां छोटी-सी निराशा या सामाजिक दबाव भी गहरा मानसिक प्रभाव डाल सकता है। परिवार, विद्यालय और समाज की भूमिका ऐसे समय में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

विशेषज्ञों का मानना है कि किशोरों के साथ खुला संवाद, उनकी भावनाओं को समझना, समय पर मार्गदर्शन देना तथा मानसिक तनाव के संकेतों को गंभीरता से लेना ऐसी घटनाओं की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। सामाजिक प्रतिष्ठा, पारिवारिक दबाव या रिश्तों से जुड़ी समस्याओं पर संवाद की कमी कई बार परिस्थितियों को और जटिल बना देती है। गांव के लोगों का कहना है कि एक के बाद एक हुई इन दो मौतों ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। हर व्यक्ति यही चर्चा कर रहा है कि यदि समय रहते उचित संवाद और सहयोग मिल पाता, तो शायद यह दुखद स्थिति टाली जा सकती थी।

फिलहाल पुलिस मामले की सभी परिस्थितियों की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दोनों परिवारों में गम का माहौल है और गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

## डायट पयागपुर में पांच दिवसीय संदर्भदाता प्रशिक्षण संपन्न



बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), पयागपुर में प्राचार्य आशीष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 13 से 17 जुलाई तक आयोजित एनसीईआरटी की नवीन पाठ्यपुस्तकों के प्रभावी संचालन हेतु पाँच दिवसीय संदर्भदाता प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।प्रशिक्षण का उद्देश्य ब्लॉक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षणों की गुणवत्ता को सुदृढ़ करना था। इस दौरान डायट के प्रवक्ता प्रशिक्षक इश्तियाक अहमद,दशरथ यादव,रमेश यादव,एसआरजी सुधीर मेहरोत्रा,मनोज दीक्षित, प्रीति श्रीवास्तव तथा लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (एलएलएफ) राहुल सिंह, देवब्रत सिंह, अंकेश वर्मा एवं शान मोहम्मद ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण में एनसीईआरटी की नवीन पाठ्यपुस्तकों, शिक्षक संदर्शिका, कार्यपुस्तिकाओं, भाषा एवं गणित शिक्षण की प्रभावी रणनीतियों, गतिविधि-आधारित शिक्षण,अधिगम परिणामों तथा बच्चों की सीख में सुधार के उपायों पर व्यवहारिक सत्र आयोजित किए गए। समापन अवसर पर प्रतिभागियों से ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षणों में प्राप्त ज्ञान का प्रभावी उपयोग कर विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं बच्चों के अधिगम परिणामों में सुधार सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।इस अवसर पर एल एल एफ टीम से अनिल यादव,अंजुल मिश्रा,आरज़ू,अमूल्या शुक्ला,सहाना खान,सुविया खान,गुले आरज़ू ,महावीर साहू आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण अभ्यास एवं बलवा ड्रिल का आयोजन

- एसपी ने जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत कराया अभ्यास

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन एवं नेतृत्व में दंगा नियंत्रण अभ्यास एवं बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया। अभ्यास का उद्देश्य आपात परिस्थितियों में पुलिस बल की तत्परता, समन्वय क्षमता एवं कार्यकुशलता का परीक्षण करना तथा दंगा नियंत्रण उपकरणों एवं आधुनिक रणनीतियों के प्रभावी उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना रहा। ड्रिल के दौरान पुलिस बल को एंटी राइट गन, रबर बुलेट, अश्रुगैस गोले, डंडा, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, केन शील्ड, हैंड गार्ड एवं लेग गार्ड सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों के उपयोग का रियल टाइम अभ्यास कराया गया। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दंगा नियंत्रण के दौरान इन उपकरणों की उपयोगिता एवं उनकी भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने यूपी-112 की पीआरवी वाहनों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वाहनों में उपलब्ध संचार उपकरणों, आपातकालीन संसाधनों एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का परीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने पीआरवी कर्मियों को निर्देशित किया कि वे आमजन की सहायता एवं किसी भी आपात स्थिति में त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने हेतु सदैव सतर्क एवं तैयार रहें। एसपी ने यूपी-112 सेवा को कानून-व्यवस्था एवं जनसुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए वाहनों की कार्यक्षमता, उपकरणों की उपलब्धता तथा कर्मियों की तत्परता बनाए रखने के निर्देश दिए। बलवा ड्रिल के लिए विशेष टीमें गठित कर उन्हें किसी भी प्रकार की अशांति अथवा आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए सतर्क एवं तैयार रहने के निर्देश दिए। प्रत्येक टीम को उनके दायित्वों एवं उत्तरदायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त ड्रोन सर्विलांस टीम को क्षेत्र की सतत निगरानी हेतु निर्देशित किया। अभ्यास के दौरान पुलिस बल को नवीन दंगा नियंत्रण रणनीतियों, संयमित व्यवहार, संवेदनशीलता तथा विधिक प्रक्रियाओं के पूर्ण पालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए, जिससे किसी भी अप्रत्याशित परिस्थिति में प्रभावी एवं व्यावहारिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन अमित प्रताप सिंह तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीएम ने भीड़ में खड़े युवक को मंच पर बुलाया, दिया आशीर्वाद

- विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, चाबी व चेक किया वितरित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हाथ से बनाया गया चित्र लेकर एक युवक शामली की जनसभा में पहुंचा। वह पंडाल में खड़ा होकर यह चित्र मंच की ओर दिखा रहा था। संबोधन समाप्त होने के पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजर जब उस पर गई तो उन्होंने सुरक्षाकर्मियों से कहकर उस युवक को मंच पर बुलाया। वह युवक मंच पर पहुंचा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चित्र उन्हें भेंट किया। मुख्यमंत्री ने उससे बातचीत भी की। युवक ने मुख्यमंत्री का पैर छुआ तो उन्होंने आशीर्वाद देते हुए उसकी पीठ भी थपथपाई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम से पहले कैराना में बन रहे निर्माणाधीन पीएसी परिसर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां हो रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली, फिर प्रशासनिक अधिकारियों व निर्माणाधीन एजेंसी को समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने जनसभा स्थल पर चयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को नियुक्ति पत्र दिया। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, चाबी, चेक आदि भी वितरित किया।

**सीएम योगी के हाथों सम्मानित लाभार्थी**

- रूबी- आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री को नियुक्ति पत्र
- निगम- आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री को नियुक्ति पत्र
- जय सिंह- कृषि यंत्र की योजना के तहत ट्रैक्टर की चाबी
- राजपाल- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत स्वीकृति पत्र
- सुनीता- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत स्वीकृति पत्र
- ब्रजेश- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत चाबी
- गीता- ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 5.83 करोड़ से अधिक का चेक
- सरिता व अनिता- ई-रिक्शा की चाबी
- निशांत जैन- मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 25 लाख का चेक
- नाजिम- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 3.31 लाख का चेक
- नौशिदा- निराश्रित महिला पेंशन के तहत स्वीकृति पत्र
- अक्षिता जैन- मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत स्वीकृति पत्र
- निकिता चौधरी- मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत स्वीकृति पत्र।

# केवल शब्दों को पढ़ने का नहीं, उन्हें आत्मसात करने का भी काम किया जाए : सतीश महाना

- विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के सन्दर्भ पुस्तकालय में स्थापित हुआ 467वां युगऋषि वाङ्मय



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना के सन्दर्भ पुस्तकालय में गायत्री ज्ञान मंदिर, इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं0 श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों के 467वें युगऋषि वाङ्मय की स्थापना की गई।

इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि ऋषि का सद्साहित्य समाज के मार्गदर्शन के लिए है।

ऐसे साहित्य से व्यक्ति को जीवन में सकारात्मक दिशा, संस्कार और सत्कर्म की प्रेरणा मिलती है। केवल शब्दों को पढ़ने का नहीं, बल्कि उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने का भी प्रयास किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ज्ञान और सद्विचारों पर आधारित साहित्य व्यक्ति के चरित्र निर्माण के साथ-साथ समाज को भी नई दिशा प्रदान करता है।

## खबरें एक नजर में

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी के खिलाफ, सपाइयों ने फरसा लेकर किया प्रदर्शन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार दोपहर हजरतगंज चौराहे पर सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। उनका प्रदर्शन अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले के खिलाफथा। प्रदर्शनकारी सपाई ब्राह्मण की वेशभूषा में पहुंचे थे। हाथ में फरसा और थर्माकोल से बना दानपात्र लिए थे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफनारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस और प्रदर्शनकारियों में जमकर धक्का-मुक्की और नोकझोंक हुई। पुलिस ने सबको बसों में बैठाकर इको गार्डन भेज दिया। प्रदर्शन कर रहे सपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारा लगाया चंदा चोरों को जेल भेजो। प्रदर्शन कर रहे उदय प्रताप ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि राम मंदिर में चोरी हो रही है। जब यह सरकार भगवान के घर में चोरी नहीं रोक पा रही है तो कहीं और क्या उम्मीद की जाए। इस तरह से तो आक्रांताओं ने भी मंदिरों को नहीं लूट जैसे भाजपा सरकार में लूट हो रही है। यह दर्शाता है कि राम के नाम पर यह लोग सिर्फअपना बैंक भर रहे हैं। प्रदर्शन में शामिल युवराज ने कहा कि हम सपा वाले संविधान , संस्कृति और सनातन तीनों की रक्षा कर रहे हैं। राम मंदिर में जो चोरी हुई है इसमें अभी तक सिर्फछोटे प्यादों पर कार्रवाई हो रही है। इसके पीछे जो बड़े चेहरे हैं वह बेनकाब नहीं हुए हैं। मामूली कर्मचारियों पर कार्रवाई करके इस पूरे मामले को ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है। हमारे नेता अखिलेश यादव लगातार इस मुद्दे को लेकर आम जनता को जागरुक कर रहे हैं। हम सभी राम भक्तों से यह अपील करते हैं कि राम के नाम पर लूट करने वालों से सावधान रहें। राम मंदिर करोड़ सनातनियों की आस्था का केंद्र है। हमारी आस्था से जिस तरह से खिलवाड़ हो रहा है, यह बेहद शर्मनाक है।

### एसकेडी न्यू स्टैंडर्ड कोचिंग इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों की नीट-2026 में शानदार सफलता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एसकेडी न्यू स्टैंडर्ड कोचिंग इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर नीट 2026 में उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्थान के 107 से अधिक विद्यार्थियों का चयन नीट-2026 में हुआ है। संस्थान के जिन विद्यार्थियों ने विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, उनमें फाज अहमद ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 713 (कैटेगरी रैंक 434), आदित्य विक्रम सिंह ने एआईआर 3422 (कैटेगरी रैंक 1671), आकृति श्रीवास्तव ने एआईआर 4032 (कैटेगरी रैंक 388), अमृत हर्षल खीवासरा ने एआईआर 10036 (कैटेगरी रैंक 1100), मंदावी श्रीवास्तव ने एआईआर 13187 (कैटेगरी रैंक 5255) तथा आर्यन शुक्ला ने एआईआर 15192 (कैटेगरी रैंक 5941) प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। इसके अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों के चयन की जानकारी भी लगातार प्राप्त हो रही है। संस्थान के संस्थापक प्रो. एस.के.डी. सिंह एवं निदेशक श्री मनीष सिंह ने सभी चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नीट-2026 में चयनित विद्यार्थियों के सम्मान में अगस्त 2026 में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी चयनित विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार एवं आकर्षक उपहार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। सभी चयनित विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर, अपने माता-पिता, आदरणीय प्रो. श्री एस.के.डी. सिंह तथा संस्थान के समस्त शिक्षकों को दिया, जिनके मार्गदर्शन, समर्पण एवं नवीन शिक्षण तकनीकों ने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### शराब के गोदाम में लगी आग, अंदर फंसे दो लोगों को फायर टीम ने बचाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के जानकीपुरम स्थित अटल तिराहा के पास शुक्रवार तड़के अंग्रेजी शराब की दुकान के पीछे बने गोदाम में अचानक आग लग गई। आग लगने के समय गोदाम के अंदर दो लोग फंस गए। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दोनों को सुरक्षित बाहर निकालते हुए 40 मिनट में आग पर काबू पा लिया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। फायर विभाग के अनुसार सुबह करीब 4.11 बजे एमडीटी के माध्यम से आग लगने की सूचना मिली। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर फायर स्टेशन बख्शी का तालाब से प्रभारी अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में दमकल वाहन मौके पर रवाना हुआ। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि अंग्रेजी शराब की दुकान के पीछे स्थित शराब के गोदाम में आग लगी थी और गोदाम का शटर बंद था। अंदर दो लोग फंसे होने की जानकारी मिलते ही दमकल कर्मियों ने तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाकर दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद दमकल वाहन से पानी की बौछार कर आग को पूरी तरह बुझा दिया गया। दमकल विभाग के मुताबिक समय रहते कार्रवाई होने से आग पर 40 मिनट में नियंत्रण पा लिया गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# खाद्य प्रसंस्करण में निवेश से बढ़ेगी किसानों की आय : केशव

- निवेश, नवाचार और रोजगार को मिलेगी नई उड़ान
- खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 9 परियोजनाओं को मिली संस्तुति



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जो किसानों की आय बढ़ाने, कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन तथा युवाओं के लिए व्यापक रोजगार अवसर उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एक प्रभावी माध्यम सिद्ध होगा।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार औद्योगिक विकास एवं हरित ऊर्जा को समान प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। सौर ऊर्जा आधारित औद्योगिक मॉडल भविष्य की आवश्यकता है, जो उद्योगों को लागत में राहत देने के साथ आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

उप मुख्यमंत्री ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत उपलब्ध प्रोत्साहनों, अनुदानों एवं निवेश सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक उद्यमी प्रदेश में निवेश के लिए आगे आएं तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिल सके।

इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बी.एल.मीणा की अध्यक्षता में खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय में गठित एप्रेजल समिति की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में प्राप्त 11 निवेश प्रस्तावों की विस्तृत समीक्षा एवं परीक्षण किया गया तथा निर्धारित शर्तों के साथ 09 को स्वीकृति हेतु संस्तुत किया गया। अप्रेजल समिति द्वारा 70 करोड़ के नौ पूर्ण प्रस्तावों को सशर्त एस.एल.ई.सी. के समक्ष प्रस्तुत किये जाने की संस्तुति की गयी। बरेली से दो, कानपुर नगर से एक, ललितपुर से एक, गोरखपुर से दो, बदायूँ से एक, लखनऊ से एक एवं हापुड़ से एक प्रस्ताव की संस्तुति की गयी।

मीणा द्वारा बताया गया कि 99 प्रतिशत लोन डिस्बर्समेण्ट के साथ पी.एम.एफ.एम.ई. में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। बताया गया कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 अंतर्गत लेटर आफ कम्फर्ट औसतन 20 दिनों में निर्गत हो रहे हैं और स्वीकृत इकाईयां औसतन 200 दिनों में क्रियाशील हो रही हैं, जो पूर्व में 500 दिनों में होती थी।

# विधानसभा को देखकर बच्चे बोल- अमेजिंग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

विधानसभा के भ्रमण पर आए कानपुर के सर पदमपत सिंघानिया एजुकेशन सेंटर के छात्र-छात्राओं ने विधानसभा की भव्यता, कार्यप्रणाली और लोकतांत्रिक व्यवस्था को करीब से देखकर अपने अनुभव साझा किए।

जब विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बच्चों से पूछा कि आपको विधानसभा कैसी लगी, तो छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक कहा कृ अमेजिंग। इस अवसर पर सतीश महाना ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि वर्तमान समय तकनीक के तेजी से विकास का दौर है। आज 5वीं जेनरेशन की तकनीक का उपयोग हो रहा है और नई पीढ़ी को भी तकनीकी बदलावों के साथ निरंतर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, ज्ञान और जागरूकता ही युवाओं को सशक्त बनाती है। जो व्यक्ति जितने बड़े पद पर होता है, उसके प्रति उतनी ही अधिक अपेक्षाएं और विरोध भी होते हैं। यदि कोई विद्यार्थी पढ़ाई में आगे बढ़ता है तो कई बार उसका विरोध भी होता है, लेकिन सफलता के लिए आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास जरूरी है। विधायिका की छवि को लेकर कई बार गलत धारणाएं बनाई जाती हैं, विधानसभा प्रदेश के 25 करोड़ लोगों के हितों के लिए कार्य करती है। जनप्रतिनिधियों की अपनी भूमिका होती है। उन्होंने बच्चों को विधानसभा की कार्यप्रणाली, प्रश्नकाल, चर्चा और जनहित के मुद्दों पर होने वाले कार्यों की जानकारी दी। किसी भी संस्था या व्यवस्था के बारे में बिना जाने कोई धारणा नहीं बनानी चाहिए। किसी को जबरन खराब नहीं कहा जाना चाहिए, बल्कि वास्तविकता को समझने के बाद ही विचार बनाना चाहिए लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है।

# जनता के मुख्य मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए जौहर विश्वविद्यालय तोड़ने का आदेश : अजय



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर रामपुर विकास प्राधिकरण के उस आदेश को आड़े हाथों लेते हुए प्रदेश की योगी सरकार पर कटाक्ष किया, जिसमें मौलाना मो0 अली जौहर विश्वविद्यालय रामपुर को तोड़ने का आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार जनता के मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए ऐसा कदम अधिकारियों के जरिए करा रही है।

प्रदेश अध्यक्ष ने रामपुर विकास प्राधिकरण के दस्तावेज दिखाते हुए कहा कि सक्षम अधिकारी द्वारा 15 जुलाई को पूर्वाह्न 11.00 बजे सुनवाई की जाती है और उसी दिन अपराह्न 4.00 बजे मौलाना मो0 अली जौहर विश्वविद्यालय के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया जाता है,यह आश्चर्यजनक है और इससे सरकार की मंशा साफ जाहिर होती है। उन्होंने कहा कि रामपुर के सिंघनखेड़ा गांव में मौलाना मो0 अली जौहर विश्वविद्यालय मो0 आजम खान ने वर्ष 2005 में बनवाया उस समय यह गांव रामपुर विकास प्राधिकरण में नहीं था, वर्ष 2024 में यह गांव रामपुर विकास प्राधिकरण में समाहित हुआ। उन्होंने प्रदेश सरकार से पूछा कि जब यह गांव विकास प्राधिकरण में था ही नहीं तो नक्शा कैसे पास होता। सच्चाई तो यह है कि योगी सरकार द्वारा सिर्फ चंदा चोरी और चढ़ावा चोरी से ध्यान हटाने के लिए इस तरह का झूठा आदेश पारित किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा निर्माण नहीं बल्कि विध्वंश की पार्टी है। शिक्षा के मंदिर को गिराने का काम कर रही है। लाखों स्कूलों को बंद कर दिया। 53-54 इंजीनियरिंग कॉलेज इस वर्ष बंद कर दिए गए। जो मेडिकल कॉलेज बनाया भी तो उसमें न तो पैरामेडिकल स्टॉफ है और न ही डाक्टर हैं। सिर्फ गुजरात की निर्माण कंपनी ने निर्माण के नाम पर पैसा कमाया और वह भाग गईं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मो0 आजम खां को प्रताड़ित करने उनके पूरे परिवार को प्रताड़ित करने और बर्बाद करने का कार्य किया जा रहा है। मौ0 मो0 अली जौहर वि0वि0 में पढ़ने वाले 75 प्रतिशत हिन्दू छात्र और पढ़ाने वाले सैंकड़ों शिक्षकों और उनके परिवारों की जिन्दगी और भविष्य पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जौहर वि0वि0 को नष्ट न करें।

# जैविक खेती करने से पर्यावरण फसल एवं मिट्टी तीनों सुरक्षित होते हैं : डॉ. जितेन्द्र कुमार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

कार्बनिक खेती एवं पर्यावरण सुरक्षा जैविक खेती करने से खेत उपजाऊ होता है पर्यावरण सुरक्षित होता है तथा मनुष्य का स्वास्थ्य अच्छा होता है।

बक्शी का तालाब इंटर कॉलेज लखनऊ के वरिष्ठ कृषि प्रवक्ता डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि जैविक खेती करने से पर्यावरण फसल एवं मिट्टी तीनों सुरक्षित होते हैं यदि समय रहते इसका पालन न किया जाए तो पर्यावरण को विभिन्न नकारात्मक प्रभाव से गुजरना पड़ता है। विभिन्न प्रकार की बीमारियां मृदा स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा है, हानिकारक रोगाणु बढ़ते जा रहे हैं, जिससे समय के साथ कार्बनिक खेती एक सुरक्षित टिकाऊ और लाभदायक विकल्प बन गई है। यह खेती करने से फसल की उपज बढ़ जाती है।

अगली फसल के लिए खेत की सेहत काफी अच्छी होती है, मनुष्य को रासायनिक खाद से मुक्त सेहतमंद भोजन प्राप्त होता है। खेतों में जैविक खाद से प्राकृतिक रूप से केंचुआ की संख्या बढ़ती है, क्योंकि केंचुआ कार्बनिक पदार्थ खाकर अपने जीवन का निर्वाह करता है। केंचुआ किसान का सच्चा मित्र होता है, क्योंकि केंचुआ मृदा को उपजाऊ बनाता है। मिट्टी में रंध्र अवकाश बढ़ जाता है, जिससे पानी एवं वायु का संचार मृदा में काफी अच्छा होता है, केंचुए को प्राकृतिक हलवाहा भी कहा जाता है, जिस खेत में केंचुआ अधिक पाए जाते हैं, वह खेत अधिक उपजाऊ शक्ति वाला होता है, केंचुआ की जो बिल खेतों में पाई जाती है, उसे खेत की आंत कहा जाता है। फसल की उपजाऊ शक्ति में अधिक वृद्धि होती है। अनाज में अत्यधिक पोषण होता है, विभिन्न प्रकार के खनिज लवण एवं विटामिन प्राप्त होते हैं, किस को कम लागत एवं अधिक मुनाफा प्राप्त होता है। इस प्रकार की खेती से पर्यावरण को अधिक सुरक्षा होती है, प्रदूषण में काफी कमी आती है तथा जलवायु परिवर्तन से बचाव होता है। कार्बनिक खेती के लिए गोबर की खाद कम पोस्ट की खाद हरी खाद तथा केंचुए की खाद समय-समय पर खेतों में डालना चाहिए, समय-समय पर फसल चक्र अपनाये एवं हानिकारक कीटों को नष्ट करने के लिए प्राकृतिक कीट नियंत्रण का प्रयोग किसान भाई करें, जिससे कि मानव स्वास्थ्य पर्यावरण स्वास्थ्य एवं मृदा का स्वास्थ्य बचा रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध सहायक पन्नालाल गुप्ता ने एवं प्रधानाचार्य अशोक बाजपेई ने डॉक्टर यादव के कार्यों की सराहना की और बताया कि इनका लेख किसान उपयोगी समाज उपयोगी छात्रहित एवं पर्यावरण उपयोगी होता है।



*प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार*

### जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में ट्रांजिट हॉस्टल के लिए 120.19 लाख मंजूर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, बरेली, बदांयू एवं अमेठी में ट्रांजिट हास्टल के निर्माण कार्य के लिए अंतिम किश्त के रूप में 120.19 लाख रूपये मंजूर किए हैं। इस संबंध में जारी शासनादेश के अनुसार जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मनौना, आंवला, बरेली के लिए 32.18 लाख रूपये, जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय भोजीपुरा, बरेली के लिए 40.81 लाख रूपये, जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, समरेर, बदांयू के लिए 35.36 लाख रूपये तथा जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, असैदापुर, अमेठी के लिए 11.84 लाख रूपये मंजूर किए गए हैं।

# अमेरिकी नागरिकों से ठगी करने वाले अन्तरराष्ट्रीय गिरोह के सात अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे



- साइबर अपराध में प्रयुक्त बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य बरामद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में क्राइम ब्रांच ने अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर ठगी करने वाले गिरोह के सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। ये लोग तकनीकी संसाधनों एवं इंटरनेट आधारित कॉलिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग कर विदेशी नागरिकों खासकर संयुक्त राज्य अमेरिका के नागरिकों को निशाना बनाकर साइबर धोखाधड़ी कर रहे थे।

अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) किरन यादव ने शुक्रवार को बताया कि साइबर सेल, क्राइम ब्रांच की टीम ने सयुंक्त कार्रवाई करते हुए थाना सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र स्थित ओमेक्स आर टू रेजिडेंशियल अपार्टमेंट में संचालित एक संगठित अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड कॉल सेंटर के खिलाफ कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में ऐसे संगठित साइबर गिरोह का खुलासा हुआ है, जो तकनीकी संसाधनों एवं इंटरनेट आधारित कॉलिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग कर विदेशी नागरिकों, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका के नागरिकों को निशाना बनाकर साइबर धोखाधड़ी कर रहा था। कार्रवाई के दौरान सात अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए साइबर अपराध में प्रयुक्त बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए।

पकड़े गए अभियुक्तों में अहमदाबाद के गुजरात निवासी पुनीत कुमार वर्मा, कोकाता निवासी मोहम्मद सोहेल, मोहम्मद शाहनवाज आलम, मो. इमरान मो.रियाज, अहमदाबाद निवासी दीपेन चंद्र कान्त पटेल और कोकाता निवासी सज्जाद हुसैन उर्फ सरफराज शामिल है।जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि कॉल सेंटर का संचालन सुव्यवस्थित तरीके से संचालित हो रहा था। प्रत्येक कर्मचारी को उसकी भूमिका के अनुरूप अलग-अलग टीम में नियुक्त किया गया था। सम्पूर्ण प्रक्रिया चरणबद्ध रूप से संचालित होती थी। डायलर टीम का कार्य संभावित पीड़ितों से प्रथम संपर्क स्थापित करना और उन्हें माइक्रोसॉफ्ट की तकनीकी सहायता अथवा वित्तीय समस्या का विश्वास दिलाना था।


यह टीम प्रारंभिक बातचीत कर पीड़ित का विश्वास अर्जित करती थी। फिर पीड़ितों के लैपटॉप या पीसी का एक्सेस टीम व्यूअर व अल्ट्रा व्यूअर से ले लेते थे फिर उनकी वित्तीय जानकारी प्राप्त कर वालमार्ट व अमेज़न का गिफ्ट कार्ड खरीदते थे। जिस पीड़ित से बड़ी धनराशी प्राप्त करनी होती थी, उनसे कैशमैन के माध्यम से अमेरिका में दिए गए पते पर पार्सल भिजवाकर अथवा प्रत्यक्ष रूप से नकदी,सोने का पिकअप कराते थे। इगिरोह में शामिल लोग विभिन्न राज्यों से कर्मचारियों की भर्ती की करते थे, जिनमें अधिकांश को बीपीओ क्षेत्र का पूर्व अनुभव था, ताकि अमेरिकी नागरिकों से धाराप्रवाह अंग्रेज़ी में संवाद स्थापित किया जा सके। भर्ती किए गए स्टॉफ के रहने की व्यवस्था (आवास) फर्जी कंपनी की ओर से किया जाता था। जांच में यह भी सामने आया कि यह फर्जी कंपनी, स्टॉफ के साथ किसी प्रकार का औपचारिक नियुक्ति पत्र, अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) अथवा अन्य कोई दस्तावेज़ नहीं रखती थी।

**तैयारी**

**इतिहास और आधुनिक पर्यटन का होगा संगम**

# इटावा का सुमेर सिंह किला परिसर ईको-टूरिज्म के रूप में होगा विकसित

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**





सरकार उत्तर प्रदेश में पर्यटन विकास को नई दिशा देते हुए पर्यावरण संवर्धन को समान प्राथमिकता दे रही है। इसी कड़ी में जनपद इटावा के सुमेर सिंह किला क्षेत्र को आकर्षक ईको-टूरिज्म के रूप में विकसित कर इसकी सांस्कृतिक पहचान को नया आयाम दिया जाएगा।

करीब 1.44 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के लिए 1.08 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है। इसका उद्देश्य क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित रखते हुए पर्यटकों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा प्रकृति के अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देना है। यह जानकारी शुक्रवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि परियोजना के तहत 400 वर्ग मीटर क्षेत्र में ग्रीन पेवर ब्लॉक का निर्माण, वेल डेवलपमेंट तथा बैठने के स्थानों के आसपास सघन पौधरोपण कराया जाएगा। इससे परिसर का प्राकृतिक सौंदर्य बढ़ेगा और वर्षा जल के बेहतर संरक्षण के साथ पर्यावरण संतुलन को भी मजबूती मिलेगी। पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अग्रभाग की मजबूत दीवार और आकर्षक रेलिंग का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा आधुनिक सुविधाओं से युक्त फूड कोर्ट विकसित किए जाएंगे, जहां पर्यटक स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लेते हुए प्राकृतिक वातावरण का आनंद उठा सकेंगे।

परिसर में यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं हेतु अन्य कार्य किए जाएंगे। स्टोन साइनेज तथा थीम आधारित बेंच भी स्थापित की जाएंगी, जिससे पर्यटकों को स्थल के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व की जानकारी सहज रूप से प्राप्त हो सकेगी। स्थानीय विरासत और संस्कृति को जीवंत बनाने के लिए थीम पेंटिंग वॉल विकसित की जाएगी, जबकि भव्य प्रवेश द्वार पूरे परिसर को एक नई पहचान देगा। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एफआरपी बायो-डाइजेस्टर लगाए जाएंगे, जिससे अपशिष्ट प्रबंधन वैज्ञानिक और स्वच्छ तरीके से किया जा सकेगा। वहीं सोलर लाइटों की स्थापना से ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और रात्रि के समय भी परिसर सुरक्षित एवं प्रकाशमान रहेगा। इन सभी कार्यों के पूरा होने के बाद सुमेर सिंह किला क्षेत्र इतिहास, प्रकृति और आधुनिक पर्यटन सुविधाओं का उत्कृष्ट संगम बनकर उभरेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सुमेर सिंह किला परिसर में हरित विकास और आधुनिक सुविधाओं का संतुलित समावेश किया जा रहा है। इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे और इटावा की पर्यटन पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई मजबूती मिलेगी।

## खबरें एक नजर में

### जमीन के बंटवारे को लेकर महिला से मारपीट, तीन पर मुकदमा दर्ज

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिधौली क्षेत्र के गांव महाऊ महेश की निवासी कांति देवी की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि 14 जुलाई की शाम करीब 5 बजे जमीन के बंटवारे को लेकर रामसेवक से कहासुनी हो रही थी। इसी दौरान रामसेवक ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो रामसेवक, जगदीश और संतोषी ने मिलकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में कांति देवी के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी कई चोटें आईं। परिजनों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंधौली पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना सिधौली पुलिस ने रामसेवक, जगदीश और संतोषी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### दो सगे भाइयों की मौत मामले में कंटेनर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मृतकों के भाई ने तिलहर से फरीदपुर टोल प्लाजा तक खंगाले सीसीटीवी कैमरे**

**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाईवे पर एक सप्ताह पूर्व बाइक सवार दो सगे भाईयों की कंटेनर की टक्कर से हुई मौत मामले में मृतकों के भाई संजय कुमार शर्मा कंटेनर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बीती 10 जुलाई को सुबह तड़के करीब तीन बजे कस्बे से सटे ग्राम अमनपुर गौटिया निवासी विजय शर्मा व अजय शर्मा पुत्र रामभरोसे शर्मा बाइक से दवा लेने अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान गैस एजेंसी के सामने एक कंटेनर ने उन्हें टक्कर मार दी थी। संजय कुमार शर्मा ने दोनों भाइयों की मौत के बाद हाइवे पर तिलहर से फरीदपुर टोल प्लाजा तक के सीसीटीवी कैमरों को खंगालबाया। और टक्कर मारने वाले कंटेनर को खोज निकला। संजय कुमार शर्मा ने सीसीटीवी कैमरों में कैद कंटेनर संख्या यूपी 21 सीटी 8311के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### बस और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत, युवक का हाथ कंधे से अलग, गंभीर हालत में रेफर

**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव करकौर के पास तिलहर ,दातागंज स्टेट हाईवे पर शुक्रवार को एक डबल ट्रैकर बस और ट्रक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बस में सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका हाथ कंधे से अलग हो गया। दुर्घटना के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। घायल युवक की पहचान आकाश पुत्र विजय कुमार, निवासी गांव बलराई, जनपद हरदोई के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बस हरदोई से यात्रियों को लेकर दिल्ली जा रही थी। इसी दौरान करकौर गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई। सूचना मिलते ही जैतीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल आकाश को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जैतीपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत अत्यंत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक तेज रफ्तार में था, जिसके चलते यह भीषण हादसा हुआ। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एल.एल.एम. अंतिम वर्ष का शत-प्रतिशत परिणाम, विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय के एलएल.एम. सत्र 2024-26 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी सफल घोषित हुए तथा उत्कृष्ट अंक अर्जित कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। घोषित परिणाम के अनुसार एकांशा गुप्ता ने 72.29 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, क्षितिज चित्रांश ने 71.88 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, रेखा राठौर ने 70.46 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान तथा सौम्या शुक्ला ने 70.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती जी महाराज ने सभी सफल विद्यार्थियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और सतत परिश्रम ही सफलता का आधार हैं तथा विद्यार्थी भविष्य में न्याय एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दें। प्रो. (डॉ.) अवनीश मिश्र, सचिव, प्रबंध समिति ने कहा कि विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत परिणाम महाविद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा, समर्पित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है। प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह, कुलपति, स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रो. आदित्य कुमार सिंह, कुलसचिव श्री वीरेंद्र कुमार मौर्य तथा वित्त अधिकारी श्रीमती अर्चना त्रिपाठी ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। प्राचार्य डॉ. जयशंकर ओझा ने कहा कि महाविद्यालय का शत-प्रतिशत परिणाम विद्यार्थियों की लगन, प्राध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन तथा संस्थान के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। इस अवसर पर स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

### विधायक अरविंद कुमार सिंह के प्रयासों से बरेली मोड़ से मदनापुर तक चलीं इलेक्ट्रिक बसें



**मदनापुर, शाहजहांपुर।** ददरौल विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में बरेली मोड़ से मदनापुर तक तीन इलेक्ट्रॉनिक बसों का संचालन शुरू किया गया है। यह पहल क्षेत्रीय विधायक अरविंद कुमार सिंह के प्रयासों से संभव हुई है, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को सुरक्षित, सुलभ एवं सुविधाजनक यातायात की सुविधा प्राप्त होगी। इन इलेक्ट्रॉनिक बसों के संचालन से विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने-जाने वाले यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा। अब लोगों को कम खर्च में बेहतर एवं आरामदायक यात्रा का विकल्प उपलब्ध होगा। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक बसें पर्यावरण के अनुकूल होने के कारण प्रदूषण को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। क्षेत्रवासियों ने इस जनहितकारी पहल के लिए विधायक अरविंद कुमार सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे ददरौल विधानसभा में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन सुगम बनेगा। विधायक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि ददरौल विधानसभा के समग्र विकास और जनता की सुविधाओं को बढ़ाना उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्र के विकास के लिए भविष्य में भी जनहित से जुड़े कार्य निरंतर कराए जाते रहेंगे।

# नहर के किनारे खेत में युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

- परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**







ससुराल आये युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में शव नहर के किनारे खेत मे पड़ा मिला। जिसकी सूचना पुलिस को मिली सूचना पाकर आनन फानन मौके पर पहुँची पुलिस ने फील्ड यूनिट की टीम को सूचना दी मौके पर जाकर टीम ने जांच पड़ताल शुरू की उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है।

तीन दिन पूर्व थाना करेली के गांव मीरपुर हररायपुर निवासी 30 वर्षीय सोनू जाटव अपनी पत्नी मनोजा देवी को लेकर बाइक से अपनी ससुराल थाना सिधौली के गांव सहोरा आया था। गुरुवार को उसने सिलेंडर भरवाया जिसके बाद उसने करीब दो बजे अपनी पत्नी से कहा कि हम बाइक को धुलवाने भाटियूरा मोड़ पर जा रहे है ओर तुम तैयार रहना हम वापस आकर अपने घर हररायपुर मीरपुर चलेंगे। यह बात अपनी से कहकर वह बाइक लेकर चला गया। जब वह शाम तक वापस नही लौटा तो पत्नी व उसके ससुरालीजन परेशान हो गए। तभी उसकी पत्नी ने सोचा कि वह घर चला गया होगा तभी वह अपने भतीजे के साथ अपनी ससुराल चली गई। शुक्रवार की सुबह जब लोगों ने एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव की शिनाख्त की तो पता चला कि वह अपनी ससुराल आया था। जब उसके ससुरालियों को जानकारी हुई तो रोते बिलखते उसके शव के पास पहुँचे। जिसके बाद मृतक के माता पिता को जानकारी दी गई। पुत्र के शव को लिपटकर मां कमला देवी का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर कोतवाली प्रभारी आर के रावत ने बताया कि अभी कोई तहरीर नही आई है।

#### शव से करीब सौ मीटर की दूरी पर खड़ी मिली बाइक

युवक के शव से करीब 100 मीटर की दूरी पर पेड़ के नीचे बाइक खड़ी मिली। बाइक की डिग्गी में रुपए, इयरफोन, पेन व रुमाल मिला तथा बाइक के पास शराब के पाउज व गिलास पड़े मिले कुछ लोगों का कहना है कि शराब के नशे में ही वह खेत भरे पानी मे गिर गया है जिस कारण उसके शरीर मे पानी भर गया है।

#### दो बच्चों के सिर से उठा पिता का हाथ

सोनू की शादी करीब 11 वर्ष पूर्व गांव सहोरा निवासी मनोजा देवी के साथ हुई थी। जिनके दो पुत्र है बड़े बेटा 8 वर्षीय रवि व दो माह का आर्यन है। पिता के शव को देखकर रवि बेसुध हो गया है।

## जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** पुलिस ने कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के तहत चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने जानलेवा हमले और आर्म्स एक्ट के मामले में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त अमित ठाकुर उर्फ खडखड को गिरफ्तार कर लिया है। बीती 3 मई 2026 को वादी राघवेन्द्र सिंह निवासी ग्राम खुटरिया ने थाना जलालाबाद में तहरीर दी थी कि अभियुक्त संजय कुमार, शोभित सिंह, नितिन ठाकुर उर्फ कालू और अमित ठाकुर उर्फ खडखड ने एक राय होकर उन पर जान से मारने की नीयत से फायर किया था और मारपीट की थी। इस घटना के बाद से ही सभी आरोपी फरार थे। पुलिस ने पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि मुख्य आरोपी अमित ठाकुर उर्फ खडखड लंबे समय से फरार चल रहा था। विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित अभियुक्त अमित ठाकुर ग्राम नगला खरजू के पास छिपा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक पवन कुमार की टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध विधिक प्रक्रिया पूरी कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकने से मौत

- मृतका के पिता ने लगाया दहेज प्रताड़ना व हत्या का आरोप
- ढाई माह पूर्व हुई थी ऊषा की गोलों संग शादी

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकने से नवविवाहिता की मौत हो गई। मृतका के पिता ने दहेज के लिए प्रताड़ित कर पति व सास ससुर पर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। वहीं तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूंछताछ शुरू कर दी है। शुक्रवार पूर्वान्ह करीब साढ़े ग्यारह बजे कोतवाल प्रिंस शर्मा को सूचना मिली कि पीपरोली गांव में एक महिला ने फांसी लगा ली है। वह पुलिस बल के साथ तत्काल रवाना हो गए। मौके पर पहुंचकर घटना की परिजनों से जानकारी ली। और उच्चाधिकारियों को संज्ञान कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कोतवाली क्षेत्र के गांव अजमाबाद निवासी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने बीती एक मई को।पिपरौली गांव निवासी भोजराज सिंह के बेटे गोलू सिंह से बेटी ऊषा 19 की शादी की थी। आरोप है कि ऊषा जब भी मायके में किसी से भी बात करती तो गोलू व परिजन एतराज करते थे। आरोप है कि ऊषा के पति उर्फ गोलू व सास सुधा , ससुर भोजराज सिंह जो कि सिक्यूरिटी गार्ड की नौकरी करते है दहेज से असंतुष्ट होकर ऊषा को प्रताड़ित करते थे। और मोटरसाइकिल की मांग करते थे। ऊषा रविवार को मायके आई थी। और गुरुवार को दामाद गोलू उसकी विदा करा लिए थे। और शुक्रवार को ही उसकी मौत की उन्हें सूचना मिली गई । जब वह पिपरौली पहुंचे तो बेटी का शव जमीन पर मिला जबकि उन्हें फांसी लगाने बात बताई गई थी। उधर गोलू सिंह ने बताया कि ऊषा ने घर में फांसी लगा ली थी। उसे उतारकर एक मेडिकल कॉलेज ले गए जहां डॉक्टर ने ऊषा को मृत घोषित कर दिया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## कांवड़ यात्रा से पहले नहीं सुधरी गांव बझेड़ा की क्षतिग्रस्त पुलिया, बढ़ सकती हैं श्रद्धालुओं की मुश्किलें

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



श्रावण मास की शुरुआत में अब कुछ ही दिन शेष बचे हैं। प्रशासन द्वारा कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर दावे किए जा रहे हैं और यात्रा मार्गों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है, लेकिन जलालाबाद क्षेत्र के एक प्रमुख कांवड़ मार्ग की बदहाली श्रद्धालुओं के लिए बड़ी मुसीबत बन सकती है। घ्बरेली-फर्रुखाबाद हाइवे पर स्थित गांव बझेड़ा के मुख्य चैराहे पर बनी पुलिया काफी समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में है। यह मार्ग कांवड़ यात्रियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में स्थिति यह है कि इस टूटी हुई पुलिया के कारण रोजाना वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों और उभरे हुए सरियों के कारण वाहन अक्सर बीच पुलिया पर फंस जाते हैं, जिससे आए दिन लोगो को कठिनाइयों करना पड़ता है। बता दे कि 30 जुलाई से शुरू होने वाले श्रावण मास में पंचाल घाट से पवित्र जल लेकर गोला गोकर्णनाथ जाने वाले लाखों कांवड़िये इसी मार्ग से गुजरेंगे। ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि प्रशासन ने कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले इस पुलिया की मरम्मत या सुदृढ़ीकरण नहीं कराया, तो यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को भारी आवागमन समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, साथ ही दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहेगा। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल संज्ञान लेकर पुलिया का निर्माण कार्य पूरा करने की पुरजोर मांग की है।

### एम.एससी. (भौतिकी) का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**शाहजहांपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय के द्वारा सत्र 2025-26 का एम.एससी. भौतिकी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के सभी परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए एवं परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम में मोनिका वर्मा ने 7.44 सीजीपीए के साथ प्रथम स्थान, रिया वर्मा ने 7.33 सीजीपीए के साथ द्वितीय तथा पूर्णिमा शर्मा ने 7.27 सीजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष शिशिर शुक्ला, राजनंदन सिंह राजपूत, हर्ष पाराशरी, सत्येंद्र कुमार सिंह, प्रशांत शर्मा, सुधाकर गुप्ता, रजनीश दीक्षित एवं देवेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सोलर पैनल के नाम पर दिव्यांग से 12 लाख की ठगी, ओटीपी पूछकर निकाला फर्जी लोन

- पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार, विरोध करने पर दबंगों ने की मारपीट

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सौर ऊर्जा पैनल लगवाने के नाम पर तीन शातिर ठगों द्वारा एक दिव्यांग व्यक्ति से धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ठगों ने झांसा देकर पीड़ित से ओटीपी पूछा और उसके नाम पर 12 लाख 5,860 रुपए का फर्जी लोन निकालकर हड़प लिया। मामले की जानकारी होने पर जब पीड़ित ने विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़ित दिव्यांग ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर तीनों आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के गांव कुइया महोलिया निवासी पीड़ित बलवीर सिंह ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 26 दिसंबर को सिधौली का एक व्यक्ति उसके पास आया था। उसने बलवीर को झांसा दिया कि 3 किलोवाट का सोलर पैनल कुल 1,89,000 रुपए में लगेगा, जिसमें से 1,08,000 रुपए सरकार की तरफ से सब्सिडी आ जाएगी। बलवीर उसकी बातों में आ गया और उसने 5,000 रुपए एडवांस दे दिए। इसके बाद थाना निगोही के ग्राम खिरिया निवासी दो अन्य व्यक्ति उसके पास आए और उन्होंने पीड़ित के घर पर सोलर पैनल लगा दिया। आरोपियों ने कहा कि 20 से 25 दिनों के भीतर सब्सिडी के पैसे खाते में आ जाएंगे। पैनल लगाने के दौरान ही आरोपियों के एक साथी ने बलवीर से मोबाइल पर आया ओटीपी मांगा। बलवीर ने जब इस बारे में उनके मुखिया से बात की, तो उसने भरोसा देते हुए कहा कि प्रक्रिया पूरी करने के लिए ओटीपी बताना जरूरी है। इसके बाद शातिरों ने बलवीर से कई बार ओटीपी मांगकर धोखाधड़ी की। ठगी का भंडाफोड़ तब हुआ जब बलवीर के बैंक खाते से पहली किस्त के रूप में 7,477 रुपए कट गए। मैसेज देखकर हैरान पीड़ित जब बैंक शाखा पहुंचा और खाते की जांच कराई, तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। ठगों ने बलवीर के नाम पर तीन बार में कुल 12,05,860 रुपए का फर्जी लोन पास करवाकर पूरी रकम पार कर दी थी। पीड़ित बलवीर का आरोप है कि जब उसने इस संबंध में उक्त तीनों आरोपियों से बात की और पैसे वापस मांगे, तो वे आगबबूला हो गए। आरोपियों ने दिव्यांग पीड़ित के साथ गाली-गलौज की और उसे बेरहमी से पीटा। पीड़ित ने तत्काल बंडा थाने में तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। इस संबंध में थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है और इसकी गहनता से जांच की जा रही है। जांच पूरी होते ही दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अभद्र टिप्पणी को लेकर ब्राह्मण समाज में आक्रोश

- नायब तहसीलदार निवेदिता ठाकुर को ज्ञापन सौंपा

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



ब्लॉक में तैनात एडीओ पंचायत द्वारा सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज अभद्र टिप्पणी की पोस्ट वायरल किए जाने के चलते ब्राह्मण समाज के लोगों में जबदस्त पनप गया। समाज के लोगों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर डीएम से कार्यवाही की मांग की है। तिलहर ब्लाक में एडीओ पंचायत के पद पर तैनाद वीरसेन के द्वारा सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज को लेकर अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करते हुए एक जाति सूचक पोस्ट किए जाने को लेकर ब्राह्मण समाज में गुरुवार को गहरा आक्रोश दिखाई दिया।वीरसेन के द्वारा की गई इस पोस्ट का ब्राह्मण समाज के सभी तबकों के बुद्ध जीवियों ने सोशल मीडिया पर जहां जमकर विरोध जताते हुए उनकी मानसिकता को गलत बताया तो वही उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही किए जाने के साथ ही विभागीय कार्यवाही की मांग भी की है। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष शीलेंद्र मोहन मिश्रा एडवोकेट ने एडीओ पंचायत की सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें एक संवैधानिक पद पर बैठकर इस तरह जातिवादी मानसिकता नहीं रखनी चाहिए और उत्तर प्रदेश सरकार के विकास कार्यों को धरातल पर उतरने में ध्यान देना चाहिए लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया इसलिए उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही करते हुए बर्खास्त किया जाए अन्यथा ब्राह्मण समाज सड़कों पर उतरकर उनका विरोध करेगा। इस दौरान जयप्रकाश द्विवेदी, अजीत शर्मा, कौशल मिश्रा, वीर दीक्षित, राजदीपक शर्मा, अनुज द्विवेदी, आशीष अवस्थी, अमित द्विवेदी आदि ने विरोध जताया।

## श्रॉफ चैरिटी को ओर से की गई निशुल्क नेत्र रोग जांच

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



दरगाह शाह शमसुद्दीन मियाँ के सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियाँ के आवास पर डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बुजुर्गों ने अपनी आँखों की जाँच कराकर विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर में विजन टेक्नीशियन श्रीमती कल्पना देवी तथा कम्युनिटी हेल्थ वर्कर श्री अरुण कुमार ने उपस्थित लोगों की आँखों की विस्तृत जाँच की। इस दौरान दृष्टि संबंधी समस्याओं, मोतियाबिंद, चश्मे की आवश्यकता एवं अन्य नेत्र रोगों की पहचान कर मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय सलाह प्रदान की गई। जिन मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई अथवा ऑपरेशन की आवश्यकता पाई गई, उन्हें निःशुल्क अथवा रियायती उपचार हेतु डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल, सहदेव रोड, मोहम्मदी स्थित मुख्य अस्पताल में ऑपरेशन एवं आगे के उपचार के लिए रेफर किया गया। चिकित्सकीय टीम ने लोगों को आँखों की नियमित जाँच कराने, स्वच्छता अपनाने, संतुलित आहार लेने तथा आँखों में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर लापरवाही न बरतने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि समय पर जाँच और उपचार से अधिकांश नेत्र रोगों का सफल उपचार संभव है तथा दृष्टि को सुरक्षित रखा जा सकता है। इस मौके पर साजिद, शरीफ, नवी अहमद, जावेद आदि मौजूद थे।

### राजीव चौक पर पत्नी ने पति को जमकर पीटा

**पुवायां, शाहजहांपुर।** पत्नी ने पति को राजीव चौक पर गाली गलौज करते हुए जमकर पीट दिया। घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति का पत्नी से विवाद चल रहा है। जिसका मुकदमा कोर्ट में विचारधीन है। कई बार कोतवाली में पंचायत हो चुकी लेकिन कोई भी हल नहीं निकला। शुक्रवार को पति राजीव चौक पर कुछ सामान खरीदने किराने की दुकानपर आया था। इसी बीच उसकी पत्नी सास ने उसके साथ जमकर मारपीट की तथा मोबाइल और मोटरसाइकिल तोड़ दी। पति पत्नी का विवाद कोतवाली पहुंचा। लेकिन दोनों पक्षों में सहमति नहीं बनी। और अपने-अपने घर चले गए। पुलिस ने बताया है मामला जानकारी में आया है उसकी जांच की जा रही है।

## भाजपा सरकार में मुस्लिमों के बाद ब्राह्मणों का किया गया एनकाउंटर: सपा सांसद

- पुवायां में आयोजित हुआ प्रबुद्ध सम्मेलन, हजारों की संख्या में जुटी भीड़

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




नगर के एक पैलेस में सपा कार्यकर्ताओं ने प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि बलिया के सांसद सनातन पाण्डेय ने क्षेत्र में सामाजिक समरसता, शिक्षा और विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। साथ ही कहा कि इस सरकार में सबसे ज्यादा मुस्लिम समाज को छोड़कर ब्राह्मणों का ही एनकाउंटर किया गया है।

शुक्रवार को एक मैरिज लान में प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों के बुद्धिजीवियों, शिक्षकों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने समाज में शिक्षा, जागरूकता, युवा सशक्तिकरण तथा आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान बलिया के सांसद सनातन पाण्डेय ने अपने विचारों में कहा कि इस सरकार में राममंदिर में करोड़ो रूपये की चोरी की गई, लेकिन जांच के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं कि गई है। इस सरकार में एनकाउंटर के अलावा कुछ नही किया गया है। अगर मुस्लिमानों के बाद अगर सबसे ज्यादा इनकाउंटर किये गए है तो वह ब्राह्मण है। लेकिन अबकी बार जनता इसका जबाब चुनाव में देगी। इस दौरान कार्यक्रम को सपा की लोकसभा की प्रत्याशी रहीं ज्योतिसना कश्यप, पूर्व विधायक रोशन सिंह, कार्यक्रम आयोजन गोपाल अग्निहोत्री एड. ने संबोधित किया। इस दौरान गोपाल अग्निहोत्री, राजवीर सिंह, रोशनलाल वर्मा पूर्व विधायक, अजय पाण्डेय एड., राजकुमार रावत, आनंद शुक्ला, शारदा राज, जाग्रत प्रसाद आदि मौजूद रहे।

**शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में दबंगों का तांडव**

# पैरामेडिकल छात्राओं से मारपीट, डायलिसिस यूनिट में तोड़फोड़

- कार्रवाई की मांग को लेकर छात्र-छात्राओं ने दिया धरना, भाजपा के जनप्रतिनिधि का करीबी बताकर धमकी देने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**






राजकीय मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब तीन कारों से पहुंचे दर्जनों लोगों ने पैरामेडिकल छात्राओं के साथ कथित रूप से मारपीट कर दी और डायलिसिस यूनिट में जमकर तोड़फोड़ की। घटना के बाद आक्रोशित पैरामेडिकल छात्र-छात्राएं मेडिकल कॉलेज परिसर में धरने पर बैठ गए और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी तथा कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर चैक कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं मेडिकल कॉलेज प्रशासन पूरे मामले पर खुलकर बोलने से बचता नजर आया। प्रत्यक्षदर्शियों और छात्राओं के अनुसार विवाद की शुरुआत डायलिसिस यूनिट में उपचार के लिए आई एक महिला मरीज के तीमारदार से हुई। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर तीमारदार और वहां मौजूद पैरामेडिकल स्टाफ के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद के बाद महिला ने फोन कर अपने परिचितों को बुला लिया। कुछ ही देर बाद तीन कारों में सवार कई युवक मेडिकल कॉलेज परिसर में पहुंचे और आते ही डायलिसिस यूनिट में हंगामा शुरू कर दिया। आरोप है कि युवकों ने वहां मौजूद पैरामेडिकल छात्राओं और कर्मचारियों के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की। इस दौरान डायलिसिस कक्ष में रखे सामान के साथ भी तोड़फोड़ की गई, जिससे अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों और उनके तीमारदारों में दहशत फैल गई। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मरीजों और उनके परिजनों ने किसी तरह अपनी जान बचाई, जबकि अस्पताल स्टाफ ने बीच-बचाव का प्रयास किया। लेकिन आरोपी हंगामा करने के बाद मौके से फरार हो गए। मारपीट की शिकार पैरामेडिकल छात्राओं का आरोप है कि हमलावर खुद को एक भाजपा जनप्रतिनिधि का करीबी बता रहे थे। उनका कहना है कि जिन वाहनों से आरोपी आए थे, उन पर संबंधित जनप्रतिनिधि के पोस्टर भी लगे हुए थे। छात्राओं ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने राजनीतिक प्रभाव का भय दिखाते हुए उन्हें धमकियां भी दीं। घटना से नाराज पैरामेडिकल छात्र-छात्राओं ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। छात्र-छात्राएं प्राचार्य कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की। उनका कहना था कि यदि मेडिकल कॉलेज जैसे संवेदनशील संस्थान में भी छात्राएं सुरक्षित नहीं हैं तो यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। सूचना मिलने पर चैक कोतवाली पुलिस मेडिकल कॉलेज पहुंची और छात्र-छात्राओं से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उधर जनप्रतिनिधि से बात की गयी तो उन्होंने बताया मेडिकल कॉलेज में हंगामा मारपीट मामले की जानकारी मिल रही है। हम लखनऊ में है। इस घटनाक्रम में जो भी कोई दोषी होगा। कार्यवाही होगी। घटना की निष्पक्ष जांच हो।

> मामले के घटनाक्रम की जांच कराई जा रही है। हंगामा करने वाले 10 से 15 लोग बताए जा रहे हैं। घटना में नर्स को कांच लगने से हल्की चोट आई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> -डा. राजेश कुमार, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, शाहजहांपुर

## आज का एक पेड़ कल का हरा -भरा भविष्यः ललिता



शाहजहांपुर। लायंस इंटरनेशनल क्लब शक्ति शाहजहांपुर द्वारा साउथ सिटी कॉलोनी में 20 पौधों का पौधारोपण किया गया तथा लोगों को पौधे वितरित किए गए। लायन ललिता यादव ने बताया कि लगातार हमारे क्लब के द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है लगभग 150 पौधे अभी तक लगाए जा चुके हैं। ललिता ने कहा आज का एक पेड़ कल का हरा -भरा भविष्य है। इसलिए हम सबको मिलकर एक पेड़ माँ के नामश् जरूर लगाना चाहिए। पौधारोपण कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन ललिता यादव, सचिव प्रियंका बियानी, लायन कमलनारंग, लायन गुरमीत कौर ,संध्या अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान में लोधीपुर में विशेष सफाई अभियान



**शाहजहांपुर।** शासन के निर्देश पर विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नगर निगम के वार्ड संख्या 3 लोधीपुर में व्यापक सफाई एवं एंटी-लार्वा छिड़काव कराया गया। अभियान का निरीक्षण वार्ड पार्षद रूपेश कुमार वर्मा 'अन्नू' ने किया। अभियान के दौरान वार्ड की गलियों, नालियों और जलभराव वाले स्थानों की तलीझाड़ सफाई कराकर एंटी-लार्वा दवा का छिड़काव कराया गया। पार्षद ने सफाई कर्मियों को नियमित रूप से सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। पार्षद रूपेश वर्मा 'अन्नू' ने कहा कि डेंगू, मलेरिया और अन्य संचारी रोगों की रोकथाम के लिए स्वच्छता सबसे प्रभावी उपाय है। अभियान के दौरान पार्षद ने उत्कृष्ट कार्य कर रहे सफाई कर्मियों का उत्साहवर्धन किया इस मौके पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चंद्रवीर सागर, वार्ड सफाई सुपरवाइजर विशाल समेत नगर निगम के कर्मचारी मौजूद रहे।

### मदरसों शिक्षकों एवं कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा की मांग



**शाहजहांपुर।** अरबी-फारसी मदारिस एसोसिएशन की ओर से प्रदेश के अनुदानित मदरसों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग को लेकर एसोसिएशन के अध्यक्ष इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां के नेतृत्व में मुख्यमंत्री संबोधित मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उन्हें एवं उनके परिवारों को समय पर बेहतर उपचार मिल रहा है। जबकि अनुदानित मदरसों के शिक्षक एवं कर्मचारी भी राज्य की शिक्षा व्यवस्था का अभिन्न अंग हैं और वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं, फिर भी वे इस महत्वपूर्ण सुविधा से वंचित हैं। एसोसिएशन ने मांग की है कि प्रदेश के सभी अनुदानित मदरसों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भी अन्य विभागों के कर्मचारियों की भाँति कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किया जाए। इससे हजारों शिक्षक, कर्मचारी एवं उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्राप्त होंगी तथा वे अधिक समर्पण एवं उत्साह के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। इस मौके पर इजहार हसन, जहूर अहमद, जाहिद, मोईन खान, सैयद शारिक अली, हैदर अली, साजिद अली खान, मौलाना इमरान खान, मोहम्मद अनीस, सोहेल अहमद, मिर्जा खालिद बाग, नबील खान, आदि मौजूद रहे।

### तख्तियां लेकर आमजन को भूजल संरक्षण का संदेश



**शाहजहांपुर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के निर्देशों के क्रम में मदरसा नुरुल हुदा, बिजलीपूरा द्वारा भूजल सप्ताह के अवसर पर जन-जागरण रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ मदरसे परिसर से हुआ। जिसमें प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। रैली बिजलीपुरा एवं आसपास के मोहल्लों से होकर गुजरी। विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां लेकर आमजन को भूजल संरक्षण का संदेश दिया तथा पूरे मार्ग में है तो कल है, भूजल बचाओदृभविष्य बचाओ, पानी की हर बूंद है अनमोल, वर्षा जल का करें संचय, भूजल होगा सुरक्षित जैसे प्रेरणादायक नारे लगाए। प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियांने कहा कि बढ़ते जल संकट को देखते हुए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह भूजल का विवेकपूर्ण उपयोग करे तथा वर्षा जल संचयन को अपनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित करे। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं भी जल बचाने का संकल्प लें और अपने परिवार एवं समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। रैली के माध्यम से स्थानीय लोगों को जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा भूजल स्तर में हो रही गिरावट के प्रति जागरूक किया गया। मोहल्लेवासियों ने भी इस अभियान की सराहना करते हुए जल संरक्षण में सहयोग करने का संकल्प लिया। आयोजन में मदरसे के समस्त शिक्षक इजहार हसन, जहूरअहमद, शारिक अली, जाहिद , मोईन खान सैयद कामरान हुसैन, साजिद अली खान आदि ममनून आदि मौजूद रहे।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 में प्रतिभाग हेतु स्टॉल आवंटन प्रारम्भ

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के चतुर्थ संस्करण का आयोजन 25 सितम्बर से 29 सितम्बर तक किया जाएगा। प्रतिष्ठित आयोजन में जनपद के निर्यातकों, उद्यमियों एवं औद्योगिक इकाइयों को अपने उत्पादों एवं सेवाओं के प्रदर्शन तथा विपणन के लिए प्रतिभाग करने हेतु स्टॉल आवंटित किए जा रहे हैं। जनपद के इच्छुक निर्यातक, उद्यमी एवं औद्योगिक इकाइयां ट्रेड शो में प्रतिभाग हेतु 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। इसके लिए आवेदकों को पोर्टल पर जाकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार भुगतान करते हुए स्टॉल बुकिंग करना होगा। स्टॉल आवंटन अथवा आवेदन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी एवं सहायता के लिए इच्छुक प्रतिभागी जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र से संपर्क कर सकते हैं।

## पीएम के नेतृत्व में देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास जारीः मिथिलेश

- टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने किया शुभारंभ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



देश को क्षय रोग (टीबी) से मुक्त करने के संकल्प के साथ नगर पालिका परिषद पुवायां में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि टीबी के लक्षणों को छुपाएँ नहीं, बल्कि समय पर जांच कराकर पूरा इलाज लें। सरकार द्वारा टीबी मरीजों के लिए मुफ्त इलाज और पोषण भत्ता जैसी कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा, चेयरमैन संजय गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख पति सुरजन लाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक मिश्रा, नगर अध्यक्ष अर्पित गुप्ता, जिला मंत्री विपिन शुक्ला, देवेंद्र अवस्थी, सर्वेश शर्मा, नौशाद खान, महेश शर्मा, आदेश सिंह, कृष्ण कुमार वर्मा, राजीव गंगवार, सुरेश वर्मा, राजेश राजपूत मंडल अध्यक्ष, कपिल गुप्ता, डा नरेंद्र पाल, आरती सिंह, टीवी मुक्त जिला प्रभारी डॉ ओमेंद्र राठौर आदि लोग उपस्थित रहे।

## एडीएम वित्त ने निर्माणाधीन आधार सेवा केंद्र का किया निरीक्षण

- चार खंभा स्थित आधुनिक आधार सेवा केंद्र के निर्माण कार्यों का जायजा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने आधार सेवा केंद्र सहायक प्रबन्धक संदेश श्रीवास्तव के साथ जनपद मुख्यालय के चार खंभा क्षेत्र में निर्माणाधीन आधार सेवा केंद्र का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। सहायक प्रबंधक ने बताया कि भारत सरकार द्वारा देशभर में आधुनिक एवं सुविधायुक्त आधार सेवा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे नागरिकों को आधार नामांकन, संशोधन एवं अद्यतन से संबंधित सेवाएं एक ही स्थान पर सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराई जा सकें। चार खंभा स्थित शर्मा जी का डेरा परिसर में आधुनिक आधार सेवा केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। इस आधार सेवा केंद्र के प्रारंभ होने के बाद जनपदवासियों को आधार कार्ड से संबंधित विभिन्न सेवाओं के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। केंद्र पर नए आधार नामांकन, आधार में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर तथा ई-मेल आईडी में संशोधन, बायोमेट्रिक अपडेट, दस्तावेज अद्यतन सहित आधार से संबंधित अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने निर्माणाधीन आधार सेवा केंद्र को शीघ्र प्रारंभ कराने के उद्देश्य से एडीएम वित्त को स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने तथा कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए थे। एडीएम ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि आधार सेवा केंद्र के निर्माण से संबंधित सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करते हुए आगामी 25 दिनों के भीतर केंद्र को संचालन के लिए तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस आधार सेवा केंद्र के प्रारंभ होने से जनपदवासियों को आधार संबंधी सेवाएं अधिक सुगमता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे आम नागरिकों को काफी सुविधा मिलेगी।

## डॉ. ईशान को चिकित्सा- जनसेवा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान

- विकास दृष्टि संस्था द्वारा आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री रहे

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता शहर के मोहल्ला रेती निवासी संतोष कुमार शुक्ला के पुत्र डा. ईशान दीप शुक्ला को चिकित्सा सेवा एवं जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2026 से लखनऊ में सम्मानित किया गया। विकास दृष्टि संस्था द्वारा आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पद्मश्री डा. अनिल रस्तोगी प्रख्यात अभिनेता, डा. आरके स्वर्णकार, उग्रसेन धर द्विवेदी, डा. अखिलेश निगम, कृष्ण चंद्र सिंह, कार्यक्रम के संरक्षक डा. अखिलेश मिश्रा के कर कमलों द्वारा यह सम्मान प्राप्त किया। अल्पायु में प्राप्त यह सम्मान ईशान दीप की निष्ठा, समर्पण, कर्तव्यपरायणता और सेवा-संकल्प का जीवंत प्रमाण है। ईशान की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों एवं शुभचिंतको में हर्ष की लहर है।

## बिना पेड़ों के मानव जीवन संभव नहींः त्यागी

- भारतीय युवा चेतना मंच की बैठक में पौधरोपण के लिये किया गया प्रेरित



**रोजा, शाहजहांपुर।** भारतीय युवा चेतना मंच की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने वृक्षों के महत्व पर चर्चा करते हुए युवाओं को अधिक से अधिक पौधारोपण के लिये प्रेरित किया।

बैठक में मंच के संस्थापक व अध्यक्ष नरेन्द्र त्यागी ने कहा कि स्वयंसेवकों को हमारी संस्कृति को सहेजे रखने के लिए युवा पीढ़ी के साथ बृक्षों के महत्व एवम सुरक्षा विषय पर गोष्ठी, कार्यक्रम आदि क्रियाकलाप करते हुए जन जागृति करना है। एवं उनको प्रेरित कर देशी आम, जामुन, अमरूद कटहल, बढहल आदि के फलदार बृक्षों का रोपण करना है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल शाहजहांपुर के नगर अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण है, हमारी परम्परा हमारी संस्कृति में वृक्षों का संरक्षण बहुत ही जरूरी है। वरिष्ठ समाज सेवी रामरक्षपाल ने वृक्षारोपण एवं संरक्षण पर इसी माह में नगर आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाने के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। मंच के संयोजक प्रदीप कुमार मिश्रा ने अवगत कराया अपनी संस्कृति विरासत के संरक्षण के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों चलाये जाने के साथ युवा पीढ़ी को तनावमुक्त, आशावादी बनाये रखने के लिए मंच आगामी दिनों में वरिष्ठ छात्रों एवं युवा जनों को सामाजिक कल्याणकारी कार्यक्रमों से जोड़ने का काम करेगा। समन्वय बैठक के आरंभ में अतिथियों का अंगवस्त्र पटका पहना कर तिलक वंदन कर स्वागत किया गया। बैठक में राजेश मिश्रा, सदानंद अग्निहोत्री, प्रदीप दीक्षित, जयपाल सिंह, नीरज पाठक, श्याम मोहन मिश्रा, दिनेश श्रीवास्तव, गोपाल कृष्ण वर्मा, राकेश सिंह, योगेंद्र त्यागी, आसू पंडित आदि उपस्थित रहे।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

- प्रतियोगिता में दिव्या प्रथम, जानवी एवं काव्या द्वितीय, अनुज कुमारी रहीं तीसरे स्थान पर



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन और जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्विनी कुमार के मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण एवं बालिका शिक्षा विषय पर आकर्षक चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। जेंडर स्पेशलिस्ट कीर्ति मिश्रा ने महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा 112 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में जागरूक किया। केस वर्कर दिवाकर मिश्रा ने बच्चों के अधिकारों एवं 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन के महत्व की जानकारी दी। प्रतियोगिता में दिव्या को प्रथम, जानवी एवं काव्या को द्वितीय तथा अनुज कुमारी, दिव्यांशी एवं राधिका को तृतीय स्थान प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, जेंडर स्पेशलिस्ट कीर्ति मिश्रा, केस वर्कर दिवाकर मिश्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## मदद पड़ी भारी... बाइक पर बैठाया, ब्लेड से साफ कर दी जेब

- अंतरजनपदीय शातिर पॉकेटमार गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस ने बीती 6 जुलाई को एक व्यक्ति की जेब काटकर 45 हजार रुपये उड़ाने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के शातिर पॉकेटमार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को मां रेणुका मंदिर जलालाबाद रोड से दबोचा। जामा तलाशी में आरोपी के पास से चोरी की रकम में से 8650 रुपये नकद, वारदात में इस्तेमाल होने वाला ब्लेड (माचिस की डिब्बी में रखा) और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। घ्पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी दिलीप पुत्र विश्राम निवासी ममापुर, थाना कायमगंज, फर्रुखाबाद ने जो खुलासा किया, वह राहगीरों को सतर्क करने वाला है। दिलीप ने बताया कि वह बेरोजगार है और अपने स्थानीय साथी पिंटू निवासी सराय साधों, जलालाबाद के साथ मिलकर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जेब काटने और पर्स चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। घ्बीते 6 जुलाई को दोपहर के समय एक व्यक्ति अपने दो बच्चों के साथ साइकिल से मंडी से मुख्य चैराहे की ओर जा रहा था। तभी दिलीप और पिंटू बाइक से वहाँ पहुँचे और उस व्यक्ति से बुधवाना जाने का रास्ता पूछने लगे। रास्ता बताने के बहाने उन्होंने उस व्यक्ति को अपनी बाइक पर बैठा लिया। जैसे ही वह व्यक्ति बाइक पर बैठा, पिंटू ने बेहद शातिर तरीके से ब्लेड मारकर उसकी जेब से 45000 रुपये पार कर दिए। इसके बाद आरोपी उसे मुख्य चैराहे पर उतारकर रफूचक्कर हो गए। घ्चोरी की वारदात के बाद दिलीप अपने घर फर्रुखाबाद चला गया था। शुक्रवार को वह चोरी की रकम में से अपना हिस्सा लेने के लिए दोबारा जलालाबाद में अपने साथी पिंटू के घर आया था। पिंटू ने उसे हिस्से के रूप में 8650 रुपये नकद दिए और बाकी रकम बाद में देने का वादा किया। दिलीप यह रकम लेकर वापस भागने की फिराक में था, तभी उपनिरीक्षक सुधीर कुमार की अगुवाई वाली पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मुस्तैदी दिखाते हुए उसे धर दबोचा। पुलिस अब इसके फरार साथी पिंटू की तलाश में दबिश दे रही है।

पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी दिलीप कोई साधारण चोर नहीं, बल्कि पेशेवर अपराधी है। उसके खिलाफ फतेहगढ़, शमशाबाद, कायमगंज, कम्पिल, नवाबगंज और जलालाबाद सहित विभिन्न थानों में लूट, आबकारी अधिनियम और चोरी के करीब 8 गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी को दबोचने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुधीर कुमार, कांस्टेबल सुबोध कुमार और रिक्रूट कांस्टेबल योगेश कुमार शामिल रहे।

## डीएम ने लाभार्थी को आपदा राहत राशि का चेक दिया



**शााहजहांपुर।** डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट में आपदा राहत मद से स्वीकृत धनराशि का चेक लाभार्थी को प्रदान किया गया। तहसील तिलहर के ग्राम सैदापुर निवासी स्वर्गीय कुसुमा देवी पत्नी रामदास की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के उपरांत उनके विधिक वारिस श्री रामदास पुत्र ज्वाला प्रसाद को दैवीय आपदा राहत मद से 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई थी। किन्तु बैंक खाते के आईएफएससी कोड में त्रुटि के कारण धनराशि लाभार्थी के खाते में प्राप्त न होकर बैंक ऑफ बड़ौदा, गुजरात शाखा में स्थानांतरित हो गई थी। डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर धनराशि को वापस प्राप्त कराया गया तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, शाहजहांपुर के माध्यम से लाभार्थी को चेक के माध्यम से भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इस दौरान सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी, एडीएफ एफआर अरविंद कुमार की उपस्थिति में रामदास को 4 लाख की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर संबंधित राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


**जाहिर सूचना**

मैं SADHANA KUMARI मेरे पति आर्मी नं.JC563158A रैंक-Sub PANKAJ KUMAR SHARMA के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम त्रुटिवश SADHNA SHARMA गलत अंकित हो गया है जबकि वास्तविक सही नाम SADHANA KUMARI है। **साधना कुमारी, पंकज कुमार शर्मा नि.ग्रा. गोपालपुर पोस्ट आफिस-जमुक जिला जहानाबाद**

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने छोटे पुत्र अनुभव शर्मा उर्फ कंचन को गलत आचरण के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं, वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। **विद्यावती पत्नी स्व. रामसेवक नि.ग्रा. बलरामपुर मोहनपुर थाना पुवायां, शाहजहांपुर**

**जाहिर सूचना**

आधार कार्ड में मेरा नाम BARSHA DEVI पुत्री थम्मन सिंह और जन्मतिथि 10.01.2012 दर्ज है, जोकि गलत है। मेरा सही नाम VARSHA DEVI पुत्री थम्मन सिंह और जन्मतिथि 28.09.2010 हैं। इसी नाम और जन्मतिथि से जाना जाए। **वर्षा देवी पुत्री थम्मन सिंह नि.ग्रा. लक्ष्मनपुर पो. नभीची थाना बंडा, तह. पुवायां, शाहजहांपुर**

समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



## जन्मदर में गिरावट

हाल के वर्षों में भारत की आबादी से जुड़े ट्रेंड में बदलाव देखने को मिला है। दूसरे शब्दों में कहें तो भारत की आबादी से जुड़ा परिदृश्य एक नये दौर में पहुंच रहा है। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट को यह सवाल उठाना पड़ा कि क्या आज भी उन कानूनों की प्रासंगिकता बनी हुई है, जिसके अंतर्गत दो से ज्यादा बच्चे होने पर लोगों को स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने के अयोग्य ठहराया जाता रहा है। निश्चित रूप से 'दो बच्चों' से जुड़ा यह नियम उस समय बनाया गया था जब देश में तेजी से बढ़ती आबादी चिंता का सबब बनी हुई थी। लेकिन आज जनसंख्या का परिदृश्य तेजी से बदल गया है। दूसरे शब्दों में कहें तो निकाय चुनावों से जुड़ा अधिक बच्चों वाला नियम अब आबादी के बदलते ट्रेंड से मेल नहीं खाता। सही मायने में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी ने जिन सवालों को जन्म दिया है, उसकी पुष्टि सरकार की ओर से जारी जनसंख्या संबंधी आंकड़ों से होती है। भारत के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम स्टैटिस्टिकल रिपोर्ट-2024 शीर्ष अदालत के नजरिये की पुष्टि करती है। रिपोर्ट बताती है कि देश की कुल प्रजनन दर यानी टीएफआर घटकर 1.9 हो गई है, जो कि 2.1 के 'रिप्लेसमेंट लेवल' से कम है। देश में उत्तर भारत के छह राज्य- उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और झारखंड ही रिप्लेसमेंट लेवल से ऊपर हैं। जबकि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली- 1.2, केरल,तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल (तीनों में 1.3) में प्रजनन दर देश में सबसे कम है। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि शहरी इलाकों के मुकाबले ग्रामीण इलाकों में प्रजनन दर अब भी अधिक है। जो आबादी की दर में बदलाव की असमान गति को ही दर्शाता है। इस तरह से जनसंख्या वृद्धि की ये असमानताएं- 'सबके लिए एक ही जनसंख्या नीति' की खामियों को ही उजागर करती हैं। इस नीति की प्रासंगिकता व इस दिशा में बदलाव की जरूरत सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का सार भी है। ऐसे में जब भारत का एक बड़ा हिस्सा बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि के बजाय जन्म दर में गिरावट से जूझ रहा है तो परिवार के आकार के आधार पर नागरिकों को चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराकर दंडित करना तर्कसंगत नहीं लगता। निर्विवाद रूप से समय के साथ अप्रासंगिक हो चले ऐसे कानून गरीब और ग्रामीण परिवारों, विशेष रूप से महिलाओं को बुरी तरह से प्रभावित करते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो उनकी लोकतांत्रिक व्यवस्था में भागीदारी को सीमित करते हैं। नीति नियंताओं को गंभीरता से मंथन करना चाहिए कि मौजूदा जनसांख्यिकीय लाभांश-यानी आर्थिक विकास को गति देने वाली बड़ी कामकाजी आबादी हमेशा हमारी उपलब्धि नहीं बनी रहेगी। जनसंख्या की दर में मौजूदा गिरावट के चलते आने वाले दशकों में बुजुर्गों की आबादी का हिस्सा बढ़ता जाएगा। ऐसे में कम प्रजनन दर वाले राज्यों को बढ़ती उम्र वाली आबादी के आधिक्य के चलते श्रमशील आबादी की कमी और बढ़ते सामाजिक सुरक्षा बोझ के लिये तैयार रहना होगा। वहीं दूसरी ओर उच्च प्रजनन दर वाले राज्यों को युवा आबादी को उत्पादक मानव पूंजी में बदलने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पोषण और रोजगार सृजन में निरंतर निवेश करने की जरूरत है। निःसंदेह, अब वक्त आ गया है कि जनसंख्या नियंत्रण के पुराने उपायों को साक्ष्य आधारित, क्षेत्र-विशिष्ट जनसांख्यिकीय नीतियों से प्रतिस्थापित किया जाए। सही मायने में जनसंख्या पर विमर्श को अब केवल संख्या नियंत्रण तक सीमित न रखकर, हमें निष्पक्षता और दूरदर्शिता के साथ जनसांख्यिकीय परिवर्तन के प्रबंधन की ओर ले जाना होगा। अकसर दक्षिण भारत के राज्य आरोप लगाते रहे हैं कि उन्होंने राष्ट्रीय सरोकारों के लिये ईमानदारी से जनसंख्या नियंत्रण का कार्य संपन्न किया है। लेकिन उन्हें आज इसकी कीमत घटी दर पर मिलने वाले वित्तीय संसाधनों के रूप में चुकानी पड़ रही है। उनका आरोप रहता है कि जनसंख्या नियंत्रण की अनदेखी करने वाले उत्तरी राज्यों को केंद्र से अधिक वित्तीय संसाधनों का आवंटन किया जाता है। हाल ही में महिला आरक्षण लागू करने में परिसीमन के मुद्दे पर दक्षिण भारतीय राज्यों के मुखर विरोध को इसी आलोक में देखा जाना चाहिए।

# रंगभेद की जंजीर तोड़ने वाला अमर योद्धा

*योगेश कुमार गोयल*

नेल्सन मंडेला- एक ऐसा नाम, जो समस्त विश्व समुदाय के लिए मानवता, साहस, सहिष्णुता और संघर्ष का प्रतीक बन गया है। प्रतिवर्ष 18 जुलाई को नेल्सन मंडेला अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है, जो न केवल इस महान नेता को श्रद्धांजलि देने का दिन है बल्कि यह पूरी दुनिया को यह संदेश भी देता है कि परिवर्तन लाने के लिए केवल शब्द नहीं बल्कि कर्म आवश्यक हैं। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि समाज में बदलाव लाने के लिए हम सभी की भूमिका होती है और प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में दूसरों के लिए कुछ कर सकता है। नेल्सन मंडेला का जन्म 18 जुलाई 1918 को दक्षिण अफ्रीका के म्वेजो नामक गांव में हुआ था। वे थेम्बू कुल की एक शाखा मदिवा जनजाति से थे और उनका मूल नाम रोहिलाहला मंडेला था, जिसका अर्थ होता है शरारती। उन्हें नेल्सन नाम उनके स्कूल शिक्षक ने अंग्रेजी नामों की परंपरा के तहत दिया। उनका जीवन एक सामान्य अफ्रीकी बच्चे की तरह शुरू हुआ लेकिन उनके भीतर असाधारण नेतृत्व क्षमता और अन्याय के प्रति गहरी संवेदना थी, जिसने उन्हें बाद में एक क्रांतिकारी नेता बना दिया।

नेल्सन मंडेला की शिक्षा की शुरुआत क्लार्कबरी मिशनरी स्कूल से हुई। आगे की पढ़ाई के लिए उन्होंने फोर्ट हेयर यूनिवर्सिटी और जोहान्सबर्ग स्थित विटवाटरस्रैंड विश्वविद्यालय में दाखिला लिया, जहां उन्होंने कानून की पढ़ाई की। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने रंगभेद नीति और सामाजिक असमानताओं के विरुद्ध आवाज उठानी शुरू कर दी थी। दक्षिण अफ्रीका में उस समय श्वेत अल्पसंख्यक सरकार द्वारा अपरथाइड नामक नस्लीय भेदभाव की क्रूर नीति लागू थी, जिसके अंतर्गत अश्वेतों को बुनियादी अधिकारों से वंचित रखा गया था। उन्हें वोट देने, जमीन रखने, शिक्षा प्राप्त करने, अस्पतालों में इलाज करवाने और बसों-रेस्तरां जैसी सार्वजनिक सेवाओं का समान उपयोग करने का अधिकार नहीं था। मंडेला ने इन्हीं नीतियों के खिलाफ संघर्ष का बिगुल बजाया। वे 1944 में अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस से जुड़ गए और जल्द ही संगठन के युवा विंग के संस्थापक बन गए। अहिंसा और शांतिपूर्ण आंदोलनों के जरिये उन्होंने सरकार पर दबाव बनाना शुरू किया लेकिन जब उन्हें लगा कि सरकार की दमनकारी नीति अहिंसात्मक विरोध को कुचलने पर आमादा है तो उन्होंने उमखोंतो वे सिजवे नामक एक सशस्त्र संगठन की स्थापना की, जो दक्षिण अफ्रीका में क्रांति का आरंभ था।

1962 में मंडेला को गिरफ्तार कर लिया गया और उन पर देशद्रोह, हिंसा भड़काने और विदेशी सहायता प्राप्त करने के आरोप लगाए गए। उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और उन्होंने अपना अधिकांश समय कुख्यात रोबेन द्वीप की जेल में बिताया। यह सजा कुल 27 वर्षों की लंबी यातना बन गई परंतु जेल की कोठरी में रहते हुए भी मंडेला की आत्मा आजाद रही। वे न टूटे, न झुके और न डरे। जेल में उन्होंने पढ़ाई की, दूसरे कैदियों को शिक्षित किया और अपना संघर्ष जारी रखा। इस दौरान दक्षिण अफ्रीका और दुनियाभर में मंडेला की रिहाई की मांग उठने लगी। अंततः सरकार झुकी और 11 फरवरी 1990 को नेल्सन मंडेला को जेल से रिहा किया गया। यह क्षण इतिहास में आज भी जीवंत है, जब एक अश्वेत नेता, जिसे वर्षों तक आतंकवादी करार दिया गया था, अब स्वतंत्रता और न्याय का प्रतीक बन चुका था। रिहाई के बाद मंडेला ने अपने सभी विरोधियों को माफ कर दिया। उन्होंने न केवल अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस को फिर से संगठित किया बल्कि देश को भी एकजुट किया। उन्होंने विभाजन नहीं बल्कि मेल-मिलाप की राजनीति की। उनकी इसी दूरदृष्टि और अहिंसा के पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा ने दक्षिण अफ्रीका को नस्लीय संघर्ष से निकालकर लोकतंत्र की ओर अग्रसर किया।

दक्षिण अफ्रीका में 1994 में पहली बार बहुजातीय आम चुनाव आयोजित हुए, जिसमें हर नागरिक को मतदान का अधिकार मिला और परिणामस्वरूप नेल्सन मंडेला देश के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बने। यह महज एक राजनीतिक जीत नहीं थी, यह एक युग परिवर्तन था। मंडेला ने अपने राष्ट्रपतिकाल में सुलह, सामाजिक समरसता और आर्थिक पुनर्निर्माण की नीति को अपनाया। उन्होंने जातीय द्वेष के बजाय सहयोग को बढ़ावा दिया। उन्होंने सत्य और मेलमिलाप आयोग की स्थापना की, जहां पीड़ित और अपराधियों दोनों को एक साथ लाया गया ताकि सच्चाई सामने आ सके और समाज नई शुरुआत कर सके। नेल्सन मंडेला की सोच उबुन्टु दर्शन से प्रभावित थी, जो अफ्रीकी संस्कृति में मानवीय संबंधों और सह-अस्तित्व की भावना को महत्व देती है। मंडेला ने यह दिखा दिया कि बदले की भावना से कोई देश नहीं बनता बल्कि माफी और मेल-मिलाप की भावना से स्थायी शांति संभव है।

उनके जीवन के योगदान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला। 1993 में उन्हें शांति का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। 1990 में उन्हें भारत सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया और वे यह सम्मान पाने वाले पहले विदेशी व्यक्ति बने। इसके अलावा उन्हें संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका, रूस, फ्रांस जैसे अनेक देशों और संस्थाओं ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया। 2009 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 18 जुलाई को नेल्सन मंडेला अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किया ताकि लोग उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के लिए स्वयं को समर्पित कर सकें। इस दिन दुनियाभर में सामाजिक सेवा, मानवाधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और समानता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र का संदेश है कि हर व्यक्ति इस दिन कम से कम 67 मिनट समाजसेवा को समर्पित करे, जो मंडेला के सार्वजनिक जीवन के 67 वर्षों के प्रतीक हैं। नेल्सन मंडेला का जीवन केवल दक्षिण अफ्रीका तक सीमित नहीं था। उन्होंने दुनिया को यह सिखाया कि सच्चे नेता वह होते हैं, जो अपने कष्टों को व्यक्तिगत नहीं मानते बल्कि उसे जनकल्याण की प्रेरणा बना देते हैं। उन्होंने यह भी दिखाया कि नेतृत्व का अर्थ अधिकार नहीं, जिम्मेदारी है। वे जब राष्ट्रपति बने तो केवल एक कार्यकाल तक सत्ता में रहे जबकि वे चाहते तो आजीवन शासन कर सकते थे पर उन्होंने सत्ता को साध्य नहीं, साधन माना। 5 दिसंबर 2013 को 95 वर्ष की आयु में नेल्सन मंडेला ने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर पूरी दुनिया ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। लाखों लोगों ने उन्हें दक्षिण अफ्रीका का गांधी कहा तो कई लोगों ने उन्हें मानवता का प्रकाश स्तंभ बताया। उनके सम्मान में कई देशों में राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया। आज उनकी मूर्तियां, नाम पर बने संस्थान और उनके विचारों पर आधारित योजनाएं दुनियाभर में उनकी विरासत को जीवित रखे हुए हैं।

नेल्सन मंडेला का जीवन उन लोगों के लिए आदर्श है, जो दुनिया को बेहतर बनाना चाहते हैं। उनका जीवन संघर्षों का था लेकिन उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। उन्होंने दिखाया कि किसी भी अन्याय के खिलाफ लड़ाई अहिंसा और नैतिक साहस से भी लड़ी जा सकती है। नेल्सन मंडेला ने कहा था, मैंने पाया कि साहस डर की अनुपस्थिति नहीं है बल्कि उस पर विजय पाना है। बहादुर वह नहीं होता, जो डरता नहीं है बल्कि वह होता है, जो डर को हराता है। यह कथन आज के विश्व पर भी उतना ही लागू होता है, जितना उनके समय पर था। आज जब दुनिया असहिष्णुता, नस्लवाद, असमानता और युद्ध की चपेट में है, तब मंडेला जैसे नेताओं की सोच, दृष्टि और प्रेरणा पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गई है। वे हमारे समय के ऐसे प्रेरणास्तंभ हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को यह सिखाते रहेंगे कि अंधकार चाहे जितना भी गहरा क्यों न हो, एक मोमबत्ती उसे चीर सकती है। उनकी यह बात हमारे लिए मार्गदर्शक हो सकती है, एक अच्छा दिमाग और एक अच्छा दिल हमेशा एक विजयी संयोजन होता है। इसलिए यदि हम आज भी दुनिया को बदलना चाहते हैं तो हमें अपने भीतर की मानवता, संवेदना और साहस को जगाना होगा, यही नेल्सन मंडेला को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**



*नेल्सन मंडेला का जीवन उन लोगों के लिए आदर्श है, जो दुनिया को बेहतर बनाना चाहते हैं। उनका जीवन संघर्षों का था लेकिन उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। उन्होंने दिखाया कि किसी भी अन्याय के खिलाफ लड़ाई अहिंसा और नैतिक साहस से भी लड़ी जा सकती है। नेल्सन मंडेला ने कहा था, मैंने पाया कि साहस डर की अनुपस्थिति नहीं है बल्कि उस पर विजय पाना है। बहादुर वह नहीं होता, जो डरता नहीं है बल्कि वह होता है, जो डर को हराता है। यह कथन आज के विश्व पर भी उतना ही लागू होता है, जितना उनके समय पर था। आज जब दुनिया असहिष्णुता, नस्लवाद, असमानता और युद्ध की चपेट में है, तब मंडेला जैसे नेताओं की सोच, दृष्टि और प्रेरणा पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गई है। वे हमारे समय के ऐसे प्रेरणास्तंभ हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को यह सिखाते रहेंगे कि अंधकार चाहे जितना भी गहरा क्यों न हो, एक मोमबत्ती उसे चीर सकती है। उनकी यह बात हमारे लिए मार्गदर्शक हो सकती है, एक अच्छा दिमाग और एक अच्छा दिल हमेशा एक विजयी संयोजन होता है। इसलिए यदि हम आज भी दुनिया को बदलना चाहते हैं तो हमें अपने भीतर की मानवता, संवेदना और साहस को जगाना होगा, यही नेल्सन मंडेला को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।*

विचार

# चोरी भी... वापसी भी! आखिर भारत की सांस्कृतिक धरोहरों का प्रहरी कौन?

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

एक ओर दुनिया से लौट रही हैं भारत की बेशकीमती पुरावस्तुएं, दूसरी ओर राज्यों की लापरवाही से देश के भीतर ही असुरक्षित हैं हमारी ऐतिहासिक विरासतें... भारत इन दिनों अपनी सांस्कृतिक विरासत को लेकर दो बिल्कुल विपरीत धाराओं में चलता हुआ दिखाई दे रहा है। पहली तस्वीर गौरव से भर देने वाली है। दुनिया के बड़े-बड़े संग्रहालयों, निजी संग्रहों और नीलामी घरों में पहुंच चुकी भारत की सैकड़ों प्राचीन मूर्तियां, शिलालेख और कलाकृतियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाए गए पुरा-संपदा वापसी अभियान के तहत एक-एक कर स्वदेश लौट रही हैं, तो दूसरी तस्वीर उतनी ही पीड़ादायक है।

वस्तुतः देश के किलों, मंदिरों और संरक्षित स्मारकों से आज भी हमारी अमूल्य धरोहरें और मूर्तियां चोरी हो रही हैं। कई बार प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगती, जब तक कि कोई इस बारे में ध्यान नहीं दिलाता है! सवाल यह है कि जब भारत विदेशों से अपनी खोई हुई विरासत वापस लाने में सफल हो रहा है, तब हम अपने ही घर की विरासत को सुरक्षित क्यों नहीं रख पा रहे?

मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के ऐतिहासिक नरवर किले में हुई घटना ने इस प्रश्न को और अधिक सोचनीय बना दिया है। करीब पांच सौ वर्ष पुरानी, तीन हजार किलोग्राम से अधिक वजनी अष्टधातु की ऐतिहासिक तोप रात के अंधेरे में हथियारबंद बदमाश क्रेन और ट्रक के सहारे उठाकर ले गए। 25 से 30 बदमाशों का गिरोह आया, सुरक्षा कर्मियों को आधुनिक हथियारों के दम पर धमकाया और सदियों पुरानी धरोहर लेकर चला गया। यह किसी फिल्म की पटकथा नहीं, बल्कि भारत की विरासत सुरक्षा व्यवस्था की वास्तविक तस्वीर है। सबसे अधिक चिंता की बात इस तोप चोरी प्रकरण में यह है कि घटना से पहले संदिग्ध गतिविधियों की सूचना स्थानीय लोगों ने दी थी। सुरक्षा बढ़ाने की मांग भी हुई थी, किंतु जिम्मेदार तंत्र ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। जिस किले में करोड़ों रुपये मूल्य की ऐतिहासिक धरोहर रखी हो, वहां न पर्याप्त रोशनी, न आधुनिक निगरानी व्यवस्था और न प्रशिक्षित सुरक्षा बल! आखिर ऐसी लापरवाही की कीमत कौन चुका रहा है? इतिहास तो पहले ही चुका रहा है, देश के सामने अनेक मसले हैं जो ऐतिहासिक भूल के कारण आज भी भारत के समक्ष नासूर बने हुए हैं! ऐसे में यह घटना सोचने पर विवश कर रही है कि नरवर ही क्यों पिछले कई दशकों से देश के अनेक राज्य अंतरराष्ट्रीय पुरावस्तु तस्करों के लिए आसान निशाना क्यों बने हुए हैं! भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हैं कि उसके संरक्षित स्मारकों से ही 480 से अधिक महत्वपूर्ण पुरावशेष गायब हो चुके हैं। सबसे अधिक प्रभावित राज्यों में मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश शामिल हैं।

तमिलनाडु के चोलकालीन मंदिरों से लेकर बिहार के नालंदा संग्रहालय, कर्नाटक के होयसल मंदिरों, आंध्र प्रदेश के प्राचीन मंदिरों और हिमालयी क्षेत्रों के दुर्लभ देवस्थानों तक, शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र बचा हो जहां तस्करों ने अपनी पहुंच न बनाई हो।

खजुराहो की दुर्लभ मूर्तियां हों, तंजावुर के मंदिरों की कांस्य नटराज प्रतिमाएं, चंद्रकेतुगढ़ की मौर्यकालीन टेराकोटा कलाकृतियां या मथुरा की कुषाणकालीन प्रतिमाएं, आज भी भारत की हजारों अमूल्य धरोहरें वर्षों तक फर्जी दस्तावेजों के सहारे विदेशों के संग्रहालयों और निजी संग्रहों तक पहुंचती रही हैं। विरासत संरक्षण से जुड़े शोधकर्ताओं द्वारा बार-बार तथ्यों एवं संदर्भों के आधार पर बताया जा रहा है कि भारत से हर दशक हजारों महत्वपूर्ण कलाकृतियां अवैध रूप से बाहर भेजी जाती हैं, जबकि वास्तविक चोरी के मामलों का बहुत छोटा हिस्सा ही पुलिस रिकॉर्ड तक पहुंच पाता है। अब इसके उलट बात तस्वीर के दूसरे पक्ष की भी करते हैं जोकि आशा जगाता है। वर्ष 2014 के बाद भारत ने अपनी सांस्कृतिक विरासत की वापसी को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया। पहले जहां विदेशों में पहुंच चुकी भारतीय कलाकृतियों को वापस लाने के प्रयास बिखरे हुए थे, वहीं अब यह भारत की विदेश नीति और सांस्कृतिक कूटनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। आंकड़े स्वयं इस परिवर्तन की कहानी कहते हैं। स्वतंत्रता से लेकर वर्ष 2014 तक भारत सिर्फ 13 चोरी हुई पुरावस्तुएं ही वापस ला सका था, किंतु पिछले एक दशक में यह संख्या बढ़कर 600 से अधिक और नवीनतम सरकारी आंकड़ों के अनुसार लगभग 668 तक पहुंच चुकी है। स्वभाविक है ये दृष्य भारत के सांस्कृतिक आत्मविश्वास की पुनर्स्थापना है।

इस अभियान में अमेरिका सबसे बड़ा सहयोगी बनकर सामने आया। अकेले अमेरिका से 500 से अधिक भारतीय पुरावस्तुएं वापस मिली हैं। सितंबर 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान 297 ऐतिहासिक कलाकृतियों की वापसी विश्व इतिहास की सबसे बड़ी सांस्कृतिक प्रत्यावर्तन घटनाओं में गिनी गई। इनमें दो हजार वर्ष ईसा पूर्व से लेकर उन्नीसवीं शताब्दी तक की दुर्लभ मूर्तियां, जैन तीर्थंकर, विष्णु, गणेश, अप्सराएं और अनेक पवित्र कलाकृतियां शामिल थीं। ऑस्ट्रेलिया ने चोलकालीन नटराज प्रतिमा लौटाई, ब्रिटेन ने दुर्लभ मूर्तियां वापस कीं, इटली, कनाडा, जर्मनी, सिंगापुर और स्कॉटलैंड ने भी भारत की विरासत लौटाने में सहयोग दिया। हाल ही में नीदरलैंड से चोलकालीन दुर्लभ ताम्रपत्र सेप्पू पट्टायम की वापसी ने इस अभियान को नई ऊंचाई दी। यह स्पष्ट संकेत है कि आज विश्व भारत की सांस्कृतिक विरासत पर उसके अधिकार को पहले की तुलना में कहीं अधिक सम्मान दे रहा है। किंतु वहीं एक असहज प्रश्न भी खड़ा हो रहा है?

यदि केंद्र सरकार विदेशों से सदियों पहले चोरी हुई धरोहरों को वापस ला सकती है, तो क्या राज्य सरकारें अपने अधिकार क्षेत्र में मौजूद धरोहरों की सुरक्षा भी उसी गंभीरता से नहीं कर सकतीं? आखिर क्यों आज भी अनेक संरक्षित स्मारकों में सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं? क्यों रात में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होती? क्यों प्रशिक्षित सुरक्षा बलों की जगह मात्र औपचारिक चौकीदारी से काम चलाया जा रहा है? और इससे भी महत्वपूर्ण प्रश्न? किसी चोरी के बाद प्रशासन की जवाबदेही भी कभी तय होती है क्या? वास्तव में यह किसी को नहीं भूलना चाहिए कि सांस्कृतिक विरासत पर्यटन का साधन होने के साथ ही किसी राष्ट्र की स्मृति, उसकी पहचान और उसके आत्मसम्मान का आधार होती है। एक मंदिर से चोरी हुई मूर्ति पत्थर या धातु का टुकड़ा होने तक सीमित नहीं है, वह तो सदियों से उस समाज की आस्था, इतिहास और सांस्कृतिक निरंतरता का केंद्र बिन्दु है, इसलिए जब कोई प्रतिमा चोरी होती है तो वह पूरे समाज की सांस्कृतिक चेतना का भी ह्रास है। यहां अब कहना यही है कि नरवर किले की चोरी को सिर्फ एक आपराधिक घटना मान लेना बड़ी भूल होगी। यह उन सभी राज्यों के लिए चेतावनी है जहां हजारों संरक्षित स्मारक आज भी न्यूनतम सुरक्षा व्यवस्था के भरोसे खड़े हैं। यदि तीन हजार किलो वजनी तोप को अपराधी योजनाबद्ध तरीके से उठा सकते हैं, तो छोटी प्रतिमाओं और दुर्लभ पुरावशेषों की सुरक्षा का अनुमान सहज लगाया जा सकता है।

अब समय घटनाओं पर एफआईआर दर्ज करने के साथ इस बात का भी है कि देश में विरासत सुरक्षा की नई राष्ट्रीय कार्यसंस्कृति विकसित हो। प्रत्येक राज्य को अपने सभी पुरावशेषों की डिजिटल सूची तैयार करनी चाहिए। साथ ही वह आधुनिक निगरानी प्रणाली स्थापित करे। विरासत अपराधों के लिए विशेष पुलिस इकाइयां बनाए और पुरातत्व विभाग, स्थानीय प्रशासन तथा खुफिया एजेंसियों के बीच समन्वय को अनिवार्य बनाया जाए। इसे सभी समझें कि विरासत संरक्षण किन्हीं फाइलों तक सीमित हो जानेवाला विषय नहीं है, यह तो शासन की प्राथमिकता में सबसे ऊपर के मुख्य 10 पायदानों में होना चाहिए। आज इस बात को भी सभी गहराई से समझ लें; वस्तुतः भारत आज दुनिया से अपनी बिखरी हुई सांस्कृतिक पहचान वापस ला रहा है। यह स्वतंत्र भारत की सबसे बड़ी सांस्कृतिक उपलब्धियों में से एक है, किंतु इस उपलब्धि का वास्तविक सम्मान तभी होगा, जब देश के भीतर मौजूद प्रत्येक मंदिर, प्रत्येक किला, प्रत्येक संग्रहालय और प्रत्येक पुरावशेष भी उतना ही सुरक्षित होगा, जितनी मेहनत से उन्हें विदेशों से वापस लाया जा रहा है। यदि एक हाथ से हम अपनी विरासत वापस ला रहे हैं और दूसरे हाथ से उसे लापरवाही के कारण खोते जा रहे हैं, तो यह निश्चित तौर पर राष्ट्रीय चेतना के सामने खड़ा सबसे बड़ा आज का मुख्य प्रश्न है?

साहित्य

## न्याय कहीं अँधेरे में..!



**संजय एम तराणेकर**

आज तख्तों पर बैठे फ़ैसले,
सत्य अभी भी कटघरे में है।
ताक़त के आगे झुकता जग,
न्याय लगा कहीं अँधेरे में है।

जहाँ में रोते बच्चे, उजड़े घर,
यहाँ ख़ामोश हुआ हर इंसान।
युद्धों की धधक रहीं आग में,
यूं जलता जा रहा है सम्मान।

यहाँ कानून की मोटी किताबें,
सिर्फ़ शब्दों का बोझ हैं बनीं।
न जाने निर्दोषों की टूटी साँसें,
किसके हिस्से की खोज बनीं?

जब ताक़त ही सच कहलाए,
तब न्याय कहाँ टिक पाएगा?
यदि मानवता संसार हार गई,
तो इतिहास क्या दोहराएगा?

उठो, विवेक की लौ जलाओ,
सत्ता से सच मत हारने दो।
धरती सबकी, जीवन सबका,
इंसानियत को जिन्दा कर दो।



## राशिफल

**मेष:-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**वृषभ:-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुन:-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्क:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंह:-** अच्छे कार्य से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्या:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**तुला:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिक:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनु:-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकर:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभ:-** परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**मीन:-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# कहां चला गया पुलिस के हाथों में लहराने वाला डंडा



*संजय सक्सेना*

उत्तर प्रदेश की सड़कों पर वर्षों तक एक दृश्य बेहद सामान्य हुआ करता था, जो अब केवल पुरानी यादों या पुलिस थानों की धूल फांकती फाइलों में सिमट कर रह गया है। खाकी वर्दी पहने एक पुलिस कर्मी, जिसके हाथ में एक लंबी, मजबूत और पॉलिश की हुई बेंत की लाठी होती थी, जिसे स्थानीय भाषा में हम डंडा कहते हैं। वह डंडा केवल पुलिस की वर्दी का एक अनिवार्य अंग मात्र नहीं था, बल्कि वह उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था का वह आधार स्तंभ था, जो बड़े से बड़े मनचलों और अराजक तत्वों को केवल अपनी मौजूदगी से ही अनुशासित कर देता था। एक समय था जब चौराहों पर ट्रैफिक नियंत्रित करते हुए या भीड़ भरे इलाकों में गश्त करते हुए पुलिस वाले के हाथ का वह डंडा किसी भी विवाद को पल भर में शांत करने के लिए पर्याप्त होता था। उस डंडे के प्रति अपराधियों के मन में एक स्वाभाविक और गहरा खौफ था, जो उन्हें कानून की लक्ष्मण रेखा लाँघने से पहले सोचने पर मजबूर कर देता था। लोग कहते हैं कि वह डंडा केवल लकड़ी का टुकड़ा नहीं, बल्कि राज्य के इकबाल और कानून के शासन का प्रतीक था। जब कोई उपद्रवी या अपराधी सड़क पर कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करता, तो पुलिस वाले के हाथ का वह डंडा एक मूक चेतावनी की तरह काम करता था। उस दौर में पुलिस को किसी भी स्थिति को संभालने के लिए हथियारों के प्रयोग या बल की अधिक आवश्यकता नहीं पड़ती थी, क्योंकि वह डंडा एक मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने में सक्षम था। पुलिस कर्मियों के लिए वह डंडा उनकी सुरक्षा कवच भी था और उनके काम का अभिन्न साथी भी।

लेकिन समय के साथ स्थितियां बदलने लगीं और पुलिस के हाथों से यह डंडा धीरे-धीरे गायब होने लगा। इस बदलाव के पीछे कई जटिल कारण हैं, जिसमें मानवाधिकार संगठनों की बढ़ती सक्रियता और न्यायपालिका की सख्त होती टिप्पणियां प्रमुख हैं। बीते कुछ दशकों में मानवाधिकारों के प्रति वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता बढ़ी है, जिसका परिणाम यह हुआ कि पुलिस के हर कदम की बारीकी से जांच होने लगी। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने तर्क दिया कि पुलिस के हाथ में लाठी का होना अनियंत्रित बल के प्रयोग को बढ़ावा देता है, जिससे नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन हो सकता है। उनके अनुसार, सभ्य समाज में पुलिस को डंडे के बल पर नहीं, बल्कि कानून के तर्क और तकनीकी कौशल के आधार पर काम करना चाहिए। इसके साथ ही, न्यायपालिका ने भी अपने विभिन्न निर्णयों में पुलिस की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल उठाए और यह स्पष्ट किया कि बल का प्रयोग केवल अंतिम विकल्प के रूप में ही किया जाना चाहिए। पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार के शारीरिक बल के इस्तेमाल पर कोर्ट की निगरानी और मीडिया की पैनी नजर ने पुलिस कर्मियों को रक्षात्मक मुद्रा में ला दिया। इन परिस्थितियों ने उत्तर प्रदेश की पुलिस के भीतर एक तरह का डर पैदा कर दिया कि कहीं उनका कोई छोटा सा कदम, जो ड्यूटी के नाते आवश्यक था, उनके लिए कानूनी मुसीबत या निलंबन का कारण न बन जाए। धीरे-धीरे, पुलिस ने खुद को विवादों से बचाने के लिए अपने हाथ से वह डंडा छोड़ देना ही बेहतर समझा। ह्यआज स्थिति यह है कि सड़क पर कानून-व्यवस्था संभालने वाले हमारे पुलिस कर्मी एक अजीब सी लाचारी के दौर से गुजर रहे हैं। बिना डंडे के, वे उन उपद्रवियों और मनचलों के सामने निहत्थे से महसूस होते हैं, जो कानून का सम्मान करने के बजाय पुलिस के संयम को उनकी कमजोरी समझने लगे हैं। जब पुलिस कर्मी के हाथ में डंडा नहीं होता, तो अराजक तत्वों का मनोबल बढ़ता है क्योंकि उन्हें पता होता है कि सामने खड़ा पुलिस वाला कानूनी पचड़ों के डर से हाथ नहीं उठा सकता। यह लाचारी केवल पुलिस कर्मियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आम जनता के लिए भी एक चिंता का विषय है। अक्सर देखा गया है कि छेड़खानी के मामलों में, छोटी-मोटी मारपीट या दंगों जैसी स्थितियों में पुलिस के हाथ में मौजूद वह डंडा ही था, जो फौरन शांति स्थापित कर देता था। अब उसके न होने से पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वैकल्पिक तरीकों जैसे आंसू गैस के गोले, लाठीचार्ज के बड़े ऑपरेशन्स या अन्य बल प्रयोगों का सहारा लेना पड़ता है, जिसमें समय भी अधिक लगता है और जनहानि का खतरा भी बढ़ जाता है। डंडे के जरिए जो काम एक पल में हो जाता था, आज उसी के लिए पुलिस को लंबी प्रशासनिक प्रक्रियाओं और बल प्रयोग के आरोपों का सामना करना पड़ता है। पुलिस के हाथ से डंडा छिन जाने का मतलब केवल एक उपकरण का जाना नहीं है, बल्कि यह राज्य के इकबाल और सड़क पर पुलिस की उपस्थिति के प्रभाव में आई कमी का द्योतक है। खाकी और डंडे का जो समन्वय दशकों से चला आ रहा था, उसके टूटने से पुलिस के आत्मविश्वास पर भी असर पड़ा है। आज का पुलिस कर्मी इस दुविधा में जीता है कि वह कानून का पालन कैसे कराए, जबकि उसके पास उस डंडे का संरक्षण नहीं है, जो बिना किसी को नुकसान पहुँचाए ही अनुशासन कायम कर देता था। न्यायपालिका और मानवाधिकारों का सम्मान करना निःसंदेह आवश्यक है और पुलिस का निरंकुश होना किसी भी लोकतंत्र में स्वीकार्य नहीं है, लेकिन इस प्रक्रिया में उस माध्यम को पूरी तरह खत्म कर देना, जो शांति व्यवस्था बनाए रखने में सबसे अधिक प्रभावी था, एक विचारणीय प्रश्न है। क्या हम एक ऐसे समाज की ओर बढ़ रहे हैं, जहाँ पुलिस को तकनीकी और आधुनिक उपकरणों के नाम पर इतना सीमित कर दिया जाएगा कि वह सड़क पर कानून की धज्जियां उड़ाने वालों के सामने असहाय दिखेगी? समाज में अनुशासन बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि पुलिस को उचित कानूनी सुरक्षा और संसाधन मिले, ताकि वह बिना किसी अनावश्यक भय के अपना कर्तव्य निभा सके। बहरहाल, डंडे के बिना पुलिस का सड़क पर होना ऐसा ही है जैसे किसी सिपाही का बिना ढाल के युद्ध के मैदान में उतरना। आने वाले समय में नीति निर्माताओं को यह सोचना होगा कि कानून के शासन और मानवाधिकारों के बीच एक संतुलन कैसे बनाया जाए, ताकि पुलिस के हाथ का वह प्रतीकात्मक डंडा फिर से अपनी गरिमा और प्रभाव के साथ वापस लौट सके, जो अपराधियों के मन में डर और आम नागरिकों के मन में सुरक्षा का भाव पैदा करता था। पुलिस की इस लाचारी को खत्म करना केवल पुलिस कर्मियों के मनोबल के लिए ही नहीं, बल्कि एक सुरक्षित और अनुशासित समाज के लिए भी अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि कानून का इकबाल बना रहेगा तभी समाज में व्यवस्था का कायम रहना संभव हो सकेगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# साध्वी निरंजन ज्योति ने प्लेटफार्म नंबर चार का किया उद्घाटन

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत फतेहपुर रेलवे स्टेशन का पुर्नविकास होने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने जालंधर से इसका वर्चुअल उद्घाटन किया। रेलवे स्टेशन का उद्घाटन होने के दौरान समूचा पांडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। वहीं अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग साध्वी निरंजन ज्योति ने रेलवे स्टेशन के बाद अब शादीपुर आरओबी की सौगात दिए जाने का भी दावा किया। साउथ सिटी स्थित रेलवे स्टेशन की सेकेंड इंट्री (प्लेटफार्म नंबर चार) पर आयोजित समारोह के दौरान रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ ही निबंध, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र के साथ ही पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि दोआबा से उन्हे जो पहचान मिली है उस पर वह खरा उतरेंगी। बताया कि विभिन्न योजनाओं के साथ ही रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कराए जाने के लिए 33.10 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न काम करवाए गए हैं। जिससे साउथ सिटी के लोगो को खासी राहत मिल सकेगी। बताया कि शादीपुर को छोड़कर जिले में कहीं भी रेलवे क्रासिंग शेष नहीं बची है, जिसके चलते जल्द ही यहां पर आरओबी का काम भी शुरू कराया जाएगा। जिससे लोगो को राहत मिल सके, उन्होने दावा करते हुए कहा कि दो साल के अंदर शादीपुर में आरओबी बनकर तैयार हो जाएगा जिससे यहां से आवागमन करने में होने वाली असुविधाओं से राहत मिल सकेगी। उनके अलावा विधायक अयाहशाह विकास गुप्ता, राजेंद्र सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने शासन की कल्याणकारी योजनाओं का बखान किया। वहीं डीआरएम रजनीश अग्रवाल ने अतिथियों को अंगवस्त्र के साथ ही पर्यावरण संतुलन को एक-एक पौधा प्रदान किया। इस मौके पर एडीआरएम दीपक कुमार, सीनियर डीसीएम फ्रेट सीरत फातिमा, प्रदीप गर्ग, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, प्रसून तिवारी, पंकज त्रिपाठी, मंजू शुक्ला, दीपिका सिंह, अर्चना त्रिपाठी, सुनीता गुप्ता, वैभव द्विवेदी, सुधीर मिश्रा, अरुण शुक्ला, सावन गुप्ता, गौरव अग्रहरि, सुनिधि तिवारी, गायत्री सिंह, सुनील गुप्ता, अतीश पासवान आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने विद्युत की समस्या को लेकर किया प्रदर्शन



**फतेहपुर।** हंसवा विकासखंड के ग्राम मीसा की विद्युत लाइन को असोथर फीडर से हटाकर फरीदपुर फिडर से जोड़े जाने के संबंध में जिला अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया गया, जिसमें इन लोगों ने कहा की वर्तमान समय में आसोथर फीडर से विद्युत जुड़ी हुई है। असोथर फीडर में काफी गांव जुड़े होने के कारण लो वोल्टेज की समस्या आए दिन बनी रहती है। जिसके कारण पर्याप्त विद्युत नहीं मिल पाती है। जिससे ट्यूबवेल समरसेबल नहीं चल पाते हैं और कृषि कार्य प्रभावित होता है। वर्तमान समय में धान की रोपाई का कार्य जोरों पर है किंतु बिजली की समस्या के कारण धान की रोपाई नहीं हो पा रही है। यदि ग्राम मीसा की विद्युत लाइन असोथर फीडर से हटाकर नजदीकी फीडर फरीदपुर से जुड़वा दिया जाए तो गांव के किसानों के समस्या का समाधान हो जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जिसमें पूर्व प्रधान विवेक शर्मा,राज नरेश, बड़का, धर्मराज, छेद्दु, श्रीकांत, राकेश सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान इन लोगों ने यह भी बताया कि जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण उनके गांव में हुआ था जिसका संचालन सोलर पैनल लगाकर करीब 1 वर्ष से हो रहा था। 22 जून को रात्रि में पानी की टंकी को भरने के जो सोलर पैनल लगाए गए थे उनमें से 12 सोलर पैनल की चोरी हो गई। जिसकी शिकायत थाना थरियांव में किया गया जिस पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई और पुनः 12 जुलाई को 11 सोलर पैनल की चोरी फिर हो गई। सुबह पैनल चोरी की जानकारी होने पर ग्राम वासियों ने खोजबीन शुरू की तो गांव के बगल के तालाब में सोलर पैनल पड़े मिले। सोलर पैनल चोरी हो जाने के कारण पानी की टंकी पूरी तरह से बंद है जिससे ग्राम वासियों को पीने के पानी की बहुत परेशानी हो रही है। इन लोगों ने जलापूर्ति बहाल करने की मांग किया।

## खबरें एक नजर में

### मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तीकरण के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान एवं एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों एवं बाजार क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। उन्हें महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं, अधिकारों एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान बालिकाओं को महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 112, 1076, 1090 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया तथा आवश्यकता पड़ने पर इनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है।उन्होने महोबा पुलिस द्वारा भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता अभियान निरंतर चलाए जाने की बात कही गई है, जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

### अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार, दो ने कूदकर बचाई जान



**माधौगढ़ (जालौन)।** माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के गोपालपुरा से कुर्तला गांव जाने वाले मुख्य मार्ग पर शुक्रवार शाम करीब 4.50 बजे एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे के दौरान कार में सवार दो लोगों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए समय रहते वाहन से छलांग लगा दी, जिससे उनकी जान बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक का अचानक वाहन से नियंत्रण हट गया, जिसके बाद कार सड़क से उतरकर खाई में जा गिरी। दुर्घटना के बाद मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। ग्रामीणों ने मिलकर कार को खाई से बाहर निकालने का प्रयास किया। हादसे में कार (नंबर यूपी-92 आर 3464) पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि उसमें सवार दोनों लोगों को मामूली चोटें आईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर संबंधित लोग भी मौके पर पहुंच गए।


### वर्षा जल संचयन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनायें नगरवासी: मित्तल

**जल संरक्षण को लेकर नगर पालिका ने निकाली जन जागरुकता रैली**



**जालौन (उरई)।** वर्षा जल की प्रत्येक बूंद को संरक्षित करने और जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा मुरली मनोहर तालाब परिसर में 'कैच द रेन' जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताते हुए वर्षा जल संचयन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। मुरलीमनोहर तालाब पर आयोजित 'कैच द रेन' जन-जागरूकता अभियान में पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने कहा कि तेजी से गिरता भूजल स्तर और बढ़ती जल संकट की समस्या भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। यदि आज से ही वर्षा जल के संरक्षण और जल स्रोतों के संवर्धन की दिशा में ठोस प्रयास नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियों को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है। प्रत्येक नागरिक को अपने घर, प्रतिष्ठान और संस्थानों में वर्षा जल के संचयन की व्यवस्था विकसित करनी चाहिए, ताकि बारिश का पानी व्यर्थ बहने के बजाय भूजल स्तर बढ़ाने में उपयोग हो सके। इसमें आमजन की भागीदारी भी सबसे महत्वपूर्ण है। ईओ सुशील दोहरे ने कहा कि 'कैच द रेन' अभियान का उद्देश्य वर्षा जल की एक-एक बूंद का संरक्षण करना है। नगर पालिका परिषद इस अभियान के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जल की बचत और वर्षा जल संचयन की आदत अपनाकर ही भविष्य की जल आवश्यकताओं को सुरक्षित किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। सभी ने जल की बर्बादी रोकने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा जल स्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रधान लिपिक रविंद्र सलूजा, आरआई अनूप कुमार, विवेक कंचन, नरेश बाबू सोनी, ललित शुक्ला, शुभम अग्रवाल, नरसिंह यादव, योगेंद्र राठौर, वाचस्पति मिश्रा आदि रहे।

### दस दिन से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं दलित बस्ती और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लोग



**पनवाड़ी/महोबा।** विकासखंड पनवाड़ी के ग्राम किल्हौवा की दलित बस्ती और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र में पिछले 10 दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित है। बिजली बहाली की मांग को लेकर शुक्रवार को ग्रामीण पनवाड़ी पावर हाउस पहुंचे और एसडीओ को ज्ञापन सौंपने के लिए करीब दो से तीन घंटे तक इंतजार करते रहे, लेकिन एसडीओ गिरीश चंद क्षेत्रीय निरीक्षण पर होने के कारण कार्यालय नहीं पहुंच सके। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 10 दिन पहले रात में एक अज्ञात ट्रक की टक्कर से एक विद्युत पोल पूरी तरह टूट गया, जबकि चार अन्य पोल, बिजली की केबल और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए। इसके बाद से पूरे दलित मोहल्ले और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बिजली आपूर्ति बंद पड़ी है। इस संबंध में एसडीओ गिरीश चंद से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि जूनियर इंजीनियर अवनीश कुमार विद्युत लाइन दुरुस्त कराने के कार्य में लगे हैं। उन्होंने कहा कि एक-दो दिन के भीतर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि विभाग द्वारा बताए गए स्थान पर जेई कार्य नहीं करा रहे हैं। उनका आरोप है कि जेई किल्हौवा गांव में न होकर दूसरे स्थान पर लाइन सही करा रहे हैं, जबकि गांव के लोग पिछले कई दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बिजली न होने से गांव में पेयजल संकट भी गहरा गया है, लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की सूचना विद्युत विभाग को तत्काल दे दी गई थी, लेकिन दस दिन बीत जाने के बाद भी क्षतिग्रस्त पोल, ट्रांसफार्मर और बिजली लाइन की मरम्मत पूरी नहीं हो सकी। उन्होंने विभाग की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ग्रामीण घनश्याम, खूबसिंह, सुरेश कुमार, सुनील कुमार, मन्नू, वीरेंद्र, कुंगलेश, अंकित, अखलेश, सीमा मोहनलाल, पवन, नन्हेराम सहित अनेक ग्रामीणों मौजूद रहे ।

# गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराएं: अदिति सिंह

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जनपद फतेहपुर हेतु नामित नोडल अधिकारी/ज्वाइंट सेक्रेटरी मिनिस्ट्री ऑफ रूरल डेवलपमेंट एंड सेंट्रल अदिति सिंह ने कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में नीति आयोग द्वारा निर्धारित संकेतांको की समीक्षा की। उन्होंने नीति आयोग द्वारा निर्धारित संकेतांक(स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संरक्षण, आधारभूत अवसंरचना, संस्थागत वित्त एवं कौशल विकास के अंतर्गत जनपद को आकांक्षी जनपद से महत्वाकांक्षी जनपद बनाने के लिए किए गए कार्यो की अद्यतन स्थिति की जानकारी की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए एनसी एवं सभी अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध कराए साथ ही निजी अस्पतालों में हुए प्रसव का भी डाटा एकत्र कराए और संस्थागत प्रसव पर जोर दिया जाय। उन्होंने कहा जिन स्वास्थ्य केन्द्रों की प्रगति धीमी है, में कार्ययोजना बनाते हुए निगरानी करते हुए शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए। उन्होंने कहा कि कुपोषित/अतिकुपोषित बच्चों को चिन्हित करते हुए सभी को सुपोषित कराए साथ ही जो सुपोषित हो गए है उनकी भी निगरानी बनाए रखे ताकि कुपोषित की श्रेणी में न आने पाए। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि सभी बच्चों का नामांकन अवश्य कराए और कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे का विशेष ध्यान रखे, के लिए शिक्षकों के माध्यम अभिभावकों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करे। उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अधिकाधिक कृषकों का बीमा कराए एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्राप्त दावों का निस्तारण का जल्द से जल्द कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा अपने दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता के साथ करते हुए और जो कार्य किए जा रहे है, में निगरानी बनाए रखते हुए जनपद को आकांक्षी जनपद से महत्वाकांक्षी जनपद लाने प्रयास करें और अपनी सकारात्मक भूमिका का परिचय दे। तत्पश्चात नामित नोडल अधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कुंवरपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिन्दकी का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने नीति आयोग द्वारा दिए गए अवार्ड मनी से कराए गए कार्यो को भी देखा और कहा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयो में शिक्षा की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एलडीएम, उद्यान अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई हरीशंकरी पौधों के रोपण को लेकर बैठक

- **जिलाधिकारी ने कहा- 30 एवं 31 जुलाई को प्रत्येक ब्लॉक में आयोजित होगी बैठक, 7 अगस्त को हर गांव में होगा वृहद शंकरी पौधरोपण**



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन तथा जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में हरीशंकरी वृक्षों के रोपण किये जाने के सम्बन्ध में बैठक समपन्न हुयी।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने हरीशंकरी वृक्षों के अन्तर्गत पीपल, बरगद एवं पाकड के वृक्षों को एक समूह में लगाये जाने के निर्देश दिए।उन्होंनें कहा कि आगामी 7 अगस्त 2026 को वृहद शंकरी वृक्षारोपण के तहत हर गांव हर वार्ड में उत्सव के साथ लगाये जायेंगे।उन्होंनें पर्यटन वाले स्थानों पर विशेष अभियान चलाकर शंकरी वृक्षों का वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए।शंकरी वृक्षारोपण हेतु जिला स्तर पर संयोजक मंडल का गठन भी किया गया है।उन्होंनें प्रत्येक गांव एवं प्रत्येक ब्लाक में बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए।हरीशंकरी वृक्षारोपण से जल प्रबंधन होगा तथा बेहतर ऑक्सीजन की सुविधा एवं छाया आदि प्राप्त होगी।उन्होंनें कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पीपल, पाकड़, बरगद अत्यन्त उपयोगी होंगे। बैठक में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं प्रत्येक वार्ड में हरीशंकरी वृक्षारोपण किये जाने हेतु 30 एवं 31 जुलाई को प्रत्येक ब्लाक में बैठक आयोजित की जायेगी। इसी प्रकार नगर पालिका/नगर पंचायत के वार्डों में हरीशंकरी वृक्षारोपण हेतु 1 एवं 3 अगस्त को बैठक होगी।उन्होने कहा कि हरीशंकरी पौधों का रोपण खुले स्थान व तालाब किनारे एवं बड़ी स्थलों पर कराया जाये।उन्होनें हर ग्राम पंचायत के तीन वरिष्ठ नागरिकों को चुनकर इन पौधों को सुरक्षित एवं संरक्षित किये जाने की जिम्मेदारी दिये जाने के निर्देश दिए। बैठक में गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्यामबिहारी गुप्ता ने कहा कि जल संरक्षण एवं नदियों के संरक्षण के लिए हरीशंकरी पौधे आवश्यक हैं।उन्होंनें हरीशंकरी पौधारोपण को एक उत्सव के रूप में आयोजित करने के निर्देश दिए।उन्होंनें गौ आधारित प्राकृतिक खेती हेतु भी अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए।उन्होंनें कहा कि चलो गांव की ओर के अन्तर्गत शुद्ध हवा भी हरीशंकरी वृक्ष देते हैं। बैठक में गोपाल उपाध्याय, लोक भारती संस्था ने बताया कि 11 जिलों में सफलतापूर्वक हरीशंकरी का वृक्षारोपण किया गया है। इस अवसर पर विधायक सदर राकेश गोस्वामी, विधायक चरखारी ब्रजभूषण राजपूत, सदस्य विधान परिषद जितेन्द्र सिंह सेंगर, पूर्व सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, भाजपा जिला अध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष जे. पी. अनुरागी, जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सूर्यकान्त त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी पंकज यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### रुपयों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद पहुंचा कोतवाली

**जालौन (उरई)।** रुपयों के लेन देने को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद का मामला कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरदोई राजा निवासी एक पक्ष के इंद्रेश, करन सिंह व संजीत एवं दूसरे पक्ष के रंजीत के बीच रुपयों के लेन देन को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों पक्ष एक दूसरे पर रुपये के लेन देन का आरोप लगा रहें थे। शुक्रवार की सुबह इसी बात को लेर दोनों पक्षों के बीच गांव में विवाद हो गया। विवाद के बाद उनके बीच गाली, गलौज व हाथपाई होने लगी। सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस चारों को कोतवाली ले आई जहां उनके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई।

### किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया युवक, पुलिस तलाश में जुटी

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र निवासी किशोरी को एक युवक जेवर व नकदी लेकर अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी को कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम बावली निवासी बॉबी ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। युवक ने बेटी को बहला फुसला लिया। आरोप लगाया कि बीती 15 जुलाई को वह ड्यूटी पर गया था। इसी दौरान बॉबी उनकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। बेटी अपने साथ घर में रखे एक लाख रुपये नकद और मंगलसूत्र, पायल, हाथपेटी ले गई है। पीड़ित पिता ने बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार कोतवाली पुलिस से लगाई है।

# डीएम ने मतदेय स्थलों की सूची को अंतिम रूप देने के लिए आयोजित की बैठक

- **बैठक में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक पार्टी के प्रतिनिधियों ने की सहभागिता**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



मतदेय स्थलों के सम्भाजन अन्तर्गत मतदेय स्थलों के प्रस्ताव तैयार करने हेतु कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ मतदेय स्थलों की सूचियों को अन्तिम रूप दिए जाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मतदेय स्थलों की सूची के आलेख्य प्रकाशन के पश्चात् राजनैतिक दलों द्वारा दिए गए शिकायतों/सुझावों के निस्तारण के उपरान्त मतदेय स्थलों की सूची को अन्तिम रूप दिए जाने के सम्बन्ध में चर्चा की गई। उक्त बैठक में भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष/प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी महोदया द्वारा समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि वर्तमान में 1200 से अधिक मतदाताओं के आधार पर सम्भाजन की कार्यवाही की गई है। मतदेय स्थलों की नई प्रस्तावित सूची में कोई भी आक्जिलरी (सहायक) मतदेय स्थल नहीं रखा गया है। अत्यधिक पुराने व जर्जर भवन वाले कतिपय मतदेय स्थलों को उसी मतदान क्षेत्र के अन्तर्गत उपलब्ध स्थायी भवन में स्थानान्तरित कर दिया गया है। सभी मतदेय स्थलों को 2 किमी की दूरी के अन्तर्गत ही बनाया गया है। सभी मतदेय स्थल भवन भूतल पर ही बनाए गए हैं। दिव्यांगजनों और अशक्त मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल पर रैम्प की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। किसी भी राजनैतिक दल या लेबर यूनियन के कार्यालय से 200 मीटर के अन्दर कोई भी मतदेय स्थल नहीं बनाया गया है। समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा मतदेय स्थलों के सम्भाजन में मतदेय स्थलों की सूचियों को अन्तिम रूप दिए जाने हेतु सहमति व्यक्त की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडे, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ आदेश सिंह सागर सहित समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैंने नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद से अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र बनवाया था। उसमें उसका नाम त्रुटिवश **नैना शाक्य** (Naina shakya) अंकित हो गया है, जबकि उसका सही नाम **पूर्वी** (Purvi) है। नगर पालिका परिषद अभिलेखों में पुत्री का सही नाम दर्ज करने की कृपा करें। मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**अर्जुन शाक्य पुत्र कन्हैया लाल निवासी मो0 दुइया तहसील सदर, जनपद फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

जानकारी के लिए सूचित किया जाता है कि मेरी राजकीय पॉलिटेक्निक इलेक्ट्रिकल डिप्लोमा जून 2017 अंतिम वर्ष जिसका अनुक्रमांक M0128115085 है, की अंकतालिका कहीं खो गयी है। जिसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चली। मुझे द्वितीय प्रति की आवश्यकता है।

**ऋषभ दीक्षित पुत्र सुभाष चन्द्र दीक्षित निवासी मो0 मेहंदीबाग, कायमगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।**

**मो.नं.-9696891968, 8707520660**

**जाहिर सूचना**

सूचनार्थी अनिमेष चौधरी पुत्र दीपेंद्र कुमार निवासी- मकान संख्या 382, न्यू शुभम सिटी, नियर सौभाग्य मैरिज हॉल, पंडित खेड़ा, कृष्णा नगर, लखनऊ के पॉलिसी संख्या 214917114 में सूचनार्थी का नाम शान पुत्र दीपेंद्र कुमार पता उपरोक्त अंकित है, जबकि सूचनार्थी के आधार कार्ड में अनिमेष चौधरी अंकित है। शान और अनिमेष चौधरी दोनों सूचनार्थी के ही नाम है। उक्त पॉलिसी वो बांड में सूचनार्थी का नाम आधार कार्ड आधार पर अनिमेष चौधरी अंकित किया जाए।

**सूचनार्थी-अनिमेष चौधरी, पता उपरोक्त**

# टिकट के दावेदार पहले जमीनी स्तर पर करें कार्य, फिर मांगे टिकट

- **भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष का प्रथम जनपद आगमन, अनेक स्थानों पर हुआ स्वागत**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए साफतौर पर कहा कि केवल चुनाव में टिकट पाने की उम्मीद लेकर जो कार्यकर्ता सक्रिय है। उन्होंने ऐसे कार्यकर्ताओं को सावधान करते हुये कहा कि चुनाव में केवल एक व्यक्ति को टिकट मिलता है लिहाजा ज्यादातर लोगों को निराश होना पड़ता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ऐसे लोग पार्टी में रहकर पार्टी की जड़ों को काटने का कार्य करेंगे तो ऐसे लोगों को अब सहन नहीं किया जायेगा। जो भी व्यक्ति पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाया जायेगा उसके विरुद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

स्थानीय गेस्ट हाउस में स्वागत समारोह में मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव में टिकट मिले या न मिले सभी को पार्टी को मजबूत करने के लिये जमीनी स्तर पर कार्य करना ही होगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्णय को सभी लोग मानने को बाध्य होंगे। यह बात प्रत्येक कार्यकर्ता भलीभांति समझ लें। उन्होंने कहा कि अब तक जो लोग केवल लखनऊ की राजनीति करते हैं ऐसा अब नहीं चलेगा। ऐसे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को साफ तौर पर उन्होंने संकेत दे दिया कि वह अपने जनपद में भी जमीनी स्तर पर कार्य करें। उन्होंने कहा संगठन सर्वोपरि है उसके हर फैसले को हम सभी को मानने होंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास के नारे के साथ कार्य कर रही हैं। इससे पूर्व कानपुर-बुंदेलखंड अध्यक्ष रामकिशोर साहू का प्रथम जनपद आगमन पर सबसे पहले पिरौना में भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, मूलचंद्र निरंजन ने स्वागत किया। एट टोल पर एमएलसी रमा निरंजन एवं युवा मोर्चा द्वारा स्वागत किया गया। रामराजा पैलेस पर जिला पंचायत प्रशासक घनश्याम अनुरागी ने टीम सहित स्वागत किया। रघुवीर धाम पर पूर्व विधायक संतराम सेंगर, नागेंद्र गुप्ता ने स्वागत किया। इसी क्रम में विभिन्न समाज ने अलग अलग स्वागत किया। मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश मंत्री अनिल यादव, जिला प्रभारी अशोक जाटव, अरविंद चौहान, राजेश सेगर नरेंद्र सिंह जादौन, रामेंद्र सेंगर, उदयन पालीवाल, जगदीश तिवारी, संजीव उपाध्याय, संजय त्रिपाठी, अरुण मेहरोत्रा, विजय चौधरी, रामराजा निरंजन आशीष चतुर्वेदी, रामलखन, विवेक कुशवाहा, पुष्पेंद्र सेंगर, प्रशांत द्विवेदी एवं हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रसव के नाम पर वसूले 2100 रुपए, जांच के आदेश

**▸ जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई**



**रामसनेहीघाट,बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

सीएचसी बनीकोडर के अंतर्गत संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पटकनपुरवा में प्रसव के नाम पर एक गरीब मजदूर से 2100 रुपये वसूले जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मृत शिशु के जन्म के बाद भी एएनएम ने प्रसव शुल्क के नाम पर रुपये ले लिए। मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच के आदेश दिए हैं। सकौली गांव निवासी गंगाराम ने बताया कि बुधवार रात प्रसव पीड़ा होने पर वह अपनी गर्भवती पत्नी कोमल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पटकनपुरवा लेकर पहुंचे थे। यहां प्रसव के दौरान मृत शिशु का जन्म हुआ। गंगाराम का आरोप है कि इस दुखद स्थिति के बावजूद वहां तैनात एएनएम ने उनसे प्रसव के नाम पर 2100 रुपये वसूल लिए। इसके अलावा दाई ने 250 रुपये लिए और चाय-पानी के नाम पर भी अलग से खर्च कराया गया।

गंगाराम ने बताया कि वह दिहाड़ी मजदूर हैं और परिवार का भरण-पोषण मजदूरी करके करते हैं। इतनी बड़ी रकम जुटाना उनके लिए आसान नहीं है। मृत शिशु के जन्म के सदमे के बीच पैसे लिए, जाने से परिवार और भी परेशान हो गया। मामला सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। सीएचसी बनीकोडर के अधीक्षक डॉ. रमेश चंद्र ने बताया कि शिकायत मिलते ही मामले की जांच शुरू करा दी गई है। संबंधित एएनएम से पीड़ित के रुपये वापस कराए जा रहे हैं। जांच में आरोप सही मिलने पर नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रंजन गौतम ने बताया कि पूरे मामले की जांच के लिए टीम गठित की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकारी अस्पतालों में प्रसव की सुविधा पूरी तरह निशुल्क होने के बावजूद प्रसव के नाम पर अवैध वसूली के आरोप ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सभी की निगाहें विभागीय जांच और उसकी कार्रवाई पर टिकी हैं।

## संक्रमणीय भूमिधर की जमीन पैमाइश पर हुआ विवाद

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** संक्रमणीय भूमिधर किसान की पैमाइशशुदा जमीन पर पूर्व व वर्तमान लेखपाल की कार्यशैली से नया विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि एक ओर विवादित घरौनी के आधार पर दोबारा नाप कराई गई, तो दूसरी ओर शिकायतों और मुकदमे के बावजूद कब्जे की कोशिश पर प्रशासन की चुप्पी ने राजस्व कर्मियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। देवा गांव निवासी चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव ने तहसील प्रशासन से शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि उनकी गाटा संख्या 1181 की संक्रमणीय भूमिधर भूमि पर कब्जा कराने के लिए राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से पूरा खेल रचा जा रहा है। उन्होंने बताया कि करीब दो माह पहले धारा-24 के तहत राजस्व अधिकारियों ने उनकी भूमि की पैमाइश कर सीमांकन कराया था, जिसके बाद उन्होंने पिलर लगवाकर तारबंदी करा दी थी। आरोप है कि इसी बीच गांव निवासी हरिश्चंद्र रावत ने तत्कालीन लेखपाल की मिलीभगत से उक्त भूमि को घरौनी में अपने नाम दर्ज करा लिया।

# बस में पीछे से ट्रक की टक्कर, चालक समेत तीन घायल

**▸ दुर्घटना के चलते कुछ समय तक एनएच-27 पर यातायात रहा प्रभावित**



**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-27) पर गुरुवार देर रात रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के दुल्हादेपुर मोड़ के पास सड़क किनारे रुकी रोडवेज बस में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, देवरिया डिपो की रोडवेज बस अयोध्या से लखनऊ जा रही थी। बस चालक दुर्गा प्रसाद मिश्रा पुत्र दिनेश मिश्रा, निवासी ग्राम मुंडेरा, थाना गोविंदपुर, जनपद देवरिया, दुल्हादेपुर मोड़ के पास सुमेरगंज निवासी यात्री सोनू पुत्र रविंद्र कुमार को उतारने के लिए बस सड़क किनारे रोक रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने बस के पिछले हिस्से में जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में बस चालक दुर्गा प्रसाद मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं बस में सवार आकांक्षा पत्नी सुशील, निवासी जिला औरैया, तथा यात्री सोनू पुत्र रविंद्र कुमार, निवासी कस्बा सुमेरगंज, थाना रामसनेहीघाट, भी घायल हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी दयाशंकर द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चालक दुर्गा प्रसाद मिश्रा की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य दोनों घायलों का उपचार सीएचसी में कराया गया। दुर्घटना के चलते कुछ समय तक एनएच-27 पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस और ट्रक को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रंजिश में युवक पर हमला, जिला अस्पताल रेफर

**लाठी-डंडों व धारदार हथियार से मारपीट का आरोप, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के सराय वन पुकार गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक की जमकर पिटाई कर दी गई। मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सीएचसी हैदरगढ़ ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए, जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी रामशंकर दीक्षित पुत्र राम बहादुर दीक्षित ने बताया कि वह शुक्रवार सुबह करीब 6:30 बजे स्कूली बस लेकर घर से निकले थे। घर से लगभग एक किलोमीटर दूर पहुंचने पर गांव के ही सजन पुत्र पुतई, सुरेंद्र तथा उनके अन्य साथियों ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी फरार हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की शिकायतें



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।

## सर्पदंश एवं उपचार पर संगोष्ठी आयोजित

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में शुक्रवार को सर्पदंश एवं उपचार विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। बरसात के मौसम में सर्पदंश की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर यह आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को तत्काल और बेहतर उपचार उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीएमएस डॉ. अजय सिंह ने इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्पदंश के मरीज को अस्पताल लाने में बिल्कुल भी देरी न की जाए। अस्पताल में एंटी स्नेक वेनम, आवश्यक दवाएं और ऑक्सीजन की व्यवस्था 24 घंटे सुनिश्चित की जाए। डॉक्टरों को लक्षणों की पहचान कर उपचार शुरू करने को कहा गया, ताकि मरीज की जान बचाई जा सके। संगोष्ठी में वरिष्ठ चिकित्सकों ने सर्पदंश के प्रकार, प्राथमिक उपचार, घाव की देखभाल और रेफरल प्रोटोकॉल पर विस्तृत जानकारी दी।

# चोरी की घटना का अनावरण पुलिस ने चोर को भेजा जेल

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

लोधेश्वर महादेवा मे एक सप्ताह पूर्व लाखो रुपये और जेवरातो की हुई चोरी के मामले में पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।घटना का सफल अनावरण करते हुए आरोपी के कब्जे से 6 लाख 25 हजार 300 रुपये नकद और भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण बरामद कर लेने में सफलता हासिल की। प्राप्त विवरण के अनुसार महादेवा की निवासी ललिता किन्नर ने पुलिस को तहरीर देकर घरेलू नौकर पर चोरी की घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया था।मामला दर्ज होने के बाद पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने जल्द खुलासा करने का निर्देश दिया था। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने डिजिटल डेटा और मैनुअल इंटेलिजेंस की मदद से शुक्रवार को थाना क्षेत्र के पुराने हाईवे के पास से आरोपी विवेक सिंह उर्फ गोलू उर्फ बिछ्छी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 6 लाख 25 हजार 300 सौ रुपये नकद तथा पीली धातु की 9 अंगूठियां,छल्ले,गले की चेन, दो जोड़ी बालियां,नाक की कील,पांच लॉकेट,दो गोल सिक्के,दो आयताकार सिक्के, पांच कान के टप्स तथा सफेद धातु के नौ सिक्के,दो चांदी के बिस्किट,55 पायल,एक चेन,तीन अंगूठियां, एक जोड़ी कुण्डल, 18 बिछिया तथा एक जोड़ी हाथ फूल बरामद करने में सफलता हासिल की। पूछताछ मे आरोपी ने स्वीकार किया कि वह वादिनी के घर नौकर था उनकी अनुपस्थिती में चोरी की थी।

# खबरें एक नजर में

## 21-22 नवंबर को होगी ओडीओपी दरी बायर-सेलर मीट



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत दरी उत्पाद के प्रचार-प्रसार के लिए 21-22 नवंबर 2026 को बायर-सेलर मीट आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में हुई तैयारी बैठक में विदेशी और दक्षिण भारतीय खरीदारों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। डीएम ने उपायुक्त उद्योग को अक्टूबर तक आयोजन स्थल सहित सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी, विभागीय अधिकारी, दरी उत्पादक, निर्यातक एवं अन्य संबंधित प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बीडीओ श्रद्धा सोनकर ने महराजगंज ब्लॉक का संभाला कार्यभार



**महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर विगत कई दिनों से न होने की वजह से ब्लॉक क्षेत्र में ग्राम पंचायत में चल रहे विकास कार्यों में बाधा आ रही थी ग्राम प्रधान का कार्यकाल खत्म होने के बाद शासन द्वारा ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने के बाद से ग्राम पंचायतों मे और अधिक चुनौतियां मिल रही हैं। सक्षम अधिकारी न होने की वजह से ब्लॉक और ग्राम पंचायतों में तालमेल नहीं बैठ रहा था और कई ग्राम पंचायतों में विकास कार्य रुके हुए थे जिसको देखते हुए शासन द्वारा नवांगतुक खंड विकास अधिकारी श्रद्धा सोनकर को महराजगंज ब्लॉक की कमान दी गई है नवांगतुक खंड विकास अधिकारी श्रद्धा सोनकर ने महराजगंज ब्लॉक पहुंचकर चार्ज संभाल लिया है और विकास खंड क्षेत्र में हो रहे विकास को गति देने का कार्य शुरू कर दिया है।

## चकबंदी कार्यों को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक



**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने चकबंदी विभाग के अधिकारियों के साथ जनपद में चल रहे चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक किया। जिलाधिकारी ने चकबंदी प्रक्रिया के संबंध में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से जानकारी ली जिस पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह ने बताया कि जनपद में चकबंदी की प्रक्रिया में 44 गांव शामिल हैं जिसमें तहसील गौरीगंज के 10, मुसाफिरखाना के 24, अमेठी के 8 व तिलोई के 2 गांव शामिल हैं, जिनमें धारा 8 में 5 गांव, धारा 9 में 8 गांव, धारा 10 में 10 गांव, धारा 20 में 7 गांव, धारा 27 में 8 गांव तथा धारा 52 में 12 गांवों में कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि 4 गांव जिनमें अमेठी तहसील के भागीपुर व बड़गांव तथा मुसाफिरखाना तहसील में कैमा व कोइलारा मुबारकपुर में कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही पूरी कर ली गई है। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान कहा कि जिन गांवों में धारा 52 की कार्रवाई पूर्ण हो गई है उनमें अंतिम अभिलेख तैयार कर तहसील को भेजने की कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि चकबंदी से संबंधित 5 वर्ष से अधिक पुराने वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। जिलाधिकारी ने चकबंदी विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि चकबंदी कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही ना करें अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमृता सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह, सहायक चकबंदी अधिकारी प्रथम तल गौरीगंज अभिषेक यादव, चकबंदी कानूनगो सुलतान सिंह सहित समस्त चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी उपस्थित रहे।

## शटर तोड़कर चोरों ने उड़ाया लाखों का सामान

**मसौली बाराबंकी।** गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बड़ागांव में अज्ञात चोरों ने एक बिल्डिंग का शटर तोड़कर लाखों रुपये मूल्य का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। फतेहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुरसेल निवासी उमेश चंद्र चौधरी पुत्र केशवराम चौधरी की गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मकान का शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और इनवर्टर, बैटरी, सिंचाई इंजन, टिल्लू मोटर, जीआई पाइप सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। सुबह बिल्डिंग मालिक के पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर चोरी गए सामान का विवरण सौंपा और घटना के शीघ्र खुलासे की मांग की है। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी करने और चोरी की घटनाओं के जल्द खुलासे की मांग की है।



## पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में ली परेड की सलामी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार को जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में उपस्थित पुलिसकर्मियों से अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय व जनपद के विभिन्न थानों व शाखाओं के अधिकारी कर्मचारीगण सम्मिलित हुये। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं अच्छी वर्दी धारण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन का मुआयना करते हुए बैरक, शस्त्रागार, मेस, बैरिक, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आदि क निरीक्षण किया गया तथा 112-पीआरवी व थानों के वाहनों में आवश्यक भीड़ व दंगा नियंत्रण उपकरणों को चेक किया गया तथा पुलिस लाइन में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# संतुलित आहार व माहवारी स्वच्छता से एनीमिया से बचाव संभव

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

सोसाइटी फॉर एनिमल हेल्थ, एग्रीकल्चर साइंस एंड ह्यूमैनिटी संबद्ध मेरा युवा भारत, अमेठी एवं सहायक ट्रस्ट, मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में विकास खंड अमेठी के उच्च माध्यमिक विद्यालय बरियापुर में किशोरियों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य एनीमिया, माहवारी स्वच्छता एवं गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।



कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन शुक्ला ने किया। इस अवसर पर आशा बहू पुष्पा मिश्रा ने किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के उपायों की जानकारी दी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्योति यादव ने बताया कि सामान्य महिला के शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर लगभग 12 ग्राम प्रति डेसीलीटर होना चाहिए। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अध्ययन में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की समस्या पाई गई है, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर एस.पी. सिंह ने कहा कि देश में बड़ी संख्या में किशोरियां एनीमिया से प्रभावित हैं। उन्होंने अंकुरित अनाज, सहजन, हरी सब्जियों तथा लोहे की कड़ाही में भोजन पकाने की सलाह दी। आशा बहू शांति देवी ने एनीमिया के लक्षणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इससे थकान, चक्कर आना, सांस लेने में कठिनाई, सिरदर्द, भूख में कमी, चिड़चिड़ापन तथा बार-बार बीमार पड़ने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं में एनीमिया समय से पूर्व प्रसव और कम वजन वाले शिशु के जन्म का कारण भी बन सकता है। स्वयंसेविका एवं लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की छात्रा संध्या विश्वकर्मा ने संतुलित आहार के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि भोजन में आयरन, प्रोटीन, विटामिन-सी, हरी पत्तेदार सब्जियां, चुकंदर और गाजर को शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर शांति देवी, मीना, कुसुम सिंह, रेशमा देवी सहित 45 से अधिक महिलाएं उपस्थित रहीं।

# डिजिटल लाइब्रेरी का भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया शुभारंभ




**महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

बालाजी पब्लिक स्कूल पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी ने फीता काटकर डिजिटल लाइब्रेरी का किया शुभारंभ।

महराजगंज कस्बे के बछरावां मार्ग पर स्थित बालाजी पब्लिक स्कूल पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी का विद्यालय प्रबंधक विवेक पांडे द्वारा भारत माता का चित्र देकर सम्मानित किया गया तो वही विद्यालय की प्रधानाचार्य वंदना पांडे ने बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत व सम्मान किया ।बुद्धि लाल पासी ने कहा कि मौजूदा समय में आधुनिक शिक्षा बहुत जरूरी है अतः हम सभी अभिभावकों को अपने बच्चों को आधुनिक शिक्षा जरूर दिलवानी चाहिए क्योंकि आने वाले समय में और मौजूदा वक्त में आधुनिक शिक्षा से ही व्यक्ति का विकास हो सकता है। पूर्व मंडल अध्यक्ष महाराजगंज विद्यालय प्रबंधक विवेक पांडे ने बताया कि डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन फीता काटकर एवं केक काटते हुए जिला अध्यक्ष भाजपा बुद्धि लाल पासी द्वारा किया गया है सभी मानकों को पूरा करते हुए लाइब्रेरी खोली गई है आपके बच्चों के लिए हर तरह की सुविधा जो भी डिजिटल लाइब्रेरी मे मिलती है हमारे यहां मिलेंगी इस मौके पर नीरज अवस्थी वर्णित श्रीवास्तव खुशबू यादव साधना चित्रांशी अनिल मौर्य रोहित सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अवैध खनन और कटान के खेल पर जिम्मेदारों पर उठ रहे हैं सवाल



**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** सलोन कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी सूची अंतर्गत अवैध खनन और अवैध कटान का कार्य धड़ल्ले से जारी है। क्षेत्र में लगातार हो रही इन गतिविधियों को लेकर स्थानीय लोगों के बीच चर्चा भी तेज हो गई है। आखिर किन लोगों के संरक्षण में अवैध कारोबार फल फूल रहा है।वहीं पुलिस की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। चौकी प्रभारी की भूमिका को लेकर भी तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। अवैध गतिविधियां संचालित के बावजूद जिम्मेदार विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है।

आखिर जिम्मेदारों की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ जाए तो लोगों में तरह के सवाल उठना लाजिमी है। क्या पुलिस प्रशासन कटान और खनन पर कोई कार्रवाई करेगा या फिर यह सिलसिला इसी तरह जारी रहेगा।फिलहाल लोगों की निगाहें अगली कार्रवाई पर टिकी है।

## दिशा श्रीवास्तव बनीं गौरीगंज की नई एसडीएम

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शासन के प्रशासनिक फेरबदल के तहत दिशा श्रीवास्तव को गौरीगंज तहसील का नया उप जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है वहीं उपजिलाधिकारी अरूणिमा श्रीवास्तव को तिलोई तहसील का कार्यभार सौंपा गया है। शुक्रवार को उन्होंने कार्यभार ग्रहण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नई एसडीएम की प्राथमिकताओं में राजस्व मामलों का समयबद्ध निस्तारण, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखना, सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तथा जनशिकायतों का त्वरित समाधान शामिल रहेगा। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने उनकी नियुक्ति का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में तहसील प्रशासन अधिक सक्रिय, पारदर्शी और जनहितैषी बनेगा।



# एफडीडीआई ने किया दीक्षारंभ समारोह का आयोजन

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

वाणिज्य मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय महत्व के संस्थान एफडीडीआई फुरसतगंज में 2026-27 में प्रवेश लेने वाले छात्रो हेतु एफडीडीआई द्वारा एक विस्तृत ओरिएंटेशन प्रोग्राम (दीक्षारंभ समारोह) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए छात्रों को संस्थान के माहौल, नियमों, संकाय सदस्यों और उपलब्ध सुविधाओं से परिचित कराना था। यह कार्यक्रम 14 जुलाई से 17 जुलाई तक आयोजित किया गया।

मीडिया प्रभारी नलिन पाण्डेय ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत, संस्थान के कार्यकारी निदेशक सुनील द्विवेदी के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यकारी निदेशक सुनील द्विवेदी ने अपने संबोधन में छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कॉलेज जीवन अनुशासन, कड़ी मेहनत और नए अनुभवों का मिश्रण है। संस्थान के निदेशक ने कॉलेज की गौरवशाली परंपरा और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने नए छात्रों को भरोसा दिलाया कि संस्थान उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव संसाधन और मार्गदर्शन प्रदान करेगा।




नवप्रवेशित छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। इस अवसर पर एड्मिशन प्रभारी वरुण गुप्ता ने यह भी बताया की संस्थान के विभिन्न विभागो में अभी भी कुछ रिक्त सीटे हैं। इन सीटो के लिए संस्थान द्वारा स्पेशल एड्मिशन ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। यह विद्यार्थियो के लिए एक सुनहरा मौका है। इच्छुक छात्र इससे संस्थान मे प्रवेश लेकर अपना भविष्य उज्ज्वल कर सकते हैं। इस हेतु एड्मिशन विभाग मे वरुण गुप्ता तथा सुश्री सीमा यादव से संपर्क किया जा सकता है। अब इन विद्यार्थियो की कक्षाओ का संचालन नियमित रूप से सोमवार से प्रारम्भ होगा। सत्र के प्रथम दिवस, सोमवार को सभी छात्रो को शैक्षिक किट भी प्रदान कि जाएगी।

# लाखों के खर्च पर उठे सवाल जांच के घेरे में प्रधान-सचिव

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड परसेंडी की दो ग्राम पंचायतों में सरकारी धन के भुगतान को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विकास कार्यों और पंचायत मद की धनराशि का भुगतान नियमों के विपरीत किया गया है। मामले के सामने आने के बाद पंचायतों की वित्तीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं और निष्पक्ष जांच की मांग तेज हो गई है। भवानापुर में प्रधान के खाते में अतिरिक्त भुगतान पर सवाल ग्राम पंचायत भवानापुर में आरोप है कि ग्राम प्रधान वीरेंद्र कुमार के खाते में मानदेय के अतिरिक्त भी भुगतान दर्ज किए गए हैं। शिकायतकर्ताओं के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में 15वें एवं 5वें वित्त आयोग की धनराशि से निम्न भुगतान दर्शाए गए हैं-9,850 - 22 जुलाई 2024,5,250 - 22 जुलाई 2024,5,400 - 18 सितम्बर 2024,5,400 - 18 सितम्बर 2024 यदि अभिलेखों में दर्ज ये भुगतान नियमों के अनुरूप नहीं पाए जाते हैं, तो इनके औचित्य की जांच आवश्यक होगी। टप्पा खजुरिया में नल मरम्मत के नाम पर 4 लाख से अधिक भुगतान ग्राम पंचायत टप्पा खजुरिया में तैनात सचिव दिनेश कुमार पर आरोप है कि नल मरम्मत एवं नल रिबोर के नाम पर एक ही वित्तीय वर्ष में 4,11,590 से अधिक का भुगतान दर्ज किया गया।

# ओडीओपी-ओडीओसी योजना की हुई समीक्षा बैठक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ओ.डी.ओ.पी./ओ.डी.ओ.सी. योजना की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी स्टेकहोल्डर्स/उद्यमियों का परिचय प्राप्त किया गया। तदोपरांत उपायुक्त उद्योग द्वारा ओडीओपी/ओडीओसी योजना के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ओडीओपी मार्जिन मनी योजना के अंतर्गत जनपद के चयनित ओडीओपी उत्पाद काष्ठकला से सम्बंधित इकाई स्थापित करने पर रु. 25.00 लाख तक की कुल परियोजना लागत परियोजना लागत का अधिकतम 25ब्र सब्सिडी देय है।



रु.25.00 लाख से अधिक एवं रु. 50.00 लाख तक की परियोजना लागत पर परियोजना लागत का अधिकतम 20 प्रतिशत सब्सिडी देय है। रु. 50.00 लाख से 150.00 लाख तक की परियोजना लागत पर परियोजना लागत का अधिकतम 10 प्रतिशत सब्सिडी के रूप में देय है। ओडीओपी विपणन प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रादेशिक/राष्ट्रीय एवं अंतर्रराष्ट्रीय स्तर के मेलों/ प्रदर्शनियों में ओडीओपी/ ओडीओसी योजना के उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग किये जाने पर स्टाल चार्जेज का अधिकतम 75प्रतिशत रु. 50,000 से लेकर अधिकतम रु. 2.00 लाख की धनराशि की प्रतिपूर्ति की जाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के ओडीओपी/ओडीओसी उत्पाद की उत्कृष्ठ पैकेजिंग एवं मूल्य संवर्धन पर जोर देते हुए उपायुक्त उद्योग एवं निफ्ट, रायबरेली से आये हुए संयुक्त निदेशक अमिताभ चौधरी एवं परियोजना समन्वयक भार्गवी कुमार अय्यर को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया।

# जीडी गोयनका स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों ने किया पौधरोपण

▸ चार दिवसीय पौधारोपण अभियान का सफल आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



नगर में फर्रुखाबाद रोड स्थित जीडी गोयनका स्कूल में 13 से 16 जुलाई तक एक पेड़ माँ के नाम थीम पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने चार दिवसीय पौधारोपण अभियान का सफल आयोजन किया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा माताओं के सम्मान में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना था। अभियान के दौरान छात्र छात्राओं ने अपनी माताओं के नाम पर एक-एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर नीम, पीपल, बरगद, अर्जुन, अशोक, आंवला, जामुन, आम, शीशम, गुलमोहर, अमलतास, कचनार तथा बेल जैसे छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। प्रधानाचार्य रूबी यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाले वर्षों में अनेक लोगों को स्वच्छ हवा, छाया और जीवन प्रदान करेगा। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को पौधा लगाने के साथ-साथ उसकी देखभाल की भी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई और विद्यार्थियों को वृक्षों का महत्व बताते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। विद्यालय परिसर में लगाए गए पौधों ने हरियाली का सुंदर संदेश दिया और सभी ने मिलकर ÷एक पेड़ माँ के नाम अभियान को सफल बनाने का संकल्प दोहराया।

पौधारोपण अभियान में कक्षा 3 ए से हम्माद खान, अभिराज त्रिवेदी, कनिष्का, अनन्य, नेहान अंसारी, कक्षा 3 बी से एली, अदिति सिंह, शिवांग, शशांक, कक्षा 4 से अर्णव भदौरिया, अभिराज, अनाया दुबे, वृद्धिमान, आनंद मिश्रा, समृद्धि, कक्षा 5 ए से दक्षा, आयुष्मान, पावनी, मजहर, माधवन और कक्षा 5 बी से खुशी, अनिका, दिव्यांश, यश व अथर्व ने प्रतिभाग किया।

## बाइक का चालान काटने पर हुआ फर्जी नंबर प्लेट का खुलासा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जालसाज अब धोखाधड़ी के लिए नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। ऐसा ही एक चौंकाने वाला मामला छिबरामऊ में सामने आया है, जिसने वाहन मालिकों की चिंता बढ़ा दी है। नगर के पश्चिमी बाईपास निवासी ऋतिक शावय दिल्ली में रहकर ओला कैब चलाते हैं। वह पिछले 15-20 दिनों से दिल्ली में ही रह रहे हैं, जबकि उनकी बाइक घर पर सुरक्षित खड़ी है। 16 जुलाई को उनके मोबाइल पर बाइक का 2,000 रुपये का ई-चालान कटने का संदेश मिला। यह देखकर वह हैरान रह गए। चालान की फोटो देखने पर पता चला कि उसमें दर्ज नंबर उनकी बाइक का था, लेकिन बाइक का मॉडल और रंग पूरी तरह अलग था। इससे स्पष्ट हुआ कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी बाइक का फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाया और नगर के पूर्वी बाईपास के आसपास यातायात नियमों का उल्लंघन किया। ऋतिक ने मामले की शिकायत पुलिस से करने की तैयारी शुरू कर दी है। यह घटना वाहन मालिकों के लिए सतर्क रहने और ऐसे मामलों की तत्काल जांच कराने की सीख देती है।

# सुभाष अकादमी में मनाया गया विश्व इमोजी दिवस

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**



सुभाष अकादमी, आवास विकास कॉलोनी में प्री-प्राइमरी के बच्चों ने विश्व इमोजी दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया। बच्चों की खुशी देखते ही बनती थी।

इस अवसर पर अकादमी के सीईओ कार्तिकेय सक्सेना ने सभी बच्चों को विश्व इमोजी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पहले बच्चे अपनी भावनाओं को शब्दों के माध्यम से व्यक्त करते थे, लेकिन अब इमोजी के जरिए वे अपनी खुशी, गुस्सा, दुख, प्यार और अन्य भावनाओं को आसानी से साझा कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों को इमोजी के महत्व के बारे में सरल भाषा में समझाया। उन्होंने कहा इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता को बढ़ावा देना और आधुनिक संचार के माध्यमों से उन्हें परिचित कराना था। बच्चों की इन गतिविधियों ने पूरे माहौल को बेहद जीवंत और रंगीन बना दिया। अध्यापिकाओं ने बच्चों को बारी-बारी इमोजी बनाने का अवसर दिया। बच्चे अलग-अलग तरह के इमोजी बनाकर उनकी पहचान कर रहे थे और उनके बारे में अपनी समझ साझा कर रहे थे। बच्चे अपनी स्टाइल में इमोजी बनाते हुए बेहद प्रफुल्लित नजर आए। रोली गुप्ता, दिलीप श्रीवास्तव और आयुष दुबे ने विभिन्न इमोजी बनाकर बच्चों को दिखाए और उनके उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में प्रिया पाल, मानवी शर्मा, मोनिका, खनक, अडीवा सहित अन्य शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहीं।

**बच्चों ने दिखाई रचनात्मकता**

# किड्ज़ी ग्लोबल स्कूल में स्विमिंग पूल पार्टी आयोजित



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

श्री आरएस लाल देवकी किड्ज़ी ग्लोबल स्कूल में मानसून के आगमन को उत्साह और उमंग के साथ मनाने के लिए स्विमिंग पूल पार्टी का आयोजन किया गया।

इस अनूठे आयोजन में बच्चों ने जल क्रीड़ा के माध्यम से वर्षा ऋतु से संबंधित रोचक जानकारियां प्राप्त कीं और विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने स्विमिंग पूल में जल क्रीड़ा का आनंद लिया और मधुर संगीत की धुन पर नृत्य किया। यह गतिविधि न केवल मनोरंजक थी, बल्कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को भी प्रोत्साहित करने वाली थीं। प्रिंसिपल बरखा अवस्थी ने कहा कि अच्छी वर्षा के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जल प्रदूषण रोकने के उपायों पर भी प्रकाश डाला। मुख्या अनुशासक अनूप कुमार दुबे ने बच्चों को भारत के राष्ट्रीय जलीय पशु, मानसून में उगाई जाने वाली फसलों और इस मौसम से जुड़े फलों व सब्जियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन बच्चों में ऊर्जा का संचार करते हैं और उनके मन को तरोताजा रखते हैं। कोऑर्डिनेटर शुभम कमल ने स्विमिंग पूल के माध्यम से बच्चों को अंतरराष्ट्रीय खेल तैराकी से परिचित कराया और इसके शारीरिक लाभों के बारे में बताया। उप प्रधानाचार्या प्रतिमा शुक्ला ने कहा कि इस आयोजन ने बच्चों में उत्साह और सीखने की भावना को बढ़ावा दिया।

## 10 दिन से अंधेरे में जीवन यापन कर रहे ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** विकासखंड क्षेत्र की मिघौली ग्राम पंचायत के मजरा कुडरा गांव में पिछले 10 दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसको लेकर ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए समस्या के समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगी 10 केवी की विद्युत डीपी खराब होने के कारण भीषण गर्मी में लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अधिकारियों ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उनका कहना है कि गांव में बिजली कनेक्शनों की संख्या अधिक होने से 10 केवी की डीपी पर अत्यधिक लोड पड़ता है, जिससे वह बार-बार खराब हो जाती है। समस्या के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए स्थायी समाधान के लिए अधिक क्षमता की नई डीपी लगाने की मांग की है। वहीं जेई वीर बहादुर सिंह ने बताया कि खराब डीपी को शाम तक बदलकर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। प्रदर्शन में विजयपाल, पिंटू, रजनीश, आकाश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

मिशन शक्ति अभियान

▸ राजकीय इंटर कॉलेज में विशेष कार्यक्रम आयोजित

▸ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने की पुलिस विभाग की पहल की सराहना

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**



नगर में स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में बीता गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया इसका उद्देश्य छात्राओं को महिला सुरक्षा और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में स्थानीय पुलिस चौकी समधन से आई महिला पुलिस कर्मियों ने छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में साहस, सतर्कता और त्वरित निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया गया पुलिस कर्मियों ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए संचालित विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया इनमें महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एंबुलेंस सेवा 108 जैसे महत्वपूर्ण नंबर शामिल थे। महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं से संवाद कर उन्हें किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ , उत्पीड़न या आपात स्थिति में बिना संकोच हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने और तत्काल पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाने का संदेश भी दिया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पुलिस विभाग की इस पहल की सराहना की गई।

## खबरें एक नजर में

### रविवार को लगेगा कैंसर का निःशुल्क जांच शिविर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर पालिका रोड पर एलआईसी ऑफिस के पास स्थित संजीवनी हॉस्पिटल में नि:शुल्क कैंसर जांच कैंप 19 जुलाई रविवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लगेगा। संजीवनी हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर सरित द्विवेदी ने यह जानकारी देते हुए बताया कानपुर के प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ डॉ अरुण प्रकाश द्विवेदी से इस नि:शुल्क कैम्प में कैंसर सम्बन्धित समस्याओं के बारे में परामर्श ले सकते हैं। कैम्प में दिखाने के लिये पहले रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। इसके लिए 9369603522 पर सम्पर्क किया जा सकता है।


### बरसात के बाद विद्यालय में बढ़े मच्छर-चींटी, पढ़ाई हुई प्रभावित

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मदन मोहन मालवीय इण्टर कालेज गुरसहायगंज में पिछले दिनों हुई हल्की बरसात के बाद विद्यालय परिसर में मच्छर और चींटी की संख्या तेजी से बढ़ गई है। कीटों के प्रकोप के कारण छात्र-छात्राओं को कक्षाओं में पढ़ाई के दौरान काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर विद्यालय प्रशासन ने नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज को पत्र भेजकर परिसर में कीटनाशक दवाओं के छिड़काव और फॉगिंग की मांग की है। प्रधानाचार्य ने पत्र में कहा है कि बढ़ते मच्छरों के कारण बच्चों के स्वास्थ्य के साथ-साथ शिक्षण कार्य भी प्रभावित हो रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य *शैलेश कुमार गुप्ता ने कहा, बरसात के बाद विद्यालय में मच्छर और चींटी बहुत अधिक बढ़ गए हैं। छात्र-छात्राएं कक्षा में बैठकर ठीक से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। हमने नगर पालिका प्रशासन से अनुरोध किया है कि जल्द से जल्द विद्यालय परिसर में कीटनाशक का छिड़काव कराया जाए ताकि बच्चों को राहत मिल सके और पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके। नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने कहा, विद्यालय से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। छात्र-छात्राओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। टीम को निर्देश दे दिए गए हैं कि शीघ्र ही विद्यालय परिसर में कीटनाशक दवा का छिड़काव और फॉगिंग कराई जाए, जिससे मच्छर और अन्य कीटों से निजात मिल सके। विद्यालय प्रशासन और नगर पालिका के समन्वय से जल्द ही समस्या के समाधान की उम्मीद है।

### 64 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बनेंगे बाल मैत्री शौचालय

▸ स्वच्छ भारत कोष ट्रस्ट के सहयोग से होगा निर्माण

**कन्नौज।** जनपद के 64 आंगनबाड़ी केंद्रों पर जल्द ही बाल मैत्री शौचालयों का निर्माण कराया जाएगा। स्वच्छ भारत कोष ट्रस्ट के सहयोग से शुरू की जा रही इस योजना का उद्देश्य छोटे बच्चों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक शौचालय उपलब्ध कराना तथा उनमें व्यक्तिगत स्वच्छता की आदत विकसित करना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर निर्माण कार्य के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण हेतु ?36 हजार की धनराशि संबंधित संस्था को उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जा सके। योजना के तहत छिबरामऊ परियोजना में 21, हसेरन में 4, उमर्दा में 9, तालग्राम में 5, सौरिख में 5, गुगरापुर में 5, जलालाबाद में 7 तथा कन्नौज ग्रामीण में 8 आंगनबाड़ी केंद्रों पर बाल मैत्री शौचालय बनाए जाएंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि इन शौचालयों के निर्माण से बच्चों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिलेगा, साथ ही स्वच्छता के प्रति व्यवहारगत परिवर्तन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




# नीट यूजी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सिद्धि मिश्रा ने बढ़ाया नगर का मान

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 का परिणाम घोषित होने पर नगर की प्रतिभाशाली छात्रा सिद्धि मिश्रा ने शानदार सफलता प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया है। सिद्धि ने 720 में से 590 अंक हासिल किए हैं। उन्हें ऑल इंडिया रैंक 13,770 तथा अपनी श्रेणी में 5,448वीं रैंक प्राप्त हुई है। इससे पहले उन्होंने क्यूट (सीयूईटी) परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 500 में से 466 अंक अर्जित किए थे। सिद्धि की इस उपलब्धि पर परिवार, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। सिद्धि के पिता शैलेश कुमार मिश्रा एवं माता रश्मि मिश्रा दोनों बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। शैलेश कुमार मिश्रा पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुंवरपुर बनवारी में सहायक अध्यापक हैं, जबकि रश्मि मिश्रा विकासखंड छिबरामऊ में एआरपी के पद पर कार्यरत हैं। सिद्धि ने अपनी सफलता का श्रेय लक्ष्य केंद्रित मेहनत, अनुशासित दिनचर्या और नियमित अध्ययन को दिया है। उनका सपना डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है।

# न्यायिक कार्य विभाजन में परिवर्तन पर अधिवक्ताओं की आपत्ति

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



बार एसोसिएशन छिबरामऊ ने न्यायिक व्यवस्था में प्रस्तावित बदलाव पर कड़ी आपत्ति जताते हुए राष्ट्रीय लिटिगेशन एवं डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन भेजा। अधिवक्ताओं का कहना है कि 9 जुलाई से न्यायिक अधिकारियों के कार्य विभाजन में बदलाव किए जाने की सूचना मिली है। उनका मानना है कि इस परिवर्तन से अधिवक्ताओं, वादकारियों तथा न्यायिक कार्यों के सुचारु संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान न्यायिक व्यवस्था व्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही है। ऐसे में बिना पूर्व सूचना और बार एसोसिएशन से विचार-विमर्श किए किसी प्रकार का बदलाव करना उचित नहीं है। अधिवक्ताओं ने मांग की कि न्यायालयों की कार्यप्रणाली में किसी भी प्रकार का परिवर्तन लागू करने से पहले बार एसोसिएशन से संवाद स्थापित किया जाए तथा न्यायिक कार्यों की निरंतरता, पारदर्शिता और वादकारियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बार एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो अधिवक्ताओं को आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। सुबह 11:15 बजे तक तहसील में कोई सक्षम अधिकारी मौजूद न होने के कारण अधिवक्ताओं ने एसडीएम के स्टेनोग्राफर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, महासचिव पंकज मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव दुबे, उपाध्यक्ष दिनेश यादव, कोषाध्यक्ष अंजू पटेल, वरिष्ठ प्रशासनिक सदस्य अमित दुबे, प्रशासनिक सदस्य ललित दुबे, रजनीश यादव, सामोद यादव, अभिषेक दुबे सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## जशोदा में शुरू हुआ राजकीय महिला प्रौद्योगिकी संस्थान

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जनपद की छात्राओं को अच्छी तकनीकी शिक्षा और रोजगार के लिए जरूरी कौशल देने के उद्देश्य से नवीन राजकीय महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, जशोदा में शैक्षिक सत्र 2026-27 से प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। मान्यवर कांशीराम राजकीय प्रौद्योगिकी संस्थान तिर्वा की प्रधानाचार्य निधि वार्ष्णेय ने बताया कि संस्थान में प्रवेश उत्तर प्रदेश की संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा आयोजित ऑनलाइन परामर्श के माध्यम से किया जा रहा है। संस्थान में सूक्ष्म इलेक्ट्रॉनिक्स सहित इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी शाखा में तीन वर्षीय उपाधि पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। इस पाठ्यक्रम में 60 नियमित और 15 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की छात्राओं के लिए सीटें सहित कुल 75 सीटें उपलब्ध हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि यह संस्थान राष्ट्रीय स्तर की तकनीकी शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त और उत्तर प्रदेश की प्राविधिक शिक्षा परिषद, लखनऊ से सम्बद्ध है।

## फाइलेरिया रोगियों को सीएमओ कार्यालय में वितरित की गई एमएमडीपी किट

**कन्नौज।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में मार्बिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसएबिलिटी प्रिवेंशन (एमएमडीपी) गतिविधि के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण एवं पेशेंट सेल्फ-केयर डेमोंस्ट्रेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चन्द्रा ने की।

कार्यक्रम में हाथीपांव (लिम्फेडेमा) से प्रभावित छह रोगियों को एमएमडीपी किट वितरित की गई। सीएमओ ने रोगियों को किट के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण देते हुए कहा कि फाइलेरिया एक दीर्घकालिक बीमारी है, लेकिन प्रभावित अंग की नियमित सफाई, स्व-देखभाल, चिकित्सकीय परामर्श और एमएमडीपी किट के लगातार उपयोग से इसकी जटिलताओं को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

## बीसी सखी बनेंगी गांव- गांव बैंकिंग सेवाओं की मजबूत कड़ी

▸ आरसेटी में मिशन वन जीपी- वन बीसी सखी के तहत सात दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

▸ जिले की 33 महिला अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** ब्लॉक क्षेत्र बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), बहेलियनपुरवा, अनौगी में मिशन वन जीपी-वन बीसी सखी के तहत आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। प्रशिक्षण में जिले की 33 महिला अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला अग्रणी प्रबंधक (एलडीएम) रंजीत सिंह ने सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि बीसी सखी ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को घर- घर तक पहुंचाने के साथ ही महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण की मजबूत कड़ी बन रही हैं। उन्होंने प्रशिक्षित महिलाओं से अपने-अपने ग्राम पंचायतों में बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार करने और डिजिटल वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने का आह्वान किया। आरसेटी के निदेशक विश्व मोहन ने सभी प्रशिक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान और कौशल का उपयोग ग्रामीणों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने में करें। उन्होंने कहा कि बीसी सखियां डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने के साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम में आरसेटी के फैकल्टी महेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, कार्यालय सहायक सोनू कुशवाहा और सुनील कुमार भी मौजूद रहे।

# छात्राओं के लिए तकनीकी शिक्षा का नया विकल्प

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

▸ राजकीय महिला पॉलीटेक्निक जसोदा में प्रवेश शुरू, 75 सीटों पर होगा प्रवेश

▸ परिसर शांत, सुरक्षित और हरित वातावरण से युक्त है

जिले की छात्राओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने और उन्हें रोजगारपरक कौशल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शैक्षिक सत्र 2026-27 से नवीन राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, जसोदा की शुरुआत की गई है। संस्थान में प्रवेश प्रक्रिया संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद (जेईईसीयूपी), उत्तर प्रदेश, लखनऊ की ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से संचालित की जा रही है।

मान्यवर कांशीराम राजकीय पॉलीटेक्निक, तिर्वा की प्रधानाचार्य निधि वार्ष्णेय ने बताया कि संस्थान में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स) शाखा में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। पाठ्यक्रम में 60 नियमित और 15 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) की सीटों सहित कुल 75 सीटें उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) से मान्यता प्राप्त है तथा यह प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से संबद्ध है। करीब पांच एकड़ क्षेत्रफल में विकसित संस्थान जनपद मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर स्थित है। परिसर शांत, सुरक्षित और हरित वातावरण से युक्त है। प्रधानाचार्य ने बताया कि वर्तमान शैक्षिक सत्र 2026-27 में राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, जसोदा की कक्षाओं का संचालन फिलहाल मान्यवर कांशीराम राजकीय पॉलीटेक्निक, तिर्वा परिसर में किया जा रहा है। छात्राओं की सुविधा के लिए छात्रावास की व्यवस्था भी उपलब्ध है, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों की छात्राओं को पढ़ाई में सुविधा मिलेगी। उन्होंने जिले की पात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों से अपील की कि वे निर्धारित समय के भीतर ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया में भाग लेकर प्रवेश सुनिश्चित करें और तकनीकी शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुखी भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं।

# जीटी रोड पर ई-रिक्शा से खतरनाक स्टंट, तीन किमी तक दौड़ाई मौत

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जीटी रोड पर एक युवक का ई-रिक्शा से खतरनाक स्टंट करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में युवक तेज रफ्तार ई-रिक्शा को कभी दोनों हाथ छोड़कर तो कभी सीट पर खड़े होकर चलाता दिखाई दे रहा है। इस दौरान वह अन्य वाहनों के बीच से लहराते हुए गुजरता रहा, जिससे कई बार हादसा होते-होते बचा। घटना गुरुवार रात करीब आठ बजे सरायमीरा चौकी क्षेत्र के कन्नौज रोड और जीटी रोड की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सिर पर गमछा बांधे युवक करीब तीन किलोमीटर तक लगातार स्टंट करता रहा। सदर तहसील और रोडवेज बस स्टैंड के पास कई बार बाइक सवारों और अन्य वाहनों से टक्कर की स्थिति बनी, लेकिन संयोगवश कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। बताया गया कि युवक शहर की ओर से सरायमीरा होते हुए जीटी रोड के रास्ते बाईपास की ओर निकल गया। पूरे रास्ते कहीं भी ट्रैफिक पुलिस नजर नहीं आई, जिससे वह बिना रोक-टोक निकल गया।

# शिक्षक समय पर बनाये निवेश योजना : अजय त्रिपाठी

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



आज के समय में केवल वेतन या पेंशन पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। महंगाई और बढ़ती आवश्यकताओं को देखते हुए समय पर निवेश और वित्तीय योजना बनाना अत्यंत आवश्यक है। उक्त वक्तव्य जेपी एजुकेशन एकेडमी के सेमिनार हाल में सीबीएसई द्वारा आयोजित एक

कार्यशाला में शिक्षकों को रिटायरमेंट के बाद आर्थिक सुरक्षा एवं बेहतर वित्तीय प्रबंधन के प्रति रिसोर्स पर्सन अजय त्रिपाठी द्वारा जागरूक किया गया। श्री त्रिपाठी ने बताया कि सीबीएसई का मुख्य उद्देश्य है कि शिक्षकों को समय रहते सही रिटायरमेंट प्लानिंग अपनाने के लिए प्रेरित करना था, ताकि वे भविष्य में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सुरक्षित जीवन व्यतीत कर सकें।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ अजय त्रिपाठी ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को अपने सेवा काल के दौरान ही व्यवस्थित वित्तीय योजना बनानी चाहिए। उन्होंने बताया कि नियमित बचत, दीर्घकालिक निवेश, पेंशन योजनाओं और वित्तीय अनुशासन को अपनाकर रिटायरमेंट के बाद आर्थिक चुनौतियों से बचा जा सकता है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि आज के समय में केवल वेतन या पेंशन पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। महंगाई और बढ़ती आवश्यकताओं को देखते हुए समय पर निवेश और वित्तीय योजना बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से अपने भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए विभिन्न वित्तीय विकल्पों की जानकारी प्राप्त कर विवेकपूर्ण निर्णय लेने का आह्वान किया। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों ने रिटायरमेंट प्लानिंग, निवेश के सुरक्षित विकल्प, वित्तीय जोखिम प्रबंधन तथा भविष्य की आर्थिक जरूरतों से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की। प्रतिभागियों ने इसे अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अंत में अजय त्रिपाठी ने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे अपने करियर की शुरुआत से ही सुनियोजित वित्तीय प्रबंधन अपनाएं, ताकि सेवानिवृत्ति के बाद सम्मानजनक, सुरक्षित और तनावमुक्त जीवन व्यतीत कर सकें। इससे पूर्व कार्यशाला की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रधानाचार्य अमरेंद्र सिंह ने की इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक इंद्र कुमार गुप्ता एवं समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर के दो पूर्व छात्र-छात्राएं बने दरोगा

**तिर्वा कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा के दो पूर्व छात्र-छात्राओं ने उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय, परिवार और जनपद का नाम रोशन किया है। दोनों की सफलता पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय के वर्ष 2019 बैच के छात्र गीतांशु राजपूत, विनोद कुमार के पुत्र हैं। उन्होंने कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन के दम पर उपनिरीक्षक पद हासिल किया। वहीं वर्ष 2017 बैच की पूर्व छात्रा अंजलि शुक्ला ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एसआई भर्ती परीक्षा में सफलता प्राप्त की। छात्र जीवन से ही मेधावी और अनुशासित रहीं अंजलि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और बड़े भाई की प्रेरणा को दिया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा और प्रबंधक त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी ने दोनों सफल पूर्व छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि विद्यालय के वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है।

# प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा

- शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करें: प्रभारी मंत्री
- विकासकारी परियोजनाओं एवं निर्माणकार्यों के शिलान्यास तथा लोकार्पण कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करें अधिकारी



लाभार्थी को मुख्यमंत्री आवास योजना की चॉबी देते प्रभारी मंत्री



बैठक लेते मंत्री जयवीर सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में जनपद के विकास कार्यक्रमों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

सांसद मुकेश राजपूत, विधायक कायमगंज डॉ0 सुरभि, सदस्य विधान परिषद प्रांशु दत्त द्विवेदी, जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र अन्य पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं मुख्य विकास अधिकारी ने मंत्री सहित अन्य अतिथियों को स्वागत स्वरूप पौधा तथा ओडीओपी उत्पाद का चित्र भेंट किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुगमता से उपलब्ध कराकर जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार न बरती जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि समस्त जिला स्तरीय अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ दूरभाष पर संवाद स्थापित करते हुए उनके फोन अनिवार्य रूप से उठाएं, विकासकारी परियोजनाओं एवं निर्माणकार्यों के शिलान्यास तथा लोकार्पण कार्यक्रम स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा ही संपन्न कराएं। कार्य में शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी। ग्रामीण पेयजल की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं की साप्ताहिक रिपोर्ट अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही समस्त विभागीय अधिकारी जनपद में कार्य पूर्ण निर्माण परियोजनाओं की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराएं। सिंचाई विभाग की समीक्षा के तहत नलकूप अधिकारी को निर्देश दिए कि स्थाई एवं अस्थाई नलकूपों की सूचना जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराते हुए नए नलकूपों की स्थापना उपलब्ध धनराशि के अनुरूप पूर्ण कराएं। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की समीक्षा के दौरान उन्होंने परियोजना अधिकारी को निर्देश दिए कि बेवर रोड पर हाईवे की सड़कों की मरम्मत गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराएं।

उद्योग विभाग की समीक्षा में निर्देश दिए गए कि उपायुक्त उद्योग एवं अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक आपसी समन्वय के साथ सीएम0 युवा. उद्यमी योजना के लंबित आवेदनों का निस्तारण शीघ्रता के साथ पूर्ण कराएं। विद्युत विभाग की समीक्षा में निर्देश दिए गए कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की समय अवधि में वृद्धि लाएं, उन्होंने कहा कि शासन को प्रेषित विद्युत आपूर्ति के आंकड़े की प्रगति वास्तविक प्रगति से भिन्न होने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में निर्देश दिए गए कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में संचालित स्वास्थ्य इकाइयों पर चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्य कार्मिकों के स्वीकृत पदों के सापेक्ष तैनात एवं रिक्त पदों की सूची उपलब्ध कराएं, जिससे रिक्त पदों की सूचना शासन को प्रेषित की जा सके।

**प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा**

**फर्रुखाबाद।** विकास कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने सड़क, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, ग्रामीण विकास, स्वच्छता तथा अन्य विभागों की योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। बैठक में जिला विकास अधिकारी ने जनपद में संचालित विकास कार्यों एवं शासन की विभिन्न योजनाओं की प्रगति से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया तथा विभागवार उपलब्धियों एवं लंबित कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की।

मंत्री सहित उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र हेतु ई.सी.सी.ई. किट, स्वयं सहायता समूह की विद्युत सखी महिलाओं को विद्युत ई-पॉश मशीन, मिनी नंदिनी कृषक दुर्घटना के 02 लाभार्थियों को चेक, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 02 लाभार्थियों को नमूना चाबी, दिव्यांग विभाग के अंतर्गत 02 लाभार्थियों को ब्रेल किट, उद्योग विभाग के अंतर्गत 05 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के स्वीकृति प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के 05 लाभार्थियों को दुर्घटना बीमा प्रमाण पत्र, स्वामित्व योजना के अंतर्गत 05 लाभार्थियों को घरौनी पत्र, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के तहत शादी अनुदान योजना में 05 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनंद उपाध्याय, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी राजीव कुमार, जिला विकास अधिकारी एस.के. तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडी, कपिल कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# थाने में समझौते के बाद भी दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, चार घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



अस्पताल में घायल लोग

थाना क्षेत्र के गांव बराकेशव में सड़क की बची हुई जमीन को लेकर चल रहे विवाद ने गुरुवार देर शाम फिर हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने से चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज भेजकर चिकित्सीय परीक्षण कराया, जबकि दूसरे पक्ष के लोग थाने में मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बराकेशव निवासी सुषमा देवी पत्नी धनीराम का परिवार के ही कुछ लोगों से सड़क की बची हुई जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है।

इस संबंध में सुषमा देवी ने पूर्व में थाना नवाबगंज में शिकायत भी की थी। आरोप है कि पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई न किए जाने के कारण गुरुवार सुबह एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया। घटना की सूचना सुषमा देवी के पुत्र रंजीत ने थाना पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों पक्षों से एक-एक व्यक्ति को थाने में बैठा लिया। दोपहर बाद ग्राम प्रधान की मौजूदगी में पुलिस के सामने दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया, जिसके बाद सभी लोग अपने-अपने घर लौट गए। आरोप है कि रात लगभग 9 बजे दूसरे पक्ष के लोगों ने रंजीत को थाने में शिकायत करने का उलाहना देते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडे चलने लगे।

मारपीट में एक पक्ष से रंजीत, सौरभ, नीरज देवी पत्नी सौरभ तथा सुषमा देवी पत्नी धनीराम घायल हो गईं। थाने पहुंचे घायलों को थाना पुलिस ने सीएचसी नवाबगंज भेजा। जहां सीएचसी अधीक्षक डॉ0 लोकेश शर्मा ने प्राथमिक उपचार किया। वहीं दूसरा पक्ष थाना नवाबगंज में मौजूद रहा। पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

# तीन दिन बाद घर लौटी विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव कुवेरपुर में एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पूरे परिवार में कोहराम मचा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी जावेद मंसूरी की पत्नी खुशनुमा (30) पिछले तीन दिनों से घर से गायब थी। बुधवार को वह वापस घर लौटी थी। उसके तीन दिन तक घर से बाहर रहने को लेकर परिवार में कहासुनी होने की बात सामने आ रही है। इसके कुछ देर बाद उसने कमरे में जाकर पंखे से दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। मृतका अपने पीछे छह वर्षीय जिकरा, चार वर्षीय इलमा और एक वर्षीय जैन को छोड़ गई है। बताया गया कि उसकी सास गुड्डी देवी तीन दिन पहले अपने बीमार भाई गयासुद्दीन को देखने फरीदपुर स्थित मायके गई थीं और वह भी बुधवार को ही घर लौटी थीं। घटना की सूचना मिलने पर परिवार में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## जानमाल की धमकी की दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव पुठरी निवासी ज्योति शर्मा पत्नी हरिओम शर्मा गुरुवार को सुबह लगभग 11 बजे अपने घर पर घरेलू काम कर रही थी। उसी दौरान गांव का ही निवासी युवक ज्योति के घर में घुस आया और गाली-गलौज करने लगा।

ज्योति शर्मा ने गाली-गलौज करने का विरोध किया तो युवक ज्योति से उसके पति को जान से मारने की धमकी देने लगा।

घबराई ज्योति शर्मा ने थाने पहुंचकर पुलिस को युवक के खिलाफ तहरीर दी और बताया कि इस युवक ने ऐसा ये दूसरी बार किया है। पुलिस ने जांचकर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# ससुरालियों ने विवाहिता को पीटा, दी तहरीर

- पुत्र न होने पर ससुराली रोज मारते है ताने

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



जानकारी देती पीड़िता

कोतवाली क्षेत्र के गांव पितौरा में दो बेटियां होने के कारण ससुराल वाले बहू को आए दिन मारते-पीटते हैं। शुक्रवार को ससुराल वालों ने हद कर दी। बहू की पिटाई के बीच बचाने आए पिता को भी पीट दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला का मेडिकल कराया है। पीड़िता चांदनी के पिता रहीस आलम निवासी नया गनीपुर थाना नवाबगंज ने बताया कि उन्होंने करीब 5 साल पहले अपनी बेटी चांदनी की शादी पितौरा गांव में की थी। चांदनी की दो बेटियां हैं। आरोप है कि चांदनी का पति कोई काम नहीं करता। घर का खर्च चलाने के लिए चांदनी खुद कारचोब का काम करती है।

इसी से वह पति, सास-ससुर और दोनों बेटियों का पेट पालती है। रहीस आलम का कहना है कि ससुराल वाले और पति चांदनी को रोज बेटा न होने का ताना देते हैं और मारपीट करते हैं। शुक्रवार को भी चांदनी की पिटाई हो रही थी। इसकी जानकारी मिलने पर पिता दूध लेकर ससुराल पहुंचे। वहां दामाद को चांदनी को पीटते देख विरोध किया तो ससुराल वालों ने पिता के साथ भी अभद्रता की और मारपीट कर दी। ग्रामीणों की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल चांदनी को उपचार के लिए सीएचसी कायमगंज में भर्ती कराया। जहां उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आंगनबाड़ी केंद्र में बंद रह गया ढाई वर्षीय मासूम, प्रधान की सतर्कता से बचा

- कार्यकर्ता को नोटिस जारी, सीडीपीओ ने मांगा स्पष्टीकरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



आंगनवाड़ी केंद्र का ताला खोलती कार्यकत्री



जानकारी देता बच्चे के पिता

बढ़पुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम गुतासी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में गुरुवार को एक बड़ी लापरवाही सामने आई। केंद्र में पढ़ने वाला ढाई वर्षीय मासूम छुट्टी के बाद भी कमरे के अंदर ही रह गया और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बाहर से ताला लगाकर चली गई। ग्राम प्रधान की सतर्कता से बच्चे की रोने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद उसे सुरक्षित बाहर निकाला गया।

जानकारी के अनुसार गुतासी निवासी अनिल का ढाई वर्षीय पुत्र अनुरुद्ध गुरुवार सुबह प्रतिदिन की तरह आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचा था। दोपहर में छुट्टी होने पर अन्य बच्चे अपने-अपने घर चले गए, लेकिन अनुरुद्ध केंद्र के कमरे में ही सोता रह गया। आरोप है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बिना यह सुनिश्चित किए कि सभी बच्चे बाहर निकल चुके हैं, केंद्र में ताला लगा दिया और वहां से चली गई।

कुछ देर बाद ग्राम प्रधान किसी कार्य से केंद्र के पास पहुंचे। इस दौरान उन्हें कमरे के अंदर से बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। उन्होंने तत्काल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मौके पर बुलाया। कार्यकर्ता के पहुंचने पर ताला खोला गया, जिसके बाद मासूम रोते हुए बाहर निकला। बाद में बच्चे को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चा करीब 30 मिनट तक कमरे में बंद रहा। घटना के बाद गांव में आंगनबाड़ी व्यवस्था को लेकर नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि छोटे बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी केंद्र की होती है। ऐसे में इस प्रकार की लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती थी।

## जिला कार्यक्रम अधिकारी ने मांगा जवाब

मामले में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से स्पष्टीकरण लिया गया। कार्यकर्ता का कहना है कि बच्चा केंद्र में सो गया था और वह पास के ही एक घर में गई थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित सीडीपीओ द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। जवाब के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# चक्रेश शाक्य ने नीट में ऑल इंडिया रैंक 714 की हासिल

- जहां रात आठ बजे के बाद थम जाते हैं रास्ते, वहीं से निकला नीट का सितारा

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**



चक्रेश शाक्य का मुहं मीठा कराते परिजन

किसी भी बड़ी सफलता की कहानी केवल अंकों से नहीं लिखी जाती, बल्कि उसके पीछे संघर्ष, धैर्य और परिस्थितियों से लड़ने का साहस होता है। फर्रुखाबाद के ऐतिहासिक लेकिन बुनियादी सुविधाओं से पिछड़े कस्बे कम्पिल के चक्रेश शाक्य ने यही साबित किया है। नीट-2026 में ऑल इंडिया रैंक 714 और ओबीसी वर्ग में ऑल इंडिया रैंक 214 प्राप्त कर उन्होंने यह संदेश दिया है कि मंजिल तक पहुंचने के लिए संसाधनों से अधिक जरूरी मजबूत इरादे होते हैं। कस्बे के मोहल्ला काजीटोला निवासी चक्रेश, चिकित्सक डॉ. रविकांत शाक्य और गृहिणी वंदना शाक्य के पुत्र हैं। पढ़ाई में उनकी प्रतिभा पहले भी दिखाई दे चुकी थी। वर्ष 2024 में उन्होंने हाईस्कूल और वर्ष 2026 में इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद टॉप कर अपनी क्षमता का परिचय दिया।

हाईस्कूल के बाद ही उन्होंने डॉक्टर बनने का लक्ष्य तय कर लिया और ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से तैयारी शुरू कर दी। प्रतिदिन 10 से 12 घंटे की नियमित पढ़ाई उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन गई। चक्रेश बताते हैं कि परिवार की परिस्थितियों के साथ-साथ समाज के कुछ लोगों के तानों ने उन्हें कमजोर नहीं, बल्कि और मजबूत बनाया। उन्होंने इन्हीं चुनौतियों को अपनी प्रेरणा बनाया और हर दिन पहले से बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। नीट परीक्षा रद्द होना भी उनके जीवन की बड़ी चुनौती रही। पहले प्रयास में उन्हें लगभग 692 अंक मिलने की उम्मीद थी, लेकिन परीक्षा निरस्त होने से उन्हें झटका लगा। हालांकि उन्होंने निराशा को खुद पर हावी नहीं होने दिया। अतिरिक्त मिले समय में कमजोर विषयों पर विशेष मेहनत की, जिसका परिणाम अंतिम परीक्षा में शानदार सफलता के रूप में सामने आया। चक्रेश का सपना एक सफल डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना और अपने माता-पिता का नाम रोशन करना है। उनका मानना है कि मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती और निरंतर प्रयास करने वालों को सफलता अवश्य मिलती है। कम्पिल आज भी रात्रिकालीन सार्वजनिक परिवहन जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। रात आठ बजे के बाद यहां पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं होता। इसके बावजूद इस कस्बे के छात्र राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। चक्रेश शाक्य की सफलता न केवल क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि सीमित संसाधन कभी भी बड़े सपनों की राह नहीं रोक सकते।

# बघार पुल के पास सड़क पर मिट्टी धंसने से हो गये गहरे गड्ढे, मरम्मत कार्य शुरु

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



सड़क साइड की मरम्मत करते कर्मचारी

नवाबगंज के मंझना मार्ग पर स्थित बघार पुल के पास मिट्टी धंसने और गहरे गड्ढे हो गये। जिसको लेकर लोक निर्माण विभाग ने स्थायी सुरक्षा कार्य शुरू कर दिए हैं। विभाग ने पहले पुल के समीप बने गड्ढे को भरकर तत्काल राहत प्रदान की थी, अब भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न हो, इसके लिए मजबूत उपाय किए जा रहे हैं।

कुछ समय पहले पुल के पास लगातार मिट्टी के कटाव के कारण सड़क किनारे की जमीन धंस गई थी, जिससे एक गहरा गड्ढा बन गया था। इस स्थिति से राहगीरों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया था। इस गंभीर समस्या के बाद पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और तुरंत गड्ढे को भरने के निर्देश दिए थे। वर्तमान में, विभाग पुल के दोनों ओर मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए मजबूत पत्थरों की पिचिंग करा रहा है। इस कार्य से बरसात के दौरान तेज बहाव के कारण मिट्टी बहने की आशंका कम होगी और पुल की नींव मजबूत होगी। साथ ही, पुल के ऊपर सड़क किनारे बने फुटपाथ को भी पक्का किया जा रहा है, जिससे सड़क का किनारा सुरक्षित रहे और पैदल चलने वालों को आवागमन में सुविधा मिले। बारिश के पानी की उचित निकासी सुनिश्चित करने के लिए पुल के किनारे नाली का निर्माण भी किया जा रहा है। विभाग का मानना है कि नाली बनने से वर्षा का पानी सीधे बाहर निकल जाएगा, जिससे पानी जमा होने या मिट्टी कटने जैसी समस्याएं नहीं होंगी। यह उपाय पुल और सड़क की उम्र बढ़ाने के साथ-साथ भविष्य में मरम्मत पर होने वाले खर्च को भी कम करेगा। स्थानीय निवासियों ने पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई किए जाने की सराहना की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते यह कार्य नहीं कराया जाता तो बरसात के दौरान पुल के आसपास की स्थिति और गंभीर हो सकती थी। लोगों को उम्मीद है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद बघार पुल क्षेत्र में आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित और सुगम हो जाएगा।

# नवाबगंज क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ताओं का हालबेहाल हो रहा है। शासन द्वारा निर्धारित आपूर्ति के निर्देशों को विभागीय अधिकारी नहीं मान रहे है और क्षेत्र के लोगों को बमुश्किल 5 से 6 घंटे बिजली मिल पा रही है। जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे व नगरीय क्षेत्र में 22 घंटे आपूर्ति करने के निर्देश है। जबकि क्षेत्र के लगभग 5 सैकड़ा लोग शहर की दरों पर बिजली का भुगतान भी कर रहे है। इसके बाद भी उन्हें ग्रामीण क्षेत्र से बदतर बिजली मुहैया कराई जा रही है। शहरी बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं ने निर्धारित बिजली मुहैया कराने या फिर ग्रामीण क्षेत्र का बिल जमा कराए जाने की प्रशासन से मांग की है। जनपद के 33/11 केबीए विद्युत उपकेंद्र नवाबगंज पिछले लगभग एक माह से विद्युत उपभोक्ताओं को रुला रहा है। यहां क्षेत्र से जुड़े नगर नवाबगंज समेत लगभग 1 सैकड़ा गांव में बिजली आपूर्ति का आलम यह है कि बमुश्किल 5 से 6 घंटे ही बिजली सब कुल मिल पा रही है। आलम यह है कि इस भीषण गर्मी में जहां उपभोक्ताओं को सबसे ज्यादा बिजली की जरूरत है। वहां रात के समय बिजली अधिकारी आंखें बंद कर लगभग 4 से 6 घंटे की अघोषित कटौती कर रहे है। जिससे इस उमस व गर्मी से उपभोक्ताओं की रातों की नींद भी पूरी नहीं हो पा रही है। बिजली की आंख मिचौनी व अघोषित कटौती से घरों में लगे इन्वर्टर भी कुछ देर बाद भी की आवाज कर बंद हो जाते है। इस गर्मी में बिजली न आने से सबसे ज्यादा दिक्कत घर के बुजुर्ग, बच्चे व महिलाओं को हो रही है। आलम यह है कि स्कूली की बच्चे रात में बिजली न से नींद पूरी नहीं होती है। जिससे वह सुबह देर से उठते है और उनकी पढ़ाई भी बाधित हो रही है। बिजली उपभोक्ता लगातार बिजली विभाग के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारी से रात में की जा रही बिजली की इस अघोषित कटौती को रोक कर शासन द्वारा निर्धारित बिजली मुहैया कराने की मांग कर रहे है। लेकिन शायद उपभोक्ताओं की इस पीड़ा की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। जिससे उपभोक्ताओं में खासा रोष व्याप्त है। बिजली विभाग के आंकड़ों के अनुसार नवाबगंज बिजली घर से लगभग 13608 कनेक्शन धारक है जिन्हें लगभग 3 हजार कनेक्शन नगरीय क्षेत्र के है। इसमें नगरीय क्षेत्र के लगभग 456 उपभोक्ताओं द्वारा शहरी क्षेत्र की दरों से बिजली बिल का भुगतान भी किया जा रहा है। इसके बावजूद भी नवाबगंज क्षेत्र के उपभोक्ताओं को न तो ग्रामीण क्षेत्र की बिजली मिल पा रही और न ही शहरी क्षेत्र की ही बिजली मिल पा रही है।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिजली घर का सरकारी नंबर अक्सर बंद रहता है। बिजली आने और जाने की जानकारी के लिए जब एसडीओ व जेई को फोन किया जाता है। तो वह लोग भी फोन नहीं उठाते है। जिससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतों के बाद भी विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहींदे रहा है। जब बिजली घर पर कोई अपनी समस्या लेकर पहुंचता है तो वहां के अधिकारी व कर्मचारी शिकायतकर्ता से सीधे मुंह बात नहीं करते और उसको इधर से उधर चक्कर लगवाते है और शिकायतकर्ता महीनों इसी तरह परेशान होता है। वहीं एक शिकायतकर्ता आशिक खान ने 3 जून को शिकायत की है कि जब से स्मार्ट मीटर लगा है। तब से अभी तक उसका बिल नहीं आया है। वह 3 जून से लगभग 20 बार बिजली घर के चक्कर लगा चुका है लेकिन उसकी शिकायत सुनने वाला कोई नहीं है। बिजली घर के एसएसओ का बात करने का रवैया पूरी तरह अमर्यादित है। सूत्रों से पता चला है कि एसडीओ नवाबगंज धर्मेंद्र राजपूत ने लगभग 8 दिन का अवकाश लिया था। जबकि वह 20 दिनों तक कार्यालय नहीं आए। ऐसा पहली बार नहीं है। विभागीय सूत्रों से पता चला कि एसडीओ नवाबगंज धर्मेंद्र राजपूत शुक्रवार को ही अपने घर चले जाते है और मंगलवार को कार्यालय पहुंचते है। और लोगों की नजर में धूल झोंकने के लिए सरकारी कार को ड्राइवर के साथ कार्यालय भेज दिया जाता है। यह रवैया उनका काफी पुराना है।

## खेत में तमंचा उठाते समय चली गोली, महिला घायल



अस्पताल में भर्ती महिला

**काम को लेकर पति से हुआ था विवाद**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पचरोली महादेवपुर निवासी रनवीर की पत्नी 40 वर्षीय भगवान देवी से खेत पर काम को लेकर कहासुनी हुई थी। विवाद के बाद भगवानदेवी खेत पर चली गईं। इसी दौरान वहां रखे तमंचे से गोली मार ली, जिससे वह घायल हो गईं। घटना के समय वहां मौजूद नाती इंद्रजीत ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन आनन–फानन में घायल भगवानदेवी को सीएचसी कायमगंज लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, कांस्टेबिल आर्य चौधरी, हेड कांस्टेबिल धरमेन्द्र तिवारी, कांस्टेबिल सचिन कुमार ने सीएचसी पहुँचकर जाँच पड़ताल की। चर्चा के अनुसार महिला का प्रेम प्रसंग नाती से चल रहा। जिसको लेकर आये दिन घर मे क्लेश होता रहता है। शुक्रवार को दोनों लोग खेत पर वार्तालाप कर रहे थे। पास से रखे तमंचे को महिला ने हाथ में उठा लिया। अचानक तमंचा चल गया और गोली महिला की वाहं में लग गई। जिससे वह लहुलुहान होकर गिर पड़ी। आनन–फानन में भोले नाती ने सीएचसी में लाकर भर्ती कराया।

# तदर्थ प्रधानाचार्यों का विनियमितीकरण किये जाने की मांग

**मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह को सौंपा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह के नेतृत्व में प्रधानाचार्यों ने मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह एवं सांसद मुकेश राजपूत को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रधानाचार्यों को उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में वेतन दिये जाने एवं विनियमितीकरण किये जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

माध्यमिक विद्यालयों के तदर्थ प्रधानाचार्यों की अध्यत्न समस्याओं की मांगों को छात्र एवं विद्यालय की प्रगति हेतु पूर्ण करने की मांग की गई।



प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपते प्रधानाचार्य

अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाचार्यों को प्रधानाचार्य पद का वेतन दिया जाये। क्योंकि प्रधानाचार्य समस्त विद्यालय का संचालन पद के अनुरुप करते है। प्रदेश के समस्त अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में वर्षों से कार्यरत प्रधानाचार्यों का विभिन्न विनियमितीकरण तत्काल प्रभाव से किया जाना चाहिए।

सरकार व विभाग पर किसी भी प्रकार का वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा और न ही विधिक समस्या आयेगी।

ऐसे में प्रधानाचार्य का विनियमितीकरण छात्र एवं विद्यालय हित में अवश्य किया जाये। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री डॉ. संदीप चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, जिला महामंत्री डॉ. बृजभूषण सिंह, डॉ. अनिल मिश्रा आदि प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को नवाबगंज से मोहम्मदाबाद मार्ग पर करनपुर स्थित ब्रह्मदेव मंदिर के पास एक बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य कें नवाबगंज में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घायलों में अवनीश कुमार 35 पुत्र रामावतार निवासी वंथल शाहपुर थाना जहानगंज, नरेंद्र सिंह राजपूत 45 पुत्र रामस्वरूप निवासी नारदा कसावा, थाना तालग्राम, जनपद कन्नौज तथा सदावती पत्नी रामवीर निवासी मुशाहिदपुर, थाना एरोल, जनपद फिरोजाबाद शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, अज्ञात वाहन की टक्कर से हादसा हुआ। सभी घायलों को तत्काल सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# चार बेटियों के साथ खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर पिता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम बिरिया डांणा निवासी 4 बेटियों के पिता सतेंद्र सिंह खुले आसमान के नीचे सड़क के किनारे छप्पर डालकर रहने को मजबूर हैं।

समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, विधानसभा अध्यक्ष अरविंद यादव ने उनके मकान का भूमि पूजन किया। उपरोक्त सत्येंद्र सिंह की चार बेटियां हैं।

अपनी चारों बेटियों के साथ खुले आसमान के नीचे मजबूर पिता छप्पर डालकर अपनी गुजर चला रहे हैं। आजादी के 78 साल बाद भी जब किसी प्रधान अथवा शासन प्रशासन की नजर उनकी तरफनहीं पहुंची। ऐसे समय में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने इन्हें मकान देने का फैसला लिया और जिला महासचिव इलियास मंसूरी तथा विधानसभा अध्यक्ष कायमगंज अरविंद यादव के साथ पहुंचकर उनके मकान का भूमि पूजन किया। अजीत यादव ने बताया कि कुछ ही दिनों में



गरीब परिवार के साथ मौजूद सपा नेता

इनके रहने हेतु मकान बनाकर तैयार हो जाएगा। इससे पूर्व भी हमने कई जरूरतमंदों को मकान बनवाकर पीडीए भवन के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथों उनकी चाबियां सौंपाने का काम किया था। इस दौरान सूरज सिंह राठौर, वीरेंद्र सिंह सोमवंशी, अनुराग यादव आदि साथी मौजूद रहे।

# सांसद ने ग्राम कछपुरा से नगला गुलरिया तक डामर सड़क का किया शिलान्यास

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के विकास को गति देते हुए सांसद ने ग्राम कछपुरा से नगला गुलरिया तक बनने वाली 1 किलोमीटर लंबी डामर सड़क का विधिवत शिलान्यास किया। इस बहुप्रतीक्षित सड़क के निर्माण की आधारशिला रखे जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। शुक्रवार को विकासखंड नवाबगंज के ग्राम कछपुरा से नगला गुलरिया तक 1 किलोमीटर डामर सड़क का गला गुलरिया कनासी मार्ग पर सांसद मुकेश राजपूत ने शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे सांसद का स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधान और सैकड़ों ग्रामीणों ने फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर सड़क का शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कछपुरा से नगला गुलरिया तक इस डामर सड़क के बनने से न केवल आवागमन सुलभ होगा, बल्कि किसानों और स्कूली बच्चों को भी बड़ी राहत मिलेगी। बता दें कि इन दोनों गांवों के बीच का मार्ग कच्चा और खस्ताहाल होने के कारण, विशेषकर बारिश के मौसम में, लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीण लंबे समय से इस 1 किलोमीटर के हिस्से के पक्के निर्माण की मांग कर रहे थे। इस



सड़क का शिलान्यास करते सांसद

दौरान मंडल अध्यक्ष कुनेंद्र गंगवार, आदेश राठौर, कमल भारद्वाज, विनीत भारद्वाज, प्रधान महेंद्र राजपूत, आकाश गुप्ता, अजय पाल सिंह शाक्य, मुकेश दुबे, सुरजीत यादव, सुरेंद्र राजपूत, प्रधान विजेंद्र सिंह राजपूत, ललित श्रीवास्तव आदि लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेंट पॉल्स ब्राईटन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फतेहगढ़ में बैंक ऑफ़ बड़ौदा फतेहगढ़ शाखा द्वारा विद्यार्थियों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के उपायों एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में बैंक ऑफ़ बड़ौदा फतेहगढ़ शाखा के शाखा प्रबंधक अमित कुमार सुमन ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए बताया कि आज के डिजिटल युग में जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। उन्होंने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, फर्जी वेबसाइटों, संदिग्ध लिंक, सोशल मीडिया धोखाधड़ी तथा डिजिटल भुगतान के दौरान बरती जाने




बच्चों को जानकारी देते बैंक प्रबंधक

वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि कभी भी अपना ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड, सीवीवी अथवा बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या ई-मेल पर बिना सत्यापन के विश्वास न करें। उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। निदेशक रोज़ीशन विश्वासी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवनोपयोगी कौशलों से भी सशक्त बनाना है। साइबर सुरक्षा आज की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकताओं में से एक है। उन्होंने बैंक ऑफ़ बड़ौदा की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा व्यक्त की। प्रबंधिका रोहतानी विश्वासी ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रारम्भिक अवस्था से ही सुरक्षित डिजिटल व्यवहार की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी, ओटीपी, पासवर्ड अथवा पिन किसी के साथ साझा न करने तथा किसी भी संदिग्ध लिंक या संदेश से सावधान रहने की अपील की।

प्रधानाचार्य डॉ0 अवधेश यादव ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा का ज्ञान प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका बैंक अधिकारियों द्वारा सरल एवं व्यावहारिक उत्तर दिया गया। कार्यक्रम में शिक्षक अखिलेश प्रताप सिंह, वैशाली पीटर तथा स्टाफ मौजूद रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### जमीन अधिग्रहण के विरोध में आज होगा आंदोलन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** औद्योगिक गलियारा योजना में विधि विरुद्ध सिंचित व बहुफसली जमीन अधिग्रहण के विरोध में 18 जुलाई को किसान आंदोलन के प्रदेश अध्यक्ष अजय अनमोल के नेतृत्व में किसान कचहरी में धरना प्रदर्शन कर दोपहर 12 बजे ज्ञापन देंगे। किसान आंदोलन में प्रदेश प्रभारी अशोक कटियार, किसान नेता अरविंद राजपूत, लालू यादव, प्रमोद गंगवार, अभिनंदन गंगवार, राजवीर कठेरिया सहित बडी संख्या में किसान भाग लेंगे। यह जानकारी किसान आंदोलन के मिडिया प्रभारी देवेश चतुर्वेदी ने दी।

### यूपी बैंक एम्प्लाइज यूनियन का कार्यक्रम कल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यूपी बैंक एम्प्लाइज यूनियन जनपद इकाई द्वारा 19 जुलाई को 10:30 बजे क्रांति कार्यालय सहायक महामंत्री राघव गौरी एन्क्लेव द्वारा फतेहगढ़ एक विशेष समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें बैंक राष्ट्रीयकरण के इतिहासिक महत्व सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की राष्ट्र निर्माण में भूमिका, समाजिक बैंक की उपलब्धियों तथा वर्तमान में सार्वजनिक बैंकिंग के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर विचार विमर्श किया जायेगा। बैंक कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त साथी व ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी प्रतिभाग करेंगे। पंजाब नेशनल बैंक स्टाफ एसोसिएशन प्रांतीय सहायक महामंत्री राजीव कुमार ने फर्रुखाबाद इकाई के सदस्यों से अपील की है कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे और बैंकिंग सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए आर्थिक विकास हेतु गति प्रदान करें।

### पौधरोपण व कारगिल दिवस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक लेंगे भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर राकेश सिंह जादौन के संयोजन में राजपूत रेजीमेंट सेंटल द्वारा 20 जुलाई सोमवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन होगा।

24 जुलाई शुक्रवार को आउटरिच कार्यक्रम होंगे। 26 जुलाई रविवार को कारगिल दिवस मनाया जायेगा। जिसमें सेना के अलावा पूर्व सैनिक शामिल होंगे। यह जानकारी पूर्व सैनिक व भाजपा नेता रामवीर सिंह चौहान ने दी है।

# भाकियू महाशक्ति के जिलाध्यक्ष बने मनोज यादव

**महापंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कई पदाधिकारी किये घोषित**

**फर्रुखाबाद/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की महापंचायत रामपुर डफरपुर में आयोजित हुई। संचालन राष्ट्रीय संगठन मंत्री हनुमान दास ने किया। राष्ट्रीय सचिव वेद प्रकाश शुक्ला ने कहा भारत अमेरिका के बीच ट्रेड डील समझौते के विरोध में 21 जुलाई को दिल्ली किसान घाट ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की। संगठन का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा0 धर्मेन्द्र सिंह ने दिनेश चन्द्र यादव को प्रदेश महासचिव बनाया। वहीं मनोज यादव को संगठन का जिलाध्यक्ष घोषित किया। शिवानंद



राष्ट्रीय अध्यक्ष से मनोनयन पत्र प्राप्त करते किसान नेता

मिश्रा को विधि प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाया। अवध किशोर गुप्ता को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। मोहम्मद अमीन को जिला सचिव विधि प्रकोष्ठ, राकेश गुप्ता को जिला महामंत्री विधि प्रकोष्ठ, आनंद यादव को तहसील सचिव विधि प्रकोष्ठ, संदीप बाजपेई जिला उपाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ, अश्वनी लोधी ग्राम अध्यक्ष, कौशलेंद्र प्रताप सिंह जिला सचिव मनोनीत किए गए। वहीं फूल सिंह राजपूत को संरक्षक व महिला मोर्चा ग्राम पंचायत अध्यक्ष किसान मोर्चा सोनम को बनाया गया। इस मौके पर बंटी सिंह लोधी, अभिषेक यादव, योगेश सक्सैना, धर्मवीर सिंह, रोहित शर्मा, अनुज वर्मा, राज यादव, पुष्पेंद्र आदि किसान उपस्थित रहे।

# सत्संग और नाम जप ही भवसागर से पार का मूल मंत्र: स्वामी उपेंद्रानंद

**रामायण-महाभारत के उदाहरण देकर लोगों को किया प्रेरित**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नैमिषारण्य धाम से पधारे जगदाचार्य स्वामी उपेंद्रानंद महाराज ने कहा कि कलियुग में मानव के उद्धार का एकमात्र मार्ग सत्संग और भगवान के नाम का जप है। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रभु की आराधना करके ही इस भवसागर से पार हुआ जा सकता है। शुक्रवार को नगर के सीपी सभागार में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में गुरुदेव का नगरवासियों ने फूलमालाओं और अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया। सत्संग को संबोधित करते हुए महाराज ने कहा कि आज का मनुष्य माया के जाल में फंसकर अपने जीवन के उद्देश्य को भूल गया है। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन को सन्मार्ग पर चलाना होगा। इसके लिए गुरु की शरण और नाम जप जरूरी है। गुरुदेव ने वृंदावन के संत प्रेमानंद महाराज का उदाहरण देते हुए कहा कि नाम जप ही इस कलियुग में मुक्ति का मूल मंत्र है। उन्होंने रामायण और महाभारत के प्रसंग सुनाकर सभी को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल, डॉ0 मिथलेश अग्रवाल,



प्रवचन देते उपेन्द्रानंद महाराज व भक्तगण

लक्ष्मी नरायन अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, रजनी गोयल ने गुरुदेव की आरती उतारी। इस अवसर पर अत्रिशूल्य महाराज, स्वामी नारायणानंद महाराज, गोस्वामी महाराज, प्रहलाद नरायन अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, संजय बंसल, बबलू अग्रवाल, संजय गुप्ता, उमेश गुप्ता, विनोद गंगवार, लखपति सक्सेना, देवेन्द्र दुबे, महेंद्र राजपूत, मनोज गंगवार, प्रधानाचार्य योगेश चंद्र तिवारी, आरके बाजपेई, नवाब सिंह वर्मा, अशोक वर्मा, डॉ0 मनोज तिवारी, सत्यनारायण अग्रवाल सहित लायंस क्लब के पदाधिकारी और नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

## श्याम सुंदर लल्ला ने सदर विधायक से मिलकर जाना उनका हाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी पिछले एक सप्ताह से अपने आवास पर रहकर जनपद के लोगों से मिल रहे है। पिछले सप्ताह उन्होंने घुटने की समस्या को लेकर आपरेशन करवाया था। डाक्टरों के



सदर विधायक को गुलदस्ता भेंट करते श्याम सुंदर लल्ला

चिकित्सीय परामर्श पर वह आराम कर रहे है। पूर्व सभासद श्याम सुंदर लल्ला वर्मा व उनके पुत्र शिवम वर्मा ने उनके निवास लखनऊ पहुंचकर सदर विधायक से औपचारिक मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने गुलदस्ता भेंटकर उनके स्वस्थ होने की कामना की। मुलाकात के दौरान उन्होंने राजनैतिक चर्चा की। सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने बताया कि घुटने के दर्द से सुधार हुआ है। शीघ्र जनपद पहुंचकर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता तथा क्षेत्र की जनता से मिलूंगा। उन्होंने बताया कि शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर मैं चिंतित हूं। स्वास्थ में सुधार है, मैं शीघ्र जनपद में आकर विकास की योजनाओं को गति दूंगा।

# एनडीआरएफ टीम ने छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।**

गंगापार क्षेत्र में संभावित बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदाओं को देखते हुए शुक्रवार को महात्मा गांधी इंटर कॉलेज राजेपुर में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम ने छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। गाजियाबाद से पहुंची टीम ने विद्यार्थियों को बाढ़, भूकंप और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सुरक्षित रहने के उपाय बताते हुए जागरूक किया।

एनडीआरएफ के सहायक उपनिरीक्षक रमाकांत यादव ने कहा कि आपदा के समय घबराने के बजाय धैर्य और समझदारी से काम लेना सबसे जरूरी होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि बाढ़ आने पर तुरंत किसी सुरक्षित और ऊंचे स्थान पर चले जाएं, घर की बिजली आपूर्ति बंद कर दें तथा जरूरी सामान को सुरक्षित स्थान पर रखें। यदि कोई व्यक्ति पानी में फंस जाए तो प्लास्टिक की खाली बोतल, लकड़ी के लट्ठे या अन्य तैरने वाले साधनों का सहारा लेकर अपनी जान बचा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान एनडीआरएफ टीम ने लाइफ जैकेट पहनने का लाइव प्रदर्शन कर उसके सही उपयोग की जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार, आपदा के दौरान सतर्क रहने और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने के बारे में भी विस्तार से बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद दूषित पानी और संक्रमण से



प्रशिक्षण देती एनडीआरएफ टीम

बचाव के लिए गर्म पानी का सेवन करें तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। रमाकांत यादव ने छात्र-छात्राओं से अपने मोबाइल फोन में सचेत ऐप डाउनलोड करने की अपील की। उन्होंने बताया कि इस ऐप के माध्यम से मौसम, भारी वर्षा, तेज हवा, बाढ़ और अन्य संभावित आपदाओं की समय रहते जानकारी मिल जाती है, जिससे लोग पहले से सुरक्षित स्थान पर पहुंचकर किसी भी बड़े नुकसान से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि गंगापार क्षेत्र हर वर्ष बाढ़ की चपेट में आने की आशंका रहती है। ऐसे में लोगों, विशेषकर विद्यार्थियों को पहले से प्रशिक्षित और जागरूक करना आवश्यक है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में वे स्वयं सुरक्षित रह सकें और दूसरों की भी मदद कर सकें। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने आपदा प्रबंधन से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका एनडीआरएफ टीम ने विस्तार से उत्तर दिया। प्रशिक्षण के अंत में विद्यार्थियों को आपदा के समय अफवाहों से बचने, प्रशासन के निर्देशों का पालन करने तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता करने का संदेश दिया गया। विद्यालय परिवार ने एनडीआरएफ टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी और जीवन रक्षक साबित होते हैं।

# साध चैरिटेबल क्लिनिक में कल लगेगा नि:शुल्क नेत्र शिविर



वार्ता में जानकारी देते राकेश साध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

साध समाज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित साध चैरिटेबल क्लिनिक का उद्घाटन समारोह (पहला सुख-निरोगी काया) के अंतर्गत 19 जुलाई रविवार को आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को क्लिनिक परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में डॉ0 रजनी सरीन के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें नमन किया गया। ट्रस्टी राकेश साध ने कहा कि डॉ. रजनी सरीन समाज सेवा में सदैव अग्रणी रहीं। उनके आदर्शों पर चलते हुए ट्रस्ट मानव सेवा के कार्य करता रहेगा। राकेश साध ने कहा कि क्लिनिक में नि:शुल्क नेत्र शिविर भी लगाया जाएगा। शिविर साध चैरिटेबल क्लिनिक, 2/91, साईनाथ हरिश्चन्द्र राय, खटकरपुरा गली के सामने में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। ट्रस्टी राकेश साध ने बताया कि लगने वाले नि:शुल्क आई कैंप में मरीजों की आंखों का चेकअप एवं फ्री चश्मा वितरण भी किया जाएगा। साथ ही आंखों के परीक्षण के बाद चयनित मरीजों के मोतियाबिंद का नि:शुल्क ऑपरेशन भी कराया जाएगा। डॉ. प्रदीप कुमार टोप्पो, डॉ. मनीष त्रिपाठी मरीजों का परीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि मरीज अपना आधार कार्ड की फोटो कॉपी जरूर साथ लेकर आएं। क्लिनिक में जल्द ही ओपीडी, अनुभवी डॉक्टर द्वारा एक्सरे, लैब टेस्टिंग, अल्ट्रासाउंड और डायालिस की सुविधा भी शुरू होगी। इस मौके पर चमकेश साध, राजीव साध, दिनेश साध, मनोज साध, प्रवेंद्र साध, विजित साध, नरेश साध, उदयपाल, अमर साध, रोहित गर्ग आदि मौजूद रहे।

# महिला आरक्षी कीर्ति राजपूत व कां0 सचिन गौतम बने उपनिरीक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना कादरी गेट में तैनात महिला आरक्षी कीर्ति राजपूत एवं थाना कायमगंज में तैनात कांस्टेबिल सचिन गौतम का चयन उपनिरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) पद पर होने से पुलिस विभाग, उनके परिवारजनों तथा क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि ने न केवल पुलिस परिवार बल्कि पूरे जनपद का गौरव बढ़ाया है।

कीर्ति राजपूत ने वर्ष 2018 बैच तथा सचिन गौतम ने वर्ष 2025 में कांस्टेबिल के रूप में पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं प्रारंभ की थीं। अपनी मेहनत, लगन, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर दोनों ने यह



प्रशस्ति पत्र दिखाते चयनित पुलिस कर्मी मौजूद एसपी

उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। कांस्टेबिल से उपनिरीक्षक बनने तक का उनका सफर संघर्ष, समर्पण और दृढ़ संकल्प की प्रेरणादायक मिसाल है।उनकी सफलता से परिवारजन, सहकर्मी एवं शुभचिंतक स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। कीर्ति राजपूत और सचिन गौतम की यह उपलब्धि उन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जो कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास के माध्यम से अपने सपनों को साकार करना चाहते हैं। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि मजबूत इच्छाशक्ति और अथक मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने उपनिरीक्षक पद पर चयनित 20 महिला एवं पुरुष आरक्षियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा मिठाई खिलाकर उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने सभी चयनित अधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान चयनित पुलिसकर्मियों को सम्मानित किए जाने पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबरें एक नजर में

### 20 लीटर कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार, आबकारी अधिनियम में केस दर्ज

**ओयल (लखीमपुर खीरी)।** थाना खीरी पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार, एसपी के निर्देश पर अपराध नियंत्रण और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना खीरी पुलिस ने ग्राम बनिका के पास छापेमारी कर श्यामू (30) पुत्र मूलचंद पासी, निवासी ग्राम बनिका, थाना व जिला खीरी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।

### गोवध के दो वांछित आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

**पुलिस पर फायरिंग का आरोप, तमंचा, हत्या में प्रयुक्त चाकू-कुल्हाड़ी और बाइक बरामद**



**लखीमपुर खीरी (मोहम्मदी)।** मोहम्मदी पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम के एक मामले में वांछित दो आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक घेराबंदी के दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में मुख्य आरोपी अब्दुल माबूद के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। दूसरे आरोपी मोहम्मद रिजवान को भी मौके से दबोच लिया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अब्दुल माबूद निवासी रसूलपुर और मोहम्मद रिजवान निवासी जैती के रूप में हुई है। दोनों 11 जुलाई को दर्ज गोवध निवारण अधिनियम के मुकदमे में वांछित चल रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध .315 बोर तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त तीन चाकू, एक कुल्हाड़ी, एक लकड़ी का ठीहा तथा एक हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद करने का दावा किया है।पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसके बाद आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की गई। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में एक और मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी अब्दुल माबूद के खिलाफ पहले से गोवध निवारण अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट समेत कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### झोलाछाप डॉक्टर पर स्वास्थ्य विभाग की सख्ती, क्लीनिक सील

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रतेह चौराहा, देवरी उत्तर गांव स्थित एक झोलाछाप डॉक्टर का क्लीनिक सील कर दिया। कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अन्य झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया और कई ने अपनी दुकानें बंद कर दीं बबुरा कलां गांव निवासी दिनेश सिंह ने शिकायत की थी कि झोलाछाप के इलाज से उनकी बेटी की तबीयत बिगड़ गई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ डॉ. केके मिश्र ने जांच के निर्देश दिए। सीएमओ के निर्देश पर एसीएमओ डॉ. अवधेश कुमार सिंह, डॉ. आरएन सिंह व डॉ. विनीत की टीम रतेह गांव पहुंची। जांच में झोलाछाप एवी यादव के पास रजिस्ट्रेशन संबंधी कोई वैध कागजात नहीं मिले। टीम ने मौके पर ही नोटिस जारी कर क्लीनिक को सील कर दिया। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई की सूचना मिलते ही क्षेत्र के अन्य झोलाछाप डॉक्टर अपनी-अपनी दुकान व क्लीनिक बंद कर भाग खड़े हुए। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में चल रहे अवैध क्लीनिकों और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफलगातार अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों की जान से खिलवाड़ न हो।कार्रवाई करने वाली टीम में एसीएमओ डॉ. अवधेश कुमार सिंह, डॉ. आरएन सिंह, डॉ. विनीत शामिल रहे।

### धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ जी की शोभायात्रा



**चुनार (मिर्जापुर)।** रथ यात्रा के अवसर पर गुरुवार को नगर में भगवान जगन्नाथ जी की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। यात्रा गंगेश्वर नाथ स्थित श्रीराघव जी मंदिर से निकलकर सर्राफा बाजार, चौक, गोला बाजार,रस्तोगी तिराहा होते हुए पुनः श्रीराघव जी मंदिर पर समाप्त हुई। इसके पूर्व राघव जी मंदिर के अर्चक श्रवण कुमार अवस्थी ने श्रद्धालुओं के साथ भगवान जगन्नाथ जी विधि विधान से आरती पूजन किया गया और प्रसाद वितरण किया गया। जगन्नाथ जी के जयकारे से वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में बचाऊ लाल सेठ,राजू सेठ, प्रदीप रस्तोगी, मुरारी लाल सेठ, अंशु सेठ ,नीरज सेठ, विजय बहादुर सिंह, अंशु अग्रवाल, धीरज सेठ, राजेश जायसवाल, कमल सेठ, दिनेश सेठ, चंदन सेठ, सत्येन्द्र दुबे, अमित सोनी, सुमित सेठ, राजेश साहू, शिवकुमार सेठ, जगदीश सेठ, पवन गुप्ता, गौतम जायसवाल, जवाहिर सेठ, नीलू सेठ सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। सुरक्षा की दृष्टिगत पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही।

### निरनाम पूर्वी में हुआ पौधरोपण



**महराजगंज।** सरकार के मंशा के अनुरूप ग्राम सभा निरनाम पूर्वी में भावी ग्राम प्रधान प्रत्याशी अजहर अली के नेतृत्व में धरती पर हरित क्रांति लाने के उद्देश्य से लेकर एक वृक्ष मां के नाम पर पौधरोपण किया गया। ग्राम सभा निरनाम पूर्वी केभावी ग्राम प्रधान प्रत्याशी अजहर अली ने बताया कि पर्यावरण को हरा-भरा और समृद्ध बनाने की दिशा में उठाया यह कदम पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक होगा। अंत में उन्होंने कहा कि एक वृक्ष, सौ पुत्र के समान है। इसी जूनन को लेकर यह पुनीत कार्य लोगों के साथ किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि निरन्तर निरनाम पूर्वी के विकास के लिए प्रयास करता रहूंगा । इसी क्रम में प्रधानाचार्य प्रतिभा त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने को लेकर हम सबकी जिम्मेदारी बनती है। इस दौरान मुख्य रूप से जावेद अख्तर ,नवीन सोनकर, पन्नेलाल, रामकृपाल चौधरी, सुरेश,व अमित सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### 22 के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सफल बनाने में जुटी भाजपा



**महराजगंज।** भारतीय जनता पार्टी ने 22 जुलाई को प्रस्तावित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सफल बनाने के लिए संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को जिला पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजय पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी राम जियावन मौर्य ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहां प्रत्येक कार्यक्रम की नियमित समीक्षा राष्ट्रीय स्तर तक की जाती है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के बूथ अध्यक्षों की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक बूथ अध्यक्ष का डिजिटल माध्यम से पंजीकरण होगा और उनकी संगठनात्मक सक्रियता का रिकॉर्ड पार्टी के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रखा जाएगा। सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत संगठन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सम्मेलन की तैयारियों में पूरी सक्रियता के साथ जुटने का आह्वान किया। पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने कहा कि चुनावी सफलता का आधार मजबूत बूथ संगठन होता है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ निर्वहन करे। जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने सभी मंडल अध्यक्षों और पदाधिकारियों को समयबद्ध ढंग से तैयारियां पूरी करने, प्रत्येक बूथ अध्यक्ष से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित करने तथा सम्मेलन में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला उपाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, शैलेश पांडेय, अशोक तिवारी, संतोष सिंह, गौतम चौधरी, अजय श्रीवास्तव, फरीदा ईरम, जिला महामंत्री बबलू यादव, मधुर सिंह, जिलामंत्री बैजनाथ पटेल, विष्णुदेव चौरसिया, सरोज पांडेय, दिनेश जायसवाल, विधानसभा संयोजक संजीव शुक्ला, गुलाब चौरसिया, बाबू नंदन शर्मा, मदन राजभर, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री कुर्सेड अंसारी, डीसीएफ चेयरमैन अंगद गुप्ता, लालचंद्र चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

**सावन मेले की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा**

# भ्रामक प्रचार रोकने व हर बैरियर पर पुलिस तैनात होः डीएम

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

गोला गोकर्णनाथ में एक माह तक चलने वाले सावन मेले की तैयारियों को लेकर नगर पालिका परिषद परिसर में जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मेले को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों से सुझाव लिए गए। डीएम ने सभी विभागों को माइक्रो प्लानिंग के साथ तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए, जबकि एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार पर रोक और प्रत्येक बैरियर पर स्थानीय पुलिस की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। गोला नगर पालिका परिषद परिसर में शुक्रवार को जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी सावन मेले की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेले को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सफल बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और शहर के गणमान्य नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए गए।

बैठक में सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री संदीप अवस्थी ने कहा कि मेले के दौरान न्यायालय का नियमित संचालन होता है, इसलिए अधिवक्ताओं के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता अविनाश गुप्ता ने जल जीवन मिशन के तहत खुदी सड़कों का शीघ्र निर्माण कराने की मांग उठाई। मां अन्नपूर्णा रसोई के संचालक गौरव ज्ञान त्रिपाठी ने रविवार और सोमवार को छोड़कर अन्य दिनों में बैरिकेडिंग खोलने का सुझाव दिया।


सीजीएन पीजी कॉलेज के प्राचार्य




डॉ. पंकज सिंह ने कॉलेज परिसर में प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता और शौचालयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामकुमार गौतम ने ई-रिक्शा संचालन को व्यवस्थित करने का सुझाव दिया। गुरुद्वारा प्रबंधक सुखविंदर सिंह %टोनी% ने सभी से धैर्य बनाए रखते हुए शिवभक्तों की सेवा में सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक में गौसेवक विनीत भदौरिया, पूर्व सभासद श्रीकांत तिवारी, सभासद आनंद सोनी और भाजपा के पूर्व महामंत्री अनुराग गुप्ता ने भी अपने सुझाव रखे। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि शिवभक्तों की सेवा के लिए छोटी काशी गोला पूरी तरह तैयार है। उन्होंने नगरवासियों से अपनी क्षमता के अनुसार सेवा कार्यों में सहयोग करने की अपील की। शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष जनार्दन गिरि ने बताया कि मंदिर खुलने का समय प्रशासन से वार्ता के बाद तय किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने गर्भगृह के लाइव प्रसारण, मंदिर परिसर एवं प्रमुख मार्गों की स्वच्छता, सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई, पीडब्ल्यूडी से सड़क मरम्मत, ट्रांसफॉर्मरों के चारों ओर सुरक्षा जाली लगाने, ढीले विद्युत तारों को ठीक कराने, बिजली के पोलों पर सुरक्षा कवर लगाने तथा खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने कांवड़ मार्गों की नियमित सफाई, भंडारों को सड़क से दूर लगाने, खाद्य सामग्री के मूल्य निर्धारित कराने, स्वयंसेवकों के पहचान पत्र जारी करने, सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार पर रोक लगाने तथा प्रत्येक बैरियर पर स्थानीय पुलिस की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि सभी विभाग माइक्रो प्लानिंग के साथ अपनी तैयारियां समय से पूरी करें। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के साथ शिवभक्तों की सहायता करना भी प्रशासन का नैतिक दायित्व है और स्वच्छता, सुरक्षा व सुगमता के साथ सफल सावन मेला संपन्न कराना ही प्रशासन का लक्ष्य है। बैठक में द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, अरुण अवस्थी, अनुज खरे, विनोद स्वर्णकार, अशोक सक्सेना, रेखा मिश्रा, राजेश राठौर, धीरज बाजपेई, राम नरेश वर्मा, सभासद साहिद, एस.पी. चौहान, सुरेश जायसवाल, हरिओम वर्मा, रामचंद्र राठौर, शत्रोहन मिश्रा, धर्मेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## समय से पहले बंद मिला उच्च प्राथमिक विद्यालय..., बीईओ बोले- होगी जांच, जारी होगा नोटिस

**बिजुआ खीरी।** विकासखंड बिजुआ के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा मलूकापुर में शुक्रवार को विद्यालय निर्धारित समय से पहले बंद मिलने का मामला सामने आया। विद्यालय के मुख्य गेट पर करीब 11 बजे ताला लटका मिला, जबकि शासनादेश के अनुसार विद्यालय बंद होने का समय 12ः30 बजे निर्धारित है। मामले की जानकारी मिलने पर खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) नागेंद्र चौधरी ने जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही है। मौके पर विद्यालय परिसर में कोई शिक्षक, शिक्षामित्र, रसोइया अथवा अन्य कर्मचारी मौजूद नहीं मिला। विद्यालय समय से पहले बंद मिलने पर स्थानीय लोगों ने भी नाराजगी जताई। इस संबंध में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. मृदुला शुक्ला से संपर्क किया गया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में वह अकेली शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं तथा यहां 89 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के पंजीकरण सहित अन्य विभागीय कार्यों के लिए उन्हें अक्सर बीआरसी बिजुआ जाना पड़ता है। इसके अलावा मध्याह्न भोजन (एमडीएम) के लिए गैस



सिलेंडर एवं अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था भी उन्हें स्वयं करनी पड़ती है। प्रधानाध्यापिका के अनुसार, शुक्रवार को भी विभागीय कार्य से बीआरसी जाना आवश्यक था, जिसके चलते विद्यालय निर्धारित समय से पहले बंद करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यदि विद्यालय में अतिरिक्त शिक्षक या अन्य स्टाफ की तैनाती कर दी जाए तो ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न नहीं होगी। उधर, खंड शिक्षा अधिकारी नागेंद्र चौधरी ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि विद्यालय समय से पहले बंद किए जाने के संबंध में संबंधित शिक्षिका को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सबसे कम बोली के बावजूद टेंडर नहीं दिया, चहेते ठेकेदारों को बांटा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

> ▸ निघासन नगर पंचायत पर आरोप, डीएम ने गठित की जांच टीम

निघासन नगर पंचायत में टेंडर प्रक्रिया में धांधली, सबसे कम (बिलो) बोली लगाने वाले ठेकेदार को अपात्र घोषित करने और कथित रूप से चहेते ठेकेदारों को कार्य आवंटित करने के आरोपों की जांच होगी। मेसर्स पूजा कॉन्ट्रैक्टर की शिकायत पर जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला स्तरीय जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं। शिकायत में आरोप है कि इससे सरकारी राजस्व को भी नुकसान पहुंचा है। शिकायतकर्ता पूजा गुप्ता, संचालक मेसर्स पूजा कॉन्ट्रैक्टर, ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि नगर पंचायत निघासन द्वारा 8 और 11 मई 2026 को विभिन्न विकास कार्यों के लिए ऑनलाइन टेंडर आमंत्रित किए गए थे। आरोप है कि 6 जून 2026 को टेंडर खोले जाने के बाद सबसे कम दर (लोवेस्ट/बिलो) देने के बावजूद उनकी फर्म को अपात्र घोषित कर दिया गया और नियमों के विपरीत कथित रूप से पसंदीदा ठेकेदारों को कार्य आवंटित कर दिए गए।

शिकायत के अनुसार, सबसे पहले अपर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया गया, जहां से मामला एसडीएम निघासन को जांच के लिए भेजा गया। 24 जून को दोनों पक्षों की सुनवाई हुई, लेकिन शिकायतकर्ता के अनुसार कोई निर्णय नहीं निकला। इसके बाद 24 जून और 6 जुलाई को भी दोबारा शिकायत देकर टेंडर निरस्त कर पुनः प्रक्रिया कराने तथा संबंधित अधिशासी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि उन्होंने करीब 15 टेंडरों में प्रतिस्पर्धी दरें प्रस्तुत की थीं और पूर्व में भी इसी प्रकार के कार्य 3.25 प्रतिशत बिलो पर कर चुकी हैं। इसके बावजूद उन्हें अपात्र घोषित कर कार्य अन्य ठेकेदारों को दे दिए गए। साथ ही कई कार्यों पर अमल भी शुरू करा दिया गया।

शिकायत में जांच पूरी होने तक संबंधित कार्यों का भुगतान रोकने की भी मांग की गई है। उधर, जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने मामले में जिला स्तरीय जांच टीम गठित कर रिपोर्ट तलब की है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मां के दशवें का सामान लेकर लौट रहे युवक की मौत, केजीएमयू में इलाज के दौरान तोड़ा दम

**बिजुआ खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम बस्तौली निवासी एक युवक की सड़क हादसे में घायल होने के बाद लखनऊ के केजीएमयू में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक अपनी दिवंगत मां के दशवें संस्कार का सामान खरीदकर घर लौट रहा था, तभी रास्ते में हादसे का शिकार हो गया। घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। कुछ ही दिनों के भीतर पहले मां और अब बेटे की मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है। बस्तौली निवासी पवन की माता का 6 जुलाई को बीमारी के चलते निधन हो गया था। परिवार दशवें संस्कार की तैयारियों में जुटा था। इसी क्रम में 13 जुलाई को पवन पड़रिया बाजार से आवश्यक सामान खरीदकर बाइक से घर लौट रहे थे। बस्तौली और गुलरिया के बीच उनकी बाइक



दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए लखनऊ स्थित केजीएमयू रेफर कर दिया, जहां कई दिनों तक उनका उपचार चला। परिजनों को उनके स्वस्थ होने की उम्मीद थी, लेकिन उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पवन के निधन की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि कुछ ही दिनों के भीतर एक ही परिवार ने मां और बेटे को खो दिया, जिससे परिजन गहरे सदमे में हैं। दिवंगत पवन अपने पीछे पत्नी दीपाली, पांच वर्षीय पुत्री दिया, पिता सुरेश चंद तथा भाई राम स्नेही, संजू और संतोष को छोड़ गए हैं। घर में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार और शुभचिंतक उनके आवास पहुंचे तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। ग्रामीणों ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### नवागत उप जिलाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक का सती शंकर यादव ने किया स्वागत



**चुनार (मिर्जापुर)।** तहसील के नवागत उप जिलाधिकारी अनेग सिंह एवं पुलिस उपाधीक्षक गायत्री यादव 2023 बैच की पुलिस उपाधीक्षक गायत्री यादव चुनार सर्किल की जिम्मेदारी संभालने पर आज 17 जुलाई 2026 को क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया साथ ही यादव द्वारा दोनों नवागत अधिकारियों से देश हित में इलाज पर चल रहे क्षेत्र के टीवी मरीजों के सहयोग का प्रस्ताव रखते हुए उक्त मानवी कार्य हेतु उनकी सहमति प्राप्त की।

## नाराज महिला सभासद ने ईओ को सौंपा इस्तीफा

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**




निचलौल नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो बरगदवा की महिला सभासद ने शुक्रवार को ईओ को अपना इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने बोर्ड बैठक न बुलाए जाने को लेकर नाराजगी जताई है। सभासद प्रीति यादव का कहना है कि अध्यक्ष और उनके लोगों द्वारा मनमानी की जा रही है। नगर पंचायत में कई महीने से न तो बोर्ड की बैठक बुलाई जा रही है और न ही उनके प्रस्ताव के अनुरूप उनके वार्ड में कार्य कराया जा रहा है। इससे आहत होकर उन्होंने इस्तीफा दिया है। उन्होंने वार्ड में हुए कार्यों की स्थलीय जांच कराने की भी मांग की है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील मद्धेशिया ने बताया कि सभासद प्रतिनिधि द्वारा व्यक्तिगत कार्य के लिए दबाव बनाया जा रहा था। आरोप बेबुनियाद है।

### हलिया-लालगंज मार्ग पर बाइक की टक्कर से चार घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया-लालगंज मार्ग बरी गांव में गुरुवार शाम धान की रोपाई करने जा रहे तीन मजदूरों को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार समेत चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार लालगंज थाना क्षेत्र के महुलार गांव निवासी आरती (35), सोनबरसा निवासी शर्मिला (18) और खरीहट गांव निवासी अमरनाथ (26) बरी गांव में धान की रोपाई करने के लिए आए थे। तीनों पैदल सड़क से खेत की ओर जा रहे थे।इसी दौरान भटवारी गांव निवासी नरेंद्र देव (30) की बाइक अनियंत्रित होकर तीनों मजदूरों से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार नरेंद्र देव समेत चारों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर जुटे राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी।

## कोटारनाथ धाम की महिमा जन-जन तक पहुंचाएगी 'कोटारनाथ चालीसा', विद्वान साहित्यकार विद्याधर मिश्र ने की अनूठी रचना

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**

हलिया थाना क्षेत्र के कोटार गांव निवासी, बापू उपरौध इंटर कालेज के अवकाश प्राप्त प्रवक्ता, प्रतिष्ठित समाजसेवी, विद्वान एवं साहित्यकार पंडित विद्याधर मिश्र द्वारा रचित कोटारनाथ चालीसा के प्रकाशन से क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का वातावरण है। श्रद्धालुओं का मानना है कि यह चालीसा सदियों से लाखों भक्तों की आस्था के केंद्र रहे कोटारनाथ धाम की महिमा को देश-प्रदेश तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगी। अदवा नदी के मध्य विहंगम दृश्य में स्थित कोटारनाथ धाम प्राचीन काल से भगवान भोलेनाथ की अनन्य कृपा का केंद्र माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से भगवान शिव की आराधना करता है, उसकी मनोकामनाएं भोलेनाथ की कृपा से पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। पंडित

> ▸ सांववरिया सेवा ट्रस्ट के सहयोग से प्रकाशित चालीसा, सदियों पुरानी शिवधाम की आस्था और महिमा का होगा व्यापक प्रचार-प्रसार



विद्याधर मिश्र ने बताया कि कोटारनाथ चालीसा की रचना का मुख्य उद्देश्य भगवान कोटारनाथ महादेव की महिमा का व्यापक प्रचार-प्रसार करना तथा नई पीढ़ी को इस प्राचीन शिवधाम के धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व से परिचित कराना है। चालीसा की प्रतियां क्षेत्र के मंदिरों, धार्मिक आयोजनों एवं शिवभक्तों के बीच वितरित की जा रही हैं, जिससे अधिकाधिक श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की महिमा का स्मरण कर सकें। उन्होंने बताया कि चालीसा के प्रकाशन में सांववरिया सेवा ट्रस्ट का सराहनीय सहयोग रहा है। ट्रस्ट के सहयोग से प्रकाशित इस धार्मिक कृति को श्रद्धालुओं का भरपूर स्नेह मिल रहा है और इससे कोटारनाथ धाम के प्रति लोगों की आस्था और अधिक प्रगाढ़ हो रही है। कोटारनाथ धाम की विशेषता यह है कि यहां किसी प्रतिष्ठापित मूर्ति की स्थापना नहीं की गई है, बल्कि स्वयंभू रूप में प्रकट शिवलिंग ही श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। सदियों से यह पवित्र शिवलिंग लोगों के विश्वास का आधार बना हुआ है। पूरे सावन भर कांवड़ियों का तांता लगा रहता है। मीरजापुर ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों एवं अन्य प्रदेशों से भी श्रद्धालु यहां आकर पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना करते हैं। कोटारनाथ चालीसा का प्रकाशन इस प्राचीन शिवधाम की आध्यात्मिक परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### 1.998 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार



**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन, में अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी फरेन्दा दीपशिखा वर्मा के दिशा-निर्देशन में जनपद में अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज फरेन्दा पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि थानाध्यक्ष फरेन्दा राघवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर आज शुक्रवार को अम्बेडकर तिराहे से महराजगंज की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित एक चाय की दुकान के पास से 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जांच पड़ताल के दौरान उनके कब्जे से 1.998 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर फरेन्दा थाने में मु.अ.सं. 191/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तो में.रामवृक्ष गुप्ता पुत्र स्व. भोला गुप्ता निवासी वार्ड नं. 17, लाजपत नगर फरेन्दा, उम्र 67 वर्ष। संजय गुप्ता पुत्र रामवृक्ष गुप्ता निवासी वार्ड नं. 17, लाजपत नगर, फरेन्दा, उम्र 35 वर्ष तथा विरेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र रामवृक्ष गुप्ता, निवासी वार्ड नं. 17, लाजपत नगर, थाना फरेन्दा, उम्र 30 वर्ष शामिल है। गिरफ्तारी के दौरान थानाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह, उ.नि. सौरभ पटेल कां. आज्ञाराम यादव, कां. अनिल यादव, कां. विनय मौर्य व म.कां. सीमा कुमारी रहे।

## मां की ममता अंततः नवजात शिशु को खींच ही लायी

> ▸ उच्चाधिकारियों के इशारे पर गायब नवजात बच्ची को पुलिस ने महज सात घंटे में किया बरामद
> ▸ आर्थिक तंगी से जूझ रही मां ने नवजात शिशु से रिश्ता तोड़ने की नियत बना ली थी लेकिन

**विशुनदेव त्रिपाठी**

**महराजगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी 6फरेंदा8 में नवजात बच्ची के लापता होने के मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकामी पुलिस महज़ सात घंटे में बरामद कर मां को सौंप दिया। जो क्षेत्र है चर्चा का विषय बना हुआ है।बताया जाता हैं कि फरेंदा क्षेत्र के ग्राम अगया निवासी उषा, पत्नी स्वर्गीय दुर्गेश, अपने मायके ग्राम शिकारपुर बान्हा से अपनी मां के साथ प्रसव के लिए सीएचसी फरेंदा पहुंची थीं। 13 जुलाई को चिकित्सकों ने ऑपरेशन के जरिए प्रसव कराया।

किसी गाने की एक लाइन है कि देने वाले किसी को गरीबीं न दे... इसी गाने को चरितार्थ करती हुई आर्थिक तंगी से जूझ रही मां ने नवजात शिशु से रिश्ता तोड़ने का मन बना लिया था।प्रसव के कुछ समय पश्चात ही नवजात शिशु को किसी दूसरे के हाथ चंद रुपए के लालच में



सौंप दिया था। लेकिन नवजात शिशु को मां से बिछड़ने की घटना ऊपर वाले को मंजूर नहीं था कि आग की तरह अस्पताल से नवाजात शिशु के गायब होने की खबर प्रसारित हो गई।जिसको लेकर अस्पताल प्रशासन सकते में आ गया और बच्चों के सुरक्षा पर सवाल खड़े होने लगे। जिसको गंभीरता से लेते हुए अस्पताल प्रशासन अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। वहीं आनन फानन में फरेंदा थाने की पुलिस अपने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर मामले को गंभीरता से लेते हुए सक्रिय हो गई,महज़ सात घंटे में ही नवजात शिशु की किलकारी मां को सुनाई देने लगी जिससे पुलिस की सराहना हो रही है। इसके पूर्व परिजनों पर आरोप रहा कि आर्थिक तंगी से जूझ रहा परिवार चंद रुपए के लालच में आकर जन्म के कुछ समय बाद ही नवजात शिशु को अस्पताल से ही किसी गैर के हाथों में सौंप दिया गया है । लेकिन नियत को यह बात हजम नहीं हुई परिजनों के मंसूबे पर पानी फिर गया यही नहीं परिजनों का आरोप भी निराधार हो गया, साथ ही साथ अस्पताल प्रशासन भी बेदाग साबित हो गया। रामायण की एक चौपाई है है- जापर कृपा राम की हुई...। आज उक्त चौपाई को फरेंदा पुलिस ने नवजात शिशु को आनन फानन में ढूंढ कर चरितार्थ कर दिया। जिससे फरेंदा पुलिस अपनी मेहनत के बदौलत अपने उच्चाधिकारियों व अस्पताल प्रशासन की ओर से खूब वाह -वाही बटोर रही है।